
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-309 | सोमवार, 09 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


आधुनिक भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए कुछ लोगों को अपने ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता है। विकसित भारत अब सपना नहीं है। विकसित भारत हमारे सामने का लक्ष्य है। जगदीप धनखड़

जयशंकर ने दोहा में, कतर और साइप्रस के विदेश मंत्री के साथ की वार्ता 11
सद्विचार से राष्ट्र का जागरण संभव : चंपत राय 12

## संक्षेप

### यूपी की दूध के उत्पादन में बादशाहत बरकरार

लखनऊ। बेसिक एनिमल हसबेंडरी स्टैटिक्स 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार देश में दूध का कुल उत्पादन 239.30 मिलियन टन है। इसमें उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक करीब 16 फीसद है। इसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब है। इस तरह दूध के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की बादशाहत बरकरार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और अपने पहले कार्यकाल से ही पशुपालकों के हित में उठाए गए कदम हैं। सरकार प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको नंद बाबा और गोकुल पुरस्कार से सम्मानित करती है। दूध का उत्पादन और प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता बढ़ने से लोगों की सेहत सुधरेगी। यह लगातार बढ़ भी रही है। 2021 में प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता 321 ग्राम थी। 2024 में यह बढ़कर 471 ग्राम हो गई। दूध के उत्पादन की सालाना वृद्धि दर 3.78% है। स्वाभाविक है कि इसमें सर्वाधिक उत्पादन के नाते उत्तर प्रदेश का योगदान भी सर्वाधिक है।

### कई बंदरों के शव मिलने से मचा हडकंप

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इटहा में आज सुबह एक बाग में कई बंदरों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही हिन्दू संगठन से जुड़े लोग भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तुरंत नानपारा कोतवाली और वन विभाग को घटना की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय पशु चिकित्सक को भी बुलाया गया। नानपारा कोतवाल ने बताया कि बाग में कुछ बंदरों के शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर दो ही बंदर मृत अवस्था में पाए गए। पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण करने के बाद दोनों बंदरों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस घटना ने ग्रामीणों में चिंता बढ़ा दी है और वे जानवरों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन अब मामले की गहराई से जांच करने की तैयारी कर रहा है।

### निकायों को स्टांप शुल्क का 359 करोड़ रुपये आवंटित

लखनऊ। निकायों को शहरी विकास कराने के लिए स्टांप शुल्क का दो फीसदी 359 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने कहा है कि निकायों को यह पैसा चार किस्तों में दिया जाएगा। इसलिए उनको अब तक मिले पैसों के खर्च का हिसाब देने को कहा गया है, जिससे निकायों को बचा हुआ पैसा और भी दिया जा सके। निकायों को मिलने वाले इस पैसे से शहरी विकास का काम कराया जाता है।

# पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राज्य सरकार ने कृषि और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश में पिछले सात वर्षों में लगातार पराली जलाने की घटनाओं में तेजी से गिरावट हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां पराली जलाने के 8,784 मामले दर्ज किये गये थे, वहीं वर्ष 2023 में 3,996 ही मामले सामने आए हैं। अगर पिछले सात वर्षों में नजर डालें तो पराली जलाने के 4,788 मामलों में कमी दर्ज की गई है।

योगी सरकार की नीतियों के जरिये प्रदेश के अन्नदाता पराली को जलाने की जगह उससे अपनी आय बढ़ा रहे हैं। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पराली प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में हर वर्ष लगभग 2.096 करोड़ मीट्रिक टन पराली का उत्पादन होता है। इसमें से 34.44 लाख मीट्रिक टन चारा व 16.78 लाख मीट्रिक टन अन्य उपयोग में लाया जा रहा है। इसी तरह 1.58 करोड़ मीट्रिक टन पराली इन-सीटू एवं एक्स-सीटू मैनेजमेंट के जरिये निस्तारित किया जा रहा है। यही वजह है कि योगी सरकार द्वारा उठाए गए सटीक प्रबंधन की वजह से पराली जलाने की घटनाओं में बड़ी गिरावट आई है। इससे प्रदेश में प्रदूषण में भी कमी आई है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंच रहा है बल्कि किसानों को उनके अवशेषों के औद्योगिक और घरेलू उपयोग के माध्यम से आय के नए स्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

योगी सरकार द्वारा पराली के औद्योगिक उपयोगी की पहल से धान के भूसे को औद्योगिक और घरेलू उत्पादों में उपयोग करने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर सृजित हुए हैं। इसके अलावा जैविक खेती और एलसीवी (लीफ कम पोस्ट वेस्ट) के उपयोग को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता में सुधार किया गया। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई और उन्हें नए बाजारों में प्रवेश करने का मौका मिला। वहीं पराली जलाने की घटनाओं को नियंत्रित करने में कई जिलों ने अहम भूमिका निभायी है। इनमें सबसे कम घटनाएं ● शेष पेज 11 पर

**उपलब्धि**

- योगी सरकार के नेतृत्व में फसल अवशेष प्रबंधन से प्रदूषण में आई भारी कमी
- पराली जलाने की घटनाओं में भी दर्ज की गई गिरावट पराली प्रबंधन से किसानों को आय के नए स्रोत उपलब्ध करा रही योगी सरकार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती
- प्रदेश में जैविक खेती और एलसीवी (लीफ कम पोस्ट वेस्ट) के उपयोग को किया जा रहा प्रोत्साहित
- योगी सरकार के प्रयासों को दिख रहा असर, औद्योगिक और घरेलू उत्पादों में हो रहा धान के भूसे का उपयोग



# बिजलीकर्मियों के साथ आए श्रम संघ व कर्मचारी संगठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के फैसले के विरोध में रविवार को बिजली कर्मियों के समर्थन में प्रदेश के 27 श्रम संघ, राज्य कर्मचारी संगठन और शिक्षक संगठन मैदान में उतर आए। श्रम संघों ने कहा कि वह निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के साथ हैं। शांतिपूर्ण तरीके से संघर्षरत बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो राज्य सरकार के सभी कर्मचारी और शिक्षक बिजली कर्मियों के साथ आंदोलन में उतरेंगे।

प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में श्रम संघों ने कहा कि सभी श्रम संघ बिजलीकर्मियों के साथ हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि प्रदेश की जनता और कर्मचारियों के व्यापक हित में निजीकरण का प्रस्ताव वापस लिया जाए।

श्रम संघों के पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली के निजीकरण का समाज के सभी वर्गों पर दूरगामी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने वाला है। बिजली का निजीकरण जल्दबाजी में किया जाना उचित नहीं होगा। आगरा और ग्रेटर नोएडा में बिजली के निजीकरण का प्रयोग विफल हो चुका है। इन दोनों निजी कंपनियों के कार्यक्षेत्र में गरीब उपभोक्ताओं और किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन कंपनियों का ध्यान मुनाफे वाले इंडस्ट्रियल और कामर्शियल उपभोक्ताओं पर रहता है।

निजीकरण के इस असफल प्रयोग को प्रदेश के 42 जिलों में थोपना जनहित में नहीं है। निजीकरण के बाद प्रदेश में बिजली की दरों में भी बेतहाशा वृद्धि होने की आशंका है। मुंबई जैसे शहर में जहां बिजली के क्षेत्र में दो बड़ी निजी कंपनियां हैं, वहां घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरें 17 से 18 रुपये प्रति यूनिट है। उत्तर प्रदेश में अधिकतम दर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 6.50 रुपये प्रति यूनिट है। पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र की नौकरी छोड़कर सरकारी बिजली कंपनी में नौकरी करने आए थे। अब उन्हें एक बार फिर निजी क्षेत्र में जाने के लिए मजबूर करना अन्याय है। बिजली कर्मचारियों के समर्थन में रविवार को उत्तर प्रदेश अधिकारी महापरिषद के प्रधान महासचिव एवं उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के महासचिव इं. आशीष यादव, स्टेट इम्प्लाईज ज्वाइंट काउंसिल उ.प्र. के अध्यक्ष जेएन तिवारी, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष कमल ● शेष पेज 11 पर



**निजीकरण का विरोध**

- सरकार को चेताया बिजलीकर्मियों का उत्पीड़न किया तो सभी विभागों के कर्मचारी आंदोलन में उतर जाएंगे
- आगरा और ग्रेटर नोएडा में विफल हो चुका है निजीकरण

# सीरिया में गृहयुद्ध का खात्मा विद्रोहियों का कब्जा

एजेंसी

बेरूत। सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों के घुसने और राष्ट्रपति बशर-अल असद के देश छोड़कर भागने संबंधी दावों के बीच सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का रविवार तड़के अप्रत्याशित अंत हो गया और लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया।

सीरियाई सरकारी टैलीविजन चैनल ने कुछ लोगों के एक समूह का वीडियो बयान प्रसारित किया है जिसमें वे कहते नजर आ रहे हैं कि राष्ट्रपति बशर असद को सत्ता से बाहर कर दिया गया है और जेल में बंद सभी कैदियों को रिहा कर दिया गया है। वीडियो में बयान पढ़ रहे व्यक्ति ने कहा कि 'ऑपरेशंस रूम टू कॉन्कर दमिश्क' ने सभी विपक्षी लड़ाकों और नागरिकों से ''स्वतंत्र सीरियाई देश'' की सरकारी संस्थाओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया है। इससे कुछ घंटों पहले सीरियाई विपक्षी युद्ध निगरानी संस्था के प्रमुख ने दावा किया कि असद देश छोड़कर किसी अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। वहीं सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली ने एक वीडियो बयान जारी करके कहा कि वह शासन का बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैं। जलाली ने कहा, ''मैं अपने आवास पर ही हूं। मैं कहीं नहीं गया हूं क्योंकि मुझे अपने देश से प्रेम है।'' उन्होंने कहा कि वह सुबह काम करने के लिए अपने कार्यालय जाएंगे। उन्होंने सीरियाई नागरिकों से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल रात से यह जानकारी नहीं है कि असद और सीरियाई रक्षा मंत्री कहां हैं। उन्होंने सऊदी टेलीविजन नेटवर्क अल-अरबिया को बताया कि शनिवार रात उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के रामी अब्दुर्रहमान ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि असद ने रविवार तड़के दमिश्क से उड़ान भरी। सीरियाई विद्रोहियों के दमिश्क में घुसने की घोषणा के बीच अब्दुर्रहमान ने यह जानकारी दी। राजधानी के निवासियों को गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें सुनाई दी हैं। सीरिया में युद्ध के दौरान असद के मुख्य समर्थक रहे ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने खबर दी कि असद राजधानी छोड़ चुके हैं। टेलीविजन चैनल ने इस जानकारी के लिए कतर के 'अल जजीरा न्यूज नेटवर्क' का हवाला दिया लेकिन कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। सीरियाई लोगों की भीड़ रविवार सुबह दमिश्क के चौराहों पर जश्न मनाने के लिए एकत्र हुई, उसने असद विरोधी नारे लगाए और कार के हॉर्न बजाए। कुछ इलाकों में जश्न में गोलियां भी चलाई गईं। सैनिक और पुलिस अधिकारी अपनी चौकियां छोड़कर भाग गए और विद्रोही रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय में घुस गए। स्थानीय निवासी वकील उमर दाहर (29) ने कहा, ''मैं अपनी भावनाएं ● शेष पेज 11 पर



**नया युग**

- असद परिवार के 50 साल के शासन का अप्रत्याशित अंत
- विद्रोही गठबंधन के सामने असद की ताकतवर सरकार 10 दिन भी नहीं टिक पाई

### सीरिया में भारतीय दूतावास नागरिकों की मदद के लिए उपलब्ध

नयी दिल्ली। सीरिया में बिगड़ती स्थिति के बावजूद भारतीय दूतावास सामान्य रूप से काम कर रहा है और भारतीय नागरिकों की मदद के लिए उपलब्ध है। सूत्रों ने बताया कि सीरिया की राजधानी दमिश्क में भारतीय दूतावास काम करता रहेगा। सीरिया में भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए हमारा दूतावास उपलब्ध है। दूतावास सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और वे सुरक्षित हैं।

# किसानों का दिल्ली कूच स्थगित

नई दिल्ली। पुलिस की ओर से प्रतिरोध का सामना करने के बाद किसानों ने फिलहाल दिल्ली चलो मार्च रोक दिया है। हरियाणा पुलिस ने किसानों से अपने विरोध प्रदर्शन को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली पुलिस से आवश्यक अनुमति लेने को कहा। इसे लेकर शंभू में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच बहस हो गई। इस बीच, पुलिस ने दावा किया कि किसान एक भीड़ के रूप में आगे बढ़ रहे थे, न कि 101 किसानों के जत्थे के रूप में। शंभू बॉर्डर पर किसानों को तितर-बितर करने के लिए ● शेष पेज 11 पर

# बीएसएफ ने देश की 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मज़बूत किया : शाह

एजेंसी

जोधपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवानों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही सीमा सुरक्षा बल ने देश की 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मजबूत करने का काम किया है। बीएसएफ ने सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा कि आठ दिसंबर 1965 से लेकर आज तक निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। बीएसएफ के 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा ज़रूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा करना असंभव है इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियन तक पहुंच गया है। शाह ने कहा कि दो लाख 70 हज़ार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है। बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें एक महावीर चक्र, छह कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं। अमित शाह ने कहा कि कई साल तक सीमा सुरक्षा की हमारी नीति धुंधली सी थी। उन्होंने कहा कि अटलजी के कार्यकाल में सीमा प्रबंधन पर इंटीग्रेटेड अप्रोच के साथ एक सीमा एक बल की नीति को नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री ● शेष पेज 11 पर




- बॉर्डर पर रह रहे बीएसएफ जवानों पर किसी को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं
- बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में अमित शाह ने परेड का निरीक्षण किया

# महाकुंभ में प्रयागराज से अयोध्या तक रिंग रेल सेवा शुरू होगी : रेल मंत्री

एजेंसी

वाराणसी। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ में प्रयागराज से अयोध्या तक रिंग रेल सेवा शुरू होगी। चार रिंग रेल सेवा से दोनों शहरों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं का सफर आसान होगा। प्रयागराज जाने से पूर्व रविवार को वाराणसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे रेलमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे पिछले तीन वर्षों से महाकुंभ की तैयारियों में जुटा हुआ था। महाकुंभ के लिए नए वेटिंग और होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। ट्रेनों के निर्बाध परिचालन के लिए दोहरीकरण, प्लेटफॉर्म विस्तार, यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई गई हैं। रेलमंत्री के अनुसार महाकुंभ के दौरान 45 दिन तक अलग-अलग तरह की 13 हजार रेल सर्विसेज चलेंगी, जो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को रेल यात्रा सुखद-आध्यात्मिक महसूस होगी। उन्होंने बताया कि रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ ऑटोमेटिक सिग्नलिंग, यार्ड रीमॉडलिंग, प्लेटफॉर्मों पर अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र महाकुंभ हमारी संस्कृति की बहुत बड़ी धरोहर है। ये हमारी संस्कृति का महापर्व है। ऐसे में चार बड़े स्नान पर्वों पर पूरे देश और दुनिया से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गयी है। पत्रकारों से वार्ता के बाद रेलमंत्री रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार और अन्य अफसरों के साथ विशेष ट्रेन से विंडो ट्रेलिंग करते हुए प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। केन्द्रीय रेल मंत्री वाराणसी से विंडो ● शेष पेज 11 पर



- केन्द्रीय रेल मंत्री बोले, चार स्नान पर्वों के लिए व्यापक व्यवस्था, श्रद्धालुओं को रेल यात्रा सुखद और आध्यात्मिक महसूस होगी, सफर भी होगा आसान

**रामा विश्वविद्यालय कानपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

# युवाओं में सामर्थ्य की कमी नहीं : योगी

एजेंसी

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार साहिबजादों, रानी लक्ष्मीबाई, वीर सावरकर, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, लुईस ब्रेल, आइंस्टीन, न्यूटन के कृतित्व-व्यक्तित्व व कार्यों का उदाहरण देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि आपकी आयु हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है। युवा हर विपरीत परिस्थिति को अपने अनुकूल लाने का सामर्थ्य रखता है। जिन्होंने देश की धारा को बदलने का कार्य किया, वे सब युवा थे। युवाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं, बस करने का जज्बा होना चाहिए। युवा पलायनवादी नहीं हो सकता। उसे देश-काल, समाज की वर्तमान स्थितियों की जानकारी भी होनी चाहिए। युवाओं को नवाचार, नए शोध व आसपास घटित होने वाली घटनाओं का अवलोकन करने की कार्यशैली को विकसित करना होगा। ऐसी घटनाएं सीखने व जानने का अवसर देती हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को रामा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने डॉ. बीएस कुशवाहा आयुर्विज्ञान संस्थान का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी और कई विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ड्रेनेज, नवाचार, शोध आदि को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन को कई सुझाव भी दिए। और पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रद्धावान ही ज्ञान प्राप्त करने का अधिकारी है। जिसके मन में गुरुजन, माता-पिता व वरिष्ठों के प्रति श्रद्धाभाव नहीं है, उसे ज्ञान प्राप्त हो भी नहीं सकता। देशकाल व पात्रता का ध्यान रखा जाना चाहिए। तभी उसके अनुरूप ज्ञान से परिपूर्ण करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में अनेक अवसर आते हैं, जो व्यक्ति को महान बनने का मौका प्रदान करते हैं, लेकिन यह विवेक पर निर्भर करता है कि उसके अनुरूप खुद को ढालने का सामर्थ्य रख पा रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि कानपुर जनपद के अर्धविकसित क्षेत्र में चार दशक पहले जो बीज रोपा गया था, वह आज वटवृक्ष बनकर विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा-स्वास्थ्य, तकनीकी ज्ञान, नवाचार, शोध, निवेश व रोजगार का बेहतरीन केंद्र बनकर उभरा है। एक संस्थान विकास का माध्यम कैसे बन सकता है, यह रामा कॉलेज ने साबित किया है।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सत्य के आचरण के साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करना है। धर्म का मार्ग बहुत विराट है। वास्तव में दुनिया के अंदर धर्म को भारतीय ऋषियों ने समझा है। यह सिर्फ उपासना विधि नहीं है। किसी ऋषि ने यह कभी नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं, वही सत्य है बल्कि कहा कि देश, समाज के लिए जो अच्छा लगे, उसका आचरण कर आगे बढ़ो। कोई सनातन धर्मावलंबी यह नहीं कह सकता कि जो मंदिर जाए, वही हिंदू है। वेदों-शास्त्रों में विश्वास करें या नहीं, तब भी मेरा हिंदुत्व मुझे लेकर चलेगा। हमने धर्म को उपासना विधि, इष्ट या ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। कर्तव्य, सदाचार व नैतिक मूल्य का प्रवाह ही भारतीय परंपरा में धर्म माना गया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मंत्र दिया कि लिखने की आदत डालें, तकनीक से भागे नहीं, जो समाज रिफॉर्म व विज्ञान से भागा, वह कभी आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने कहा कि 1989 तक 80 करोड़ आबादी में देश में केवल आधा फीसदी लोगों के पास टेलीफोन की सुविधा थी। थोड़ा प्रयास हुआ तो यह संख्या दो फीसदी हुई। रिफॉर्म के लिए अटल जी के नेतृत्व में 1999 में कदम उठाए गए तो आज भारत में 100 करोड़ लोगों के पास स्मार्ट फोन है। एक समय था, जब ● शेष पेज 11 पर



# अगर पूजा स्थल अधिनियम खत्म होगा तो कल भाजपा आरक्षण भी खत्म कर देगी : शाहनवाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिस याचिका को ख़ारिज होना था, उसे तीन जजों के बेंच में भेजा जाना संदेहास्पद है**

**साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 172 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता**

लखनऊ। पूजा स्थल अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं को ख़ारिज कर देने के बजाए उसे तीन जजों के बेंच को सुनवाई के लिए भेज दिया जाना चिंता का विषय है। आज इस क़ानून के साथ ऐसा हो रहा है तो कल आरक्षण की भी समीक्षा भाजपा सरकार करायेगी। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 172 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पिछले दिनों जस्टिस अहमदी फाउंडेशन द्वारा आयोजित व्याख्यान में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश रोहिंगटन नरीमन द्वारा पूजा स्थल अधिनियम को कमज़ोर करने में पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की भूमिका पर उठाए गए सवालों से न्यायपालिका कटघरे में आ गयी है। मौजूदा मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के सामने यह लक्ष्य है कि वो चंद्रचूड़ द्वारा क़ानून के साथ की गयी छेड़छाड़ को दुरुस्त करें ताकि न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा फिर से बहाल हो सके। उन्होंने कहा कि संविधान का आर्टिकल 141 स्पष्ट तौर से कहता है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्णय देश की सभी अदालतों पर लागू होंगे तब निचली अदालतें अगर इसकी अवमानना करती हैं तो ऐसे जजों के खिलाफ़ कार्यवाई करना मुख्य न्यायाधीश की ज़िम्मेदारी है। लेकिन देश देख रहा है कि मुख्य न्यायाधीश अपनी इस संवैधानिक ज़िम्मेदारी को निभा पाने में असहज लग रहे हैं। यह अपने पद की गरिमा के साथ समझौता करने के समान है।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भी जस्टिस वेंकट चलैय्या के नेतृत्व में आरक्षण को खत्म करने के लिए संविधान की समीक्षा करने की कोशिश की गयी थी। लेकिन पूर्ण बहुमत नहीं होने के चलते वाजपेयी सरकार में ऐसा नहीं हो पाया। इसलिए दलित और पिछड़े वर्ग को यह समझना होगा कि मोदी सरकार बहुमत के बल पर अगर आज पूजा स्थल अधिनियम को खत्म करने की कोशिश कर रही है तो कल संविधान में दिए गए आरक्षण को भी खत्म कर देगी। इसलिए संविधान की रक्षा के लिए सभी वर्गों को कांग्रेस के नेतृत्व में एक साथ आना होगा।

# महाकुंभ के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं में जोश पैदा करके गए योगी आदित्यनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक सांस्कृतिक समागम महाकुंभ को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदर जोश पैदा किया। उन्होंने कहा कि जनवरी से श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो जाएगा। इसलिए हम सभी के लिए अतिथि देवो भवः का भाव प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच है। मानवता की यह अमूर्त सांस्कृतिक विरासत पूरी दुनिया को सनातन भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा विविधतापूर्ण सामाजिक परिवेश और लोक आस्था का साक्षात्कार कराएगी। महाकुंभ को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए आगामी 13 दिसंबर को माननीय प्रधानमंत्री का आगमन तीर्थराज प्रयाग हो रहा है । सबको पूरी ताकत के साथ माननीय प्रधानमंत्री का स्वागत करना है।



कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार मिश्रा महानगर अध्यक्ष, विनोद कुमार प्रजापति यमुनापार अध्यक्ष ,कविता पटेल अध्यक्ष गंगापार, अंबुज त्रिपाठी भाजपा नेता, श्याम प्रकाश पांडेय, राकेश भारतीय, प्रकाश शुक्ला, अर्चना शुक्ला,आरती कोल, जय सिंह पटेल, राजेश शुक्ला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# होनहार पुरुस्कार प्रतियोगिता का पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नकल बिहीन सम्पन्न हुई होनहाऱ पुरुस्कार प्रतियोगिता**

कोरांव( प्रयागराज )। रविवार को होनहार पुरस्कार प्रतियोगिता परीक्षा गोस्वामी तुलसीदास कृषक इंटरमीडिएट कॉलेज कोरांव में सकुशल संपन्न हुआ पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत कोराव नरसिंह कुमार केसरी ने फीता काटकर

प्रतिभागियों को प्रवेश करने की अनुमति दी अलग- अलग विद्यालय सें आये छात्र छात्राओं को नकल बिहीन परीक्षा सम्पन्न कराया गया प्रतियोगिता के संयोजक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि यह परीक्षा बच्चों के चौमुखी विकास के लिए और भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए अपने-आप को तैयार करें इस उद्देश से इस परीक्षा का आयोजन हर वर्ष कराया जाता है परीक्षा सम्पन्न कराने मे श्रीमती प्रीति तिवारी, डॉक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला, प्रदीप तिवारी, करुणा सिंह, पुष्पेंद्र शुक्ला,सुरेंद्र शुक्ल,अशोक कुमार पांडे, धर्म शीला, नीरज सोनी, शीला पाल आदि ने अपना सहयोग किया सम्पन्न हुई परीक्षा का रिजल्ट पुरस्कार का वितरण अगले सप्ताह किया जायेगा



# काव्य कला प्रतियोगिता में कशिश ने मारी बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज। क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इण्टर कॉलेज में प्रति शनिवार आयोजित बालसभा कार्यक्रम में काव्यकला प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का हुनर दिखा। छात्रा कशिश पांडेय ने सस्वर हनुमान चालीसा पाठ करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आर्यन झा को दूसरा और सलोनी पांडेय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।बच्चों के हुनर की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि चार ग्रुपों के बीच अलग-अलग होने वाली प्रतियोगितायों में एक दूसरे से आगे निकलने की बच्चों में आपसी स्पर्धा उन्हें विषयों की अच्छी तैयारी के लिए प्रेरित करती है।चित्रकला,काव्य कला,भाषण, रंगोली,प्रश्नोत्तरी,क्विज आदि प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में जागृति है।इस दौरान कई छात्र छात्राओं ने स्वरित काव्य भी प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। निर्णायक के रूप में प्रवक्ता मोहम्मद परवेज सिद्दीकी,जगतपाल और मालती शर्मा मौजूद रहे। संचालन शिक्षक डा.के के त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।



# आसुतोष हॉस्पिटल के तरफ सें गोपाल विद्यालय कोरांव में लगा नि:शुल्क खून जांच शिविर कैम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सैकड़ो लोगो की गईं नि:शुल्क जांच वितरण किया गया नि:शुल्क दवा**

कोरांव प्रयागराज । रविवार को गोपाल विद्यालय इंटर कालेज कोरांव हिंदी मीडियम प्रांगण मे आसुतोष हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर प्रयागराज के बैनर तले ग्रामीण क्षेत्र व कस्बा आदि भिभिन्न क्षेत्र सें आये हुये महिला पुरुष बुजुर्ग सभी का नि:शुल्क, ओपीडी, खून जांच किया गया जरूरत के हिसाब सें मरीजों को नि:शुल्क दवा भी वितरण किया गया कैम्प मे देखते ही देखते काफी संख्या मे लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गया ससम्मान लोगो को जांच इलाज आदि सुविधाएं मुहैया कैम्प के माध्यम सें कराया गया यह कैम्प सुबह 10 बजे सें शाम तब तक चला जब तक सभी आये मरीजों को देख नहीँ लिया गया नि:शुल्क जांच शिविऱ का उद्घघाटन गोपाल विद्यालय इंटर कालेज के प्रिंसपल साबिर अली ने फीता काटकर किया आसुतोष हॉस्पिटल सें आये डॉ सिद्धार्थ यादव एमएस आर्थो,डॉ संजय वर्मा फिजिसीयन, हॉस्पिटल मैनेजर डीएस पटेल, राकेश यादव, आशीष सिंह, पूनम यादव, कोमल तिवारी,अमित यादव, कविता, आरुष यादव, आकाश यादव, प्रियांशु यादव आदि हॉस्पिटल का महिला पुरुष स्टॉफ कैम्प मे मौजूद रहा नि:शुल्क कैम्प शिविर का आयोजन हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ यूबी यादव एमएस आर्थो के निर्देश पर आयोजित हुआ ।



# विज्ञान एवं तकनीक से प्रथम पायदान पर पहुंच सकता है भारत : आनंद कुमार सिंह

कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रविवार को दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। वैज्ञानिकों ने शोधों को लेकर अपने अनुभवों को साझा किये। इसके साथ ही कुलपति आनंद कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीक से भारत को प्रथम पायदान पर पहुंचाया जा सकता है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैलाश भवन सभागार में रविवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में दो दिवसीय 12वीं अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में सदस्य लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश डॉक्टर एके वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में वैश्विक शोध को साझा करते हुए बताया कि शोध में ऐसा नवाचार होना चाहिए जिससे कि वैश्विक समाज को विज्ञान की महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। मुख्य अतिथि ने कहा कि जैव विविधता को संरक्षित करते हुए वैज्ञानिक वैश्विक परिदृश्य में अच्छा शोध करें तो निश्चित तौर पर समाज का कल्याण होगा। इस अवसर पर सेवीनियर कवर का विमोचन किया गया।

कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में फसलों की उत्पादकता के साथ-साथ भंडारण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया और कहा कि विज्ञान एवं तकनीकी को अपनाकर भारत को प्रथम पायदान पर खड़ा किया जा सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुशीला डी श्रेष्ठा त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल एवं विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ पी के सिंह, कॉन्फ्रेंस कोऑर्डिनेटर डॉक्टर दीपक शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर मुनीश कुमार ने भी संगोष्ठी के प्रमुख विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर तकनीकी सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति ने ''ग्लोबल रिसर्च फॉर बेटर टुमारो'' विषय पर अपना की नोट व्याख्यान प्रस्तुत किया। साथ ही छत्रपति साहू जी विश्वविद्यालय कानपुर के डॉक्टर निशा शर्मा ने मेडिसिनल प्लांट पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इन दो दिनों तक पांच सत्रों में विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिक मंथन करते हुए आवश्यक रूप से आने वाली चुनौतियों का समाधान पर चर्चा करेंगे।

## रिवाल्वर के दम पर महिला से किया दुष्कर्म,पांच पर मुकदमा दर्ज

प्रयागराज । जमुनापार क्षेत्र कौंधियारा थाना के एक गाँव में गुरुवार की देर रात दबंगों ने रिवाल्वर के दम पर एक युवती के साथ उसके घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई।

पीड़िता ने बताया कि गुरुवार की सत्यम सिंह उसके नंबर पर फ़ोन करके अश्लील बातें करने लगा। उसके द्वारा मना किया गया तो उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। मामले को लेकर महिला कौंधियारा थाना गयी। इसके बाद शनिवार की रात दिवाकर सिंह,सुधाकर सिंह ,सोनू सिंह व एक अज्ञात महिला उसके घर में जबरन घुसकर रिवाल्वर लगाकर दुष्कर्म करने लगे। युवती द्वारा शोर मचाने पर सभी आरोपी रिवाल्वर लहराते हुए वहां से भाग गए। पीड़िता ने 112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई।पुलिस पहुचकर पीड़िता को अपने साथ आरोपियों के घर ले गयी। साथ मे चार साल का लड़का भी चला गया। पुलिस के सामने ही पीड़िता को लात घूसों से मारा जाने लगा और बेटे को उठाकर पटक दिया गया।जिसमें उसे बेटे को गंभीर चोटें आई ।पुलिस खड़ी होकर तमाशा देखती रही। थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि उक्त मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## छह दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की बच्चे को ड्राप पिलाकर की शुरुआत

सुल्तानपुर। रविवार को पल्स पोलियो अभियान की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने नगर के डिहवा वार्ड के बूथ पर पहुंचकर फीता काटकर शुभारंभ करते हुए छोटे बच्चों को ड्राप पिलाया। सीएमओ के साथ जेडी स्वास्थ के साथ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसीपीएम एनएचएम, एसएमओ डब्लूएचओ, डीएमसी यूनिसेफ, कॉर्डिनेटर, सीडीपीओ, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा बहु सहित कर्मचारी रहे मौजूद। सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने अभियान में लगे अधिकारी व कर्मचारियों से कहाकि हम पोलियों की जंग जीतने के लक्ष्य को तभी सफल बना सकते है,जब तक जीरो से 5साल तक के बच्चों तक दो बूंद जिंदगी की पहुंचा नही देते। उन्होनें ने कहाकि पल्स पोलियो अभियान को हमें उत्सव की तरह लेना चाहिए, जिससे हम पूरे उत्साह के साथ लक्ष्य प्राप्त करे।

## सात विधाओं में सम्मानित किये जाएंगे मोस्ट प्रतिभायें

सुलतानपुर। 3 जनवरी 2025 को माता सावित्री बाई फुले जयंती पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 की तैयारी एवं समीक्षा हेतु वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मोस्ट समाज के हाईस्कूल में 85 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र/छात्राओं को मोस्ट प्रतिभा रत्न और नि:शुल्क मोस्ट पाठशालाओं के संचालकों को सावित्री बाई फूले शिक्षा रत्न, 2024 में मोस्ट के आह्वान पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को जीवन रक्षक रत्न एवं सहित्य, कला, विज्ञान, खेल, समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मोस्ट रत्न सम्मान तथा सामाजिक संगठनों के जिलाध्यक्षों को डॉ. अम्बेडकर रत्न सम्मान तथा प्रतिभा सम्मान समारोह के लिये सहयोग करने वाले साथियों को मोस्ट सृजनकर्ता सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उपरोक्त सातों विधाओं में सम्मानित/पुरस्कृत होने वाले प्रतिभाओं के चयन के लिए से.नि. शिक्षक डॉ. कमालुद्दीन खान, शिक्षक एन.डी विद्रोही, रिटायर्ड ओ.एस.डी राम सेवक मौर्या, एडवोकेट सन्तोष सोनकर ल्लफौजील्ल, शिक्षक राम प्रकाश, आईटी मैनेजर गुरू प्रसाद निषाद सहित 6 सदस्यीय निर्णायक कमेटी का गठन किया गया।

## भागवत या रामकथा वाले स्थान पर भगवान का वास होता है : बाल व्यास देविका दीक्षित

मुरादाबाद। जिस स्थान पर भागवत कथा व देवीय कार्य होते हैं, वहां पर निश्चित रूप से भगवान का वास होता है। मन से कथा का श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं को इच्छित फल की प्राप्ति के साथ प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उनके सारे कष्ट दूर होते हैं। यह लाइनें श्री धाम मथुरा वृंदावन धाम से पधारीं बाल व्यास देविका दीक्षित ने मुरादाबाद के टीडीआई स्थित श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट मुरादाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के निवास स्थान पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। रविवार को कुछ घंटे के लिए मुरादाबाद पहुंचीं बाल व्यास देविका दीक्षित ने जयकार करने के फायदे बताते हुए कहा कि जो भी श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाता है, उसके सारे पाप खत्म हो जाते हैं। जयकारे की ध्वनि तरंगें एक बेहतर वातावरण निर्मित करतीं। श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट मुरादाबाद के मीडिया प्रभारी विकास ममगाई ने बताया कि बाल व्यास देविका दीक्षित आगामी 31 जनवरी से 4 फरवरी तक कथा श्रवण करवाएंगी। इस अवधि में सुबह के सत्र में नित्य महायज्ञ होगा। 31 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से कलश यात्रा एवरग्रीन कंपाउंड से शहनाई मंडप होते हुए एवरग्रीन कंपाउंड तक जाएगी। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, महामंत्री राजीव अग्रवाल मल्लू, केके गुप्ता, महेश बंसल, सुधीर श्रीवास्तव, दिनेश अग्रवाल, वरुण नरेश सक्सेना आशुतोष गुप्ता, अवनीत सक्सेना, विपिन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अंकित सक्सेना, शोभित, केए सक्सेना, क्षमा अग्रवाल, अंजू सक्सेना, नीलम अग्रवाल, शीला श्रीवास्तव, उमा तोमर आदि उपस्थित रहीं।

## हिंदूवादी नेताओं ने फूंका बांग्लादेश का पुतला, जमकर की नारेबाजी

फिरोजाबाद। ठारपूठा चौराहा पर रविवार को आक्रोशित हिन्दू समाज के लोगों ने बांग्लादेश का पुतला दहन किया। इस दौरान बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

बजरंग दल नेता पंडित वीनेश कुमार के नेतृत्व में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व हिन्दू समाज के मंदिर जलाने को लेकर हिंदूवादी नेताओं ने अपना आक्रोश दिखाया। केंद्र सरकार से बांग्लादेश को सबक सिखाने को लेकर कड़ा कदम उठाने की अपील की। लोगों ने कहा कि बांग्लादेश को को भारत से जाने वाली खाद्य सामग्री को बंद कर देना चहिए। जिससे बांग्लादेश की पाकिस्तान की तरह आर्थिक स्थिति खराब हो जाए और अपने आप में तब्दीलता लाये।पुतला दहन के दौरान कौशल किशोर उपाध्याय, किलोली पहलवान, कैलाश बाबू ओझा, नन्द कुमार ठाकुर, सोनू प्रजापति, सुशील जाट, मोहन बघेल, जितेंद्र राघव, सौरव यादव, पंडित शांतनु शर्मा सहित काफी संख्या में हिन्दू समाज के लोग मौजूद रहे।

# सड़क नहीं पगडंडी कहिये जनाब पूर्व मानव संसाधन मंत्री द्वारा बनवाया गया था का हरदिहा गांव संपर्क मार्ग

कोरांव प्रयागराज जमुनापर के विधान सभा क्षेत्र कोरांव के अंतर्गत डाबर तेंदुवा देवराज पाल के घर के आगे सें हरदिहा गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग रह चुके पूर्व सांसद मानव संसाधन मंत्री मुरली मनोहर जोशी हरदिहा गांव रोशन लाल सिंह पटेल प्रधान के घर कई वर्षो पूर्व आये थे ग्रामीणों की आने जाने की पीड़ा परेशानी को देखकर लगभग एक किलोमीटर सड़क अपने निधि सें आने जाने के लिए पक्की डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था उक्त संपर्क मार्ग कुछ वर्षो बाद खराब हो गया इसके बाद आज तक न तो जिला पंचायत सदस्य,सांसद, विधाक निधि, किसी भी योजना के अंतर्गत सड़क का कायाकल्प नहीँ कराया गया कई वर्षो सें सड़क काफी टुट कर उखड़ गया है जबकि लगभग 2500 सौ मतदाता है जब कोई गर्भवती महिला को हॉस्पिटल जाने की जरूरत पड़ती है तो जल्दी इस गांव मे आने की हिम्मत नहीँ जुटाता साथ ही 112 नंबर पुलिस या छोटी कार को आने जाने मे काफी परेशानी उठानी पड़ती है चुकी सड़क काफी खराब स्थिति है बारिश मे छात्र छात्राओं को आने जाने मे काफी परेशानी उठानी पड़ती है फिसल कर चोटहिल होते है जबकि उक्त क्षेत्र मे नन्दलाल सिंह पटेल पहले व वर्तमान मे जिला पंचायत सदस्य है बगल गांव सीलौधी के ही शिव दत्त सिंह पटेल भाजपा पार्टी के जिलाध्यक्ष जमुनापार भी रह चुके है इसके बावजूद आज तक उक्त संपर्क मार्ग को गड्डा मुक्त कराने का प्रयास नहीँ किया ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय नेताओं सें समस्या को अवगत कराया लेकीन किसी ने सुध नहीँ लिया जबकि सरकार गड्ढा मुक्त दावा करने का ढिढोरा पीट रही है लेकीन स्थानीय जिम्मेदाऱ का ध्यान उक्त संपर्क मार्ग के तरफ नहीँ जा रहा जिससे हरदिहा गांव के लोगो मे काफी आक्रोश ब्याप्त है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराते हुये सड़क को गड्डा मुक्त कराने की माँग की है ।



# प्रथम नंदलाल टी-20 कॉर्पोरेट चैंपियनशिप का बादशाह बना रेजिंग बुल्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । रविवार को सार स्पोर्ट्स ग्रुप के सार फ़ेज-वन ग्राउंड पर प्रथम नंदलाल टी-20 कॉर्पोरेट चैंपियनशिप 2024 का फाइनल मैच खेला गया,फाइनल मैच में रेजिंग बुल्स और डीएसएस के मध्य खेला गया,डीएसएस के कप्तान अर्शी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया,मोहम्मद शरीफ के 70 रन, आयुष के 26 रन के योगदान की बदौलत डीएसएस की टीम ने 146 रन का स्कोर खड़ा किया,वही रेजिंग बुल्स के अमिताभ ने 13 रन देकर 2 विकेट झटके और केनी ने 20 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया।इसके जवाब में रेजिंग बुल्स ने एक गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर फाइनल का बादशाह बना।रेजिंग बुल्स के मनदीप सिंह ने अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर गगन चुंबी छक्का लगाकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। रेजिंग बुल्स के अमिताभ ने 23 रन,रजत सिंह ने 29 रन,केनी ने 20 रन,मिलिंद ने 15 रन और वैभव कुमार ने नाबाद 28 रनों का बेहतरीन योगदान अपनी टीम को दिया।डीएसएस की ओर से अंकुर पांडे ने तीन विकेट प्राप्त किया।प्रतियोगिता में अरास्ता में.फ़ेयर के मोहम्मद आगा सर्वश्रेष्ठ फील्डर,डीएसएस के मोहम्मद शरीफ बेस्ट बैट्समैन,रेजिंग बुल्स के हर्षित अस्थाना को बेस्ट बॉलर,डीएसएस के जीशान अजहर को बेस्ट विकेटकीपर व मोहम्मद शरीफ को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।वहीं विजेता और उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि एसीसी सीमेंट के एएसएम समीर सिन्हा,आनंदी मैजिक वर्ल्ड के सीईओ राहुल गुप्ता ने विजेता टीम को ट्रॉफ़ी व एक लाख रुपए की चेक तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफ़ी व पचास हज़ार रुपए की चेक प्रदान कर सम्मानित किया।इस मौक़े पर अमलेन्दु गुप्ता व एन टू आर सॉल्यूशंस से रचियता गुप्ता,सार स्पोर्ट्स ग्रुप के रवि गुप्ता,रजनीश सिंह यादव सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहें।

# ठाकुरगंज पुलिस ने स्कूलों में जाकर चलाया जागरूकता अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/थाना ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकान्त राय के निर्देशन में महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूल में जाकर किया विद्यार्थियों को जागरूक।महात्मा गांधी मेमोरियल स्कूल में मिशन शक्ति फ़ेस 0.5 के तहत किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन साइबर क्राइम, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, बैंक फ्रॉड, फ़ेक कॉल आदि की दी गई जानकारी सुरक्षा हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया गया महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, पिंक बूथ व महिला हेल्प डेस्क आदि के बारे में भी बताया स्कूल के सज्जन कुमार मंडल उप प्रधानाचार्य, नीलू मिश्रा मैनेजमेंट कमेटी, सूर्य कुमार मिश्रा अध्यापक, प्रियंका अवस्थी अध्यापिका की उपस्थिति में किया गया जागरूकता कार्यक्रम इस मौके पर महिला एस आई शिवानी वर्मा,व महिला एस आई प्रिया, महिला आरक्षी शिखा शुक्ला, महिला आरक्षी आरती व महिला आरक्षी करिश्मा आदि मौजूद रही।

# नगराम : अर्द्धनग्न अवस्था में मिला अधेड़ महिला का शव, सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की ग्रामीण जता रहे आशंका**

**नगराम थाना क्षेत्र के करसंडा गांव की घटना**

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के करसंडा गांव स्थित नाले के किनारे बीते शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अर्द्धनग्न अवस्था में महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया , ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा , वहीं ग्रामीण दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं । पोस्टमार्टम के बाद दूसरे दिन महिला का शव पहुंचा और जिसका परिजनों ने अन्तिम संस्कार कर दिया गया। नगराम क्षेत्र के करसंडा गांव में लगभग 50 वर्षीय प्रेमा देवी का शव अर्द्धनग्न अवस्था में संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर एक नाले के पास मिला। जानकारी के मुताबिक संतराम तथा उनकी पत्नी प्रेमा देवी दोनों ही खेती-बाड़ी का काम करते है । परिवार में लड़के का नाम रंजीत , दिलीप व आकाश तथा एक लड़की मनीषा है , जो विवाहित हैं। परिजनों के मुताबिक बीते शुक्रवार शाम घर से खाना खाकर प्रेमावती खेतों में खरफूस से बनी झोपड़ी में सो गई शनिवार दोपहर में जब ग्रामीणों ने अर्धनग्न अवस्था में प्रेमावती का शव देखा तो परिजन व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बीते शनिवार की शाम पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था दूसरे दिन रविवार को प्रेमावती का शव घर पहुंचा , परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि घटना को संदिग्ध मानते हुए गहनता से जांच की जा रही है।

# 99वां आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर: अंदपुर उमराव के मेधावियों को सम्मान, ग्रामीणों की सुनी गई जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। रविवार को ग्राम पंचायत चकौली के अंदपुर उमराव मजरा में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित 99वें 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर के दौरान ग्रामवासियों की समस्याएँ सुनी गईं और विकास संबंधी सुझाव प्राप्त किए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सोलर लाइट, वृद्धवस्था पेंशन, आवास एवं शौचालय, किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यकताओं के संबंध में करीब 80 आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के साथ ही 'गाँव की शान' पहल के अंतर्गतः इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली अंदपुर उमराव की दो मेधावियों शीतल शर्मा (80%) और शिवा रावत (70%) तथा हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली दो मेधावियों प्रज्ञा सिंह (85%) और सौरभ पाल (76%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही, खेलों के प्रोत्साहन और बेटियों को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंदपुर उमराव में 52वाँ गर्ल्स यूथ क्लब गठित किया गया और बेटियों को इनडोर एवं आउटडोर स्पोर्ट्स की किट प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से अंदपुर उमराव गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान दीन दयाल, बूथ अध्यक्ष जितेन्द्र, ज्ञानेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, राज बक्श, दल बहादुर, शैलेन्द्र, राजवीर, राम किशोर, जय करन, रंजीता, शकुंतला, निर्मला, कमला, अमन रावत, ख़ुशी राम, बेचा लाल और अन्य ग्रामीणों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान, सरोजनीनगर की पहचान बन चुकी तारा शक्ति रसोई के माध्यम से उपस्थित ग्राम वासियों को ताजा, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

## दुबग्गा गैस गोदाम ब्लास्ट मामले में मजदूर रंजीत चौरसिया की इलाज के दौरान मृत्यु अन्य लोगों की हालत गंभीर

लखनऊ दुबग्गा कैनविज टाइम्स संवाददाता । बीते शुक्रवार को दुबग्गा थाना क्षेत्र के शाहपुर बमरौली में एक अवैध गैस गोदाम में ब्लास्ट होने से चार मजदूरों और दो बच्चों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद मौके पर पुलिस, एंबुलेंस और बड़े अधिकारी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। डीसीपी पश्चिम, ओमवीर सिंह ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में क्षेत्र के बीट प्रभारी रामसेवक राणा और सिपाही मनोज कुमार को निलंबित कर दिया था। वहीं, गंभीर रूप से घायल मजदूरों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, लेकिन रविवार को एक मजदूर रंजीत चौरसिया की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गैस गोदाम अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। इस घटना के बाद, गोदाम के संचालक अशोक कुमार गुप्ता और उनके साथ अन्य छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। एसीपी मलिहाबाद द्वारा जांच की जा रही है, और मामले के अन्य पहलुओं का खुलासा होने पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है और इलाज जारी है। इस घटना ने प्रशासन की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है, जिससे अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता और बढ़ गई है।

## ननद ने भौजाई पर और भौजाई ने ननद समेत अन्य पर दर्ज कराया मुकदमा

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के जमालपुर ददुरी गांव में रविवार सुबह विवाहित ननद व भौजाई के बीच मार-पीट हो गई, मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जमालपुर ददुरी गांव निवासी छंगालाल की पत्नी ममता ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसके जेठ माता प्रसाद , हरकेश व रामकुमार साथ में पत्नी शोभावती व ननद रेखा आए दिन उसे परेशान करते हैं आरोप है कि वह जहां अपने जानवर बांधती है वहां उक्त लोग गंदगी फैलाते हैं । बताया कि रविवार की सुबह लगभग 8 बजे उसके जेठ जेठानी मवेशी बांधने की जगह कूड़ा कर्कट डाल रहे थे, विरोध करने पर उक्त सभी ने मिलकर अपशब्द बोलते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटने लगे । वहीं दूसरे पक्ष से पीजीआई थाना क्षेत्र की मोहद्दीन पुर की रहने वाली रेखा इन दिनों अपने मायके जमालपुर ददुरी आई हुई थी ?, जिनका आरोप है कि उसकी भाभी उसे गंदी-गंदी गालियां देने के साथ ही उसके बाल उखाड़ कर लात घुसो से मारा पीटा है । मामले में दोनों पक्षों का आरोप है की जान से मारने की धमकी दी है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर के अनुसार मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# बरामदे में सो रही वृद्ध महिला पर हिंसक जानवर ने किया जानलेवा हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**कुत्ते के बच्चे को मारने के बाद हिंसक जानवर ने वृद्ध महिला को किया घायल**

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद सर्किल में एक हिंसक वन्य जीव की दशहत कायम हैं। शनिवार देर रात करीब 2.30 बजे हिंसक जीव ने गढ़ी संजर खां गांव में दो कुत्तों के बच्चों को जान से मारने के बाद घर के बरामदे में सो रही बड़कौऊ 65 वर्ष के पैर पर हमला कर दिया। हालांकि, वृद्धा के शोर मचाने पर हिंसक जीव वहां से भाग निकला। ऐसे में वन विभाग ने ग्रामीणों को सर्तक रहने की अपील की है। दरअसल, मलिहाबाद क्षेत्र के गढ़ी संजर खां में बड़कौऊ सपरिवार रहती हैं। बीती रात वह घर के बरामदे में सो रही थी। तभी एक हिंसक वन्य जीव ने घर के बाहर आवारा कुत्ते के दो बच्चों को जान से मार दिया। इसके बाद हिंसक जीव ने वृद्धा पर हमला कर दिया। वृद्धा की चीख सुनकर परिजन लाठी-डंडा लेकर कमरे से बाहर निकले। तब तक हिंसक जीव वहां से भाग निकला। ग्रामीणों ने बताया कि हिंसक जीव ने दो पिल्लो (कुत्तों के बच्चों) को मार दिया है, जबकि तीन पिल्ले लापता है। हिंसक वन्य जीव के हमले से गांव में दशहत फैल गई है। मलिहाबाद रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने घटनास्थल से पगचिन्हों की पहचान की है। प्रथम दृष्टया में पगचिन्ह बाघ या तेंदुए के नहीं हैं, लेकिन वन विभाग ने ग्रामीणों को घर से अकेले न निकलने की सख्त हिदायत दी है। फिलहाल, क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से वन विभाग कांबिंग कर रही है। बुजुर्गों व बच्चों को भी सतर्कता बतरने को कहा गया है।

# ट्रक स्कॉर्पियो की टक्कर, एलडीए ठेकेदार की हालत नाजुक, पत्नी की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अयोध्या हाईवे पर ट्रक की टक्कर स्कॉर्पियो के बीच भीषण सड़क हादसा। हादसा इतना खौफनाक था कि राहगीर देख दंग रह गए । हादसे में एलडीए ठेकेदार गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पति पत्नी स्कॉर्पियो से गोरखपुर से वापस लखनऊ लौट रहे थे बीबीडी पुलिस के मुताबिक रवि प्रताप सिंह 48 पत्नी खुशबू सिंह 45 गोरखपुर जनपद खजनी हरनी के रहने वाले हैं। क्रेन से हटाई गई स्कॉर्पियो

एक्सीडेंट के बाद सड़क पर स्कॉर्पियो के पाठ बिखर गए हाईवे पर लंबा जाम लग गया मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन को बुलाकर स्कॉर्पियो को हटवाया। बीबीडी थाना प्रभारी का कहना है कि इनके परिवार में दो बेटी पीहू और राखी और अक्षत है तीनों गोरखपुर में पढ़ाई करते हैं। बीबीडी थाना प्रभारी का कहना है कि अयोध्या हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया जा रहा है ताकि जल्द ट्रक का पता चल सके।

# वीरांगना रानी दुर्गावती एवं अहिल्यादेवी होल्कर की स्मृति में त्रिशूल दीक्षा, मान बंदना एवं पथ संचलन कार्यक्रम का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता







लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी का संयुक्त कार्यक्रम सीएमएस स्कूल विशालखंड गोमतीनगर में वीरांगना रानी दुर्गावती एवं अहिल्यादेवी होल्कर की स्मृति में त्रिशूल दीक्षा,मान बंदना एवं पथ संचलन संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंच पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल दुर्गा वाहिनी की क्षेत्र संयोजिका कल्पना दीदी मातृशक्ति संयोजिका दीप्ति दुर्गा वाहिनी संयोजिका डॉ मुद्रा कार्यक्रम में मंच का संचालन दुर्गा वाहिनी की प्रांत सह संयोजिका किरन सिंह, त्रिशूल दीक्षा का शपथ कार्यक्रम डॉ मुद्रा ने संपन्न कराया एवं पथ संचलन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार की महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने किया मंच पर आसीन मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के सह संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में अपने जीवन में तमाम परेशानियां झेलने के बाद जिस तरह महारानी अहिल्याबाई ने अपनी अदम्य नारी शक्ति का इस्तेमाल किया वो काफी प्रशंसनीय है। अहिल्याबाई महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। अहिल्याबाई होल्करजी का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के चौड़ी नामक गांव में सामान्य परिवार मनकोजी शिंदे के घर सन 1725 ई में हुआ था। साधारण शिक्षित अहिल्याबाई 10 वर्ष की अल्पायु में ही मालवा में होल्कर वंशीय राज्य के संस्थापक मल्हारराव होल्कर के पुत्र खण्डेराव के साथ परिणय सूत्र में बंध गई थीं। यौवनावस्था की दहलीज पर ही थीं कि 29 वर्ष की आयु में पति का देहांत हो गया। सन 1766 ई। में वीरवर ससुर मल्हारराव भी चल बसे। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से एक महान साया उठ गया। इसके बाद उन्हें शासन की बागडोर संभालनी पड़ी। कालांतर में देखते ही देखते पुत्र मालेराव, दोहित्र नत्थू, दामाद फणसे, पुत्री मुक्ता भी मां को अकेला ही छोड़ चल बसे। विदेशी आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त किए गए काशी विश्वनाथ मंदिर एवं सोमनाथ मंदिर जैसे अनेकों मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण एवं पुनप्रर्तिष्ठा की।

विधवा को पति की संपत्ति का हकदार बनाया अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भी काफी कार्य किए। उन्होंने कई तीर्थ स्थानों के साथ ही कई मंदिर, घाट, कुएं, बावडियों, भूखे लोगों के लिए अन्नसत्र और प्याऊ का निर्माण भी कराया। अहिल्याबाई होलकर का इतिहास करीब 30 साल के अद्भुत शासनकाल के दौरान मराठा प्रांत की राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने एक छोटे से गांव इंदौर को एक समृद्ध एवं विकसित शहर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती रहती थीं, इसके साथ ही वे गरीबों और निर्धनों की संभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थीं। उन्होंने समाज में विधवा महिलाओं की स्थिति पर भी काम किया और उनके लिए उस वक्त बनाए गए कानून में बदलाव भी किया। अहिल्याबाई के मराठा प्रांत का शासन संभालने से पहले यह कानून था कि अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका पुत्र न हो, तो उसकी पूरी संपत्ति सरकारी खजाना या फिर राजकोष में जमा कर दी जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिला को अपने पति की संपत्ति लेने का हकदार बनाया। पथ संचलन के कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार की महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव ने किया। दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की अनुशासित वेशभूषा एवं त्रिशूल धारण कर सैकड़ो की संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम मां भवानी की जय माता अहिल्याबाई झांसी रानी की जय का उद्घोष कर पथ संचलन करते हुए सीएमएस स्कूल से प्रारंभ होकर दयाल पैराडाइज चौराहा शंकर चौराहा एचडीएफसी बैंक होते हुए उद्गम स्थल से होते हुए पुणे सीएमएस स्कूल पर आकर समापन हुआ कार्यक्रम में प्रमुख रूप विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप प्रांत मंत्री देवेंद्र प्रचार प्रमुख नृपेंद्र सहित सैकड़ो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू समाज के कार्यकर्ता

# जनता त्रस्त है, प्रधान जी मस्त है', आखिर कैसे हो विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गांव में बजबजाती नालिया दे रही संक्रमित रोगों को दावत

इंटरलॉकिंग व आर.आर सेंटर मैं बरती गई अनियमिताएं

प्रधान जी मस्त ग्रामीण पस्त विकास कार्य त्रस्त

सीतापुर। विकास खण्ड एलिया की ग्राम पंचायत खगेसियामऊ में विकास के नाम पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां बजबजा रही है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। गांव में रास्तो की स्थिति दयनीय नजर आती है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जहां एक तरफ सरकार साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये जा रहे है। वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान व सचिव के नेतृत्व में चारों तरफ सरकार की जनहित योजनाओं में जमकर पलीता लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुछ कार्य तो मानक विहीन ही करवाकर भुगतान कराया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हैंडपम्प रिबोर व मरमम्त के नाम पर पांच बार मे लगभग 342000 रुपयो का भुगतान कराया गया जिसमें काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी यही नही एम. आर. के नाम पर पांच बार मे लगभग 179000 रुपयो का भुगतान कराया गया यही नही ग्रामीणों ने बताया इंटरलॉकिंग के नाम पर , टाइलिकरण के नाम पर , फागिंग आदि के नाम पर लाखों रुपयों का भुगतान कराया गया है। वही डीएम अभिषेक आनंद का कहना है सरकार के जीरो टोलरेंस की नीतियों का कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है।।

# विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने सूरतगंज में कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए किया धुंवाधार काव्यपाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां -सीतापुर । जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने सूरतगंज में कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए धुंवाधार काव्यपाठ किया। जागृति इंटरकालेज में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा जिन्की सुगन्ध से सुवासित है राष्ट्र वाटिका ये ''मृदु'' मलय समीर मेरे देश के। भारती के उन्नत ललाट पर विराजमान रोली और चंदन अबीर मेरे देश के। भावी इतिहास गढ़ने को हैं प्रयास रत शाश्वत सुभाग्य की लकीर मेरे देश के। देखने में आज छोटे छोटे दीखते भले ही युवक हैं भावी तस्वीर मेरे देश के।। इसी क्रम में उन्होंने संकल्प का छंद पढ़ते हुए देशवासियों का आह्वान किया

बलिदानों से प्राप्त हुई ये स्वतंत्रता है इसको मिटने नहीं देंगे। इस देश का मस्तक ऊंचा रहे इसकी गरिमा घटने नहीं देंगे। धरती ही नहीं ये हमारी है मां फिर अंग कोई कटने नहीं देंगे। हम आप प्रतिज्ञा यही कर लें 'मृदु' भारत को बंटने नहीं देंगे।। प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती शशि श्रेया द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से प्रारंभ इस कवि सम्मेलन में इसके अतिरिक्त सुरेश फक्कड़, संजय सांवरा, चेतराम अज्ञानी, जगन्नाथ मिश्र निर्दोष, ओम शर्मा 'ओम' आदि कवियों ने काव्यपाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। संचालन डा शर्मेश शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने अपने संबोधन में कवियों को राष्ट्र जागरण का सजग प्रहरी बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा रमेशचंद्र ओझा ने सभी कवियों व अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी ने बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



16 दिसम्बर 2024 तक संपूर्ण जनपद में संचालित किया जाएगा अभियान

जिलाधिकारी ने सभी से अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए की अपील

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला महिला चिकित्सालय, सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक भी पिलायी। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण कार्ड भी देखे और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों का समय से टीकाकरण सुनिश्चित किया जाय और इसकी प्रविष्टि उनके टीकाकरण कार्ड में भी की जाय। यह अभियान आज दिनांक 08 दिसम्बर 2024 से 16 दिसम्बर 2024 तक संपूर्ण जनपद में संचालित किया जाएगा, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलायी जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी से अपील की कि अभियान के दौरान अपने 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक अवश्य पिलाएं। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्रकारों के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहेगा उपजा संगठन: महेंद्र अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संगठन की बैठक में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

सदस्यता अभियान भी चलाया गया

सीतापुर। यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक शहर के एक गेस्ट हाउस में की गई। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई, व पत्रकारों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण पर जोर दिया गया। इस दौरान सदस्यता अभियान भी चलाया गया। बैठक में उपजा के जिला अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा पत्रकारों के हितों के लिए संघर्ष करता आया है और आगे भी करता रहेगा। पत्रकारों के हितों के लिए यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन हमेशा तैयार रहता है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है। इसलिए संगठन सदस्यता अभियान चला रहा है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारों को कोई दबा नहीं सकता। पत्रकारों की लेखनी स्वतंत्र और निष्पक्ष रहेगी। कहीं भी किसी पत्रकार साथी का उत्पीड़न होगा तो उपजा उसके लिए न्याय की लड़ाई लड़ेगा। बैठक में पत्रकारों ने सदस्यता ली। इस मौके पर उपजा के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार राहुल मिश्रा, महामंत्री अशोक यादव ने भी अपने विचार रखे और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार अनिल विश्वकर्मा, संदीप श्रीवास्तव, अमित शुक्ला बबलू, सुनील शर्मा, पुलकित शर्मा, अवनीश मिश्रा, नवनीत दीक्षित,सौरभ दीक्षित,अतुल राठौर, रविंद्र सक्सेना, जितेंद्र मिश्रा, अनुज सक्सेना, गार्गी मिश्रा, बीके सिंह, मंगेश वर्मा, अमित कुमार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# नोडेलस टेस्टा कार्यक्रम मनाया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर । 7 दिसम्बर को स्टडी प्वाइंट स्कूल के प्रांगण मे नोडेलस टेस्टा का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रचलित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम के पश्चात सभी बच्चों को मैगी खिलाई गयी, कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण मे अध्यापिकाओ और विद्यार्थियों के उत्साह और अथक प्रयासों का प्रतिबिम्ब दृस्टिगोचर हुआ. कार्यक्रम मे विद्यालय के प्रबंधक आमिर रिज़वी, प्रशासिका श्रीमती लुबना रिज़वी, प्रधानाचार्य अमी किरन अवस्थी, प्रधानाचार्या श्वेता श्रीवास्तव एवं सम्मानित अतिथि राम सुमिरन शर्मा ने उपस्तिथ होकर अध्यापिकाओ के प्रयास और छात्रों कि प्रतिभा कि सराहना और उनके उज्वल भविष्य के लिए आशीष और शुभकामनायें दी।

# 15 दिसंबर से होगी लहरपुर में संग्राम सिंह पटेल, तनु श्री और मधु सिंह राजपूत की भोजपुरी फिल्म 'एसीपी संग्राम की शूटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर । एक्शन से भरपूर होगी - भोजपुरी फिल्म ''ए सी पी संग्राम'' उत्तर प्रदेश : अवध गंगा फ़िल्म के बैनर के तले निर्माण होने जा रही भोजपुरी फ़िल्म ''ए सी पी संग्राम '' की शूटिंग 15 दिसम्बर से की जायेगी । इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर के लहरपुर विभिन्न स्थानों पर किया जायेगा । इस फिल्म निर्देशन मोवीन वारसी कर रहे है। फिल्म में संग्राम सिंह पटेल के साथ एक्ट्रेस तंन्नु श्री और मधु सिंह राजपूत नज़र आयेगी ᐩ

अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'ए सी पी संग्राम ' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन की फिल्म है। और जिस तरह इस फिल्म नाम '' ए सी पी संग्राम '' हैं । ऐसे लगता है कि फिल्म एक्शन से भरपूर है। और यह कहानी दर्शकों का दिल को छू लेने वाली हैं । फिल्?म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि हमारी भोजपुरी फिल्म 'ए सी पी संग्राम ' बेहद खास और मेरे अन्य फिल्मों से थोडा अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्?म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका भरपूर मनोरंजन हो। इसके बाद वे अन्य सिनेमा प्रेमी को फिल्?म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्?म भी बेहद खास है। इस फिल्म के गाने एक से एक है जो सभी दर्शकों को पसंद आएगा जिस का संगीत साजन मिश्रा ने तैयार किया है । यह फिल्म आगामी वर्ष में एक साथ बिहार ,मुंबई और उत्तर प्रदेश में एक साथ सिनेमा घरो में रिलीज़ की जाएगी। भोजपुरी फिल्म 'ए सी पी संग्राम ' की कलाकारो की बात करे तो संग्राम सिंह पटेल के साथ तनु श्री ,मधु सिंह राजपूत,अयाज खान,सत्य प्रकाश सिंह, संजय वर्मा,मनोज टाइगर, प्रकाश जैस, जसवंत कुमार, सत?य प्रकाश सिंह,चौधरी राम सिंह,शिव राज प्रताप सिंह,सुभाष यादव, चंद्र मोहन चौधरी हैं। प्रचारक अरविंद मौर्या है। और इस फिल्म के निर्माता संग्राम सिंह पटेल ,फिल्म के लेखक मनोज पांडेय हैं। फिल?म का संगीत साजन मिश्रा का हैं ᐩ फाइट अरुण सिंह ,नृत्य विवेक थापा और छायांकन अभिताब चंद्रा ने किया हैं।

## सडक दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

जरवल बहराइच । सडक दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी मुस्तफाबाद में भर्ती कराया था,जहां से घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोण्डा मार्ग पर अलीनगर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने मोहित कुमार वर्मा उर्फ दीपक (30) पुत्र राम नरेश वर्मा निवासी बरुहा जरवलरोड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से मोहित गम्भीर रुप से घायल हो गए। सुचना पर मौके पर पहुंची जरवल रोड की पुलिस टीम ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया, जहां डाक्टर ने युवक की हालत गम्भीर देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज ले जाते समय युवक की रास्ते में मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## बिसवां का किसान दिल्ली में सम्मानित



बिसवां / सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।भारत के प्रगतिशील किसानों के सम्मान समारोह में सीतापुर जनपद के तहसील बिसवां के प्रगतिशील गन्ना कृषक हिमांशु नाथ सिंह पुत्र स्वर्गीय आदित्यनाथ सिंह निवासी ग्राम खंभा पूरवा को भी सम्मान प्राप्त होने पर जनपद सीतापुर का गौरव देश में बढा है। आई ए. आर.आई. मैदान पूसा नई दिल्ली में आयोजित किसान सम्मान समारोह में मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड 2024 में श्री सिंह को अवार्ड से नवाजा गया। श्री सिंह गन्ने की खेती में काफी पारंगत है उन्होंने विभिन्न गन्ने की प्रजातियों के साथ ही सह फसली खेती करके अधिक पैदावार ले रहे हैं। इन्हें कृषि जागरण के मुखिया एम. सी .डोमिनिक के द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया श्री सिंह को इस सम्मान प्राप्त होने पर चीनी मिल के मुख्य अधिशासी आर सी . सिंघल गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार उप गन्ना प्रबंधक अमरीश कुमार जेस्ट गन्ना निरीक्षक प्रभात कुमार सलिल सेठ अजीत मल्होत्रा विवेक गुप्ता भगवती सिंघल सरदार सुरेंद्र पाल सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना हिंदू संगठन सीतापुर पदाधिकारियो के लिए सेल्फ केयर टीम योजना की शुरुआत

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना संगठन जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू राष्ट्रीय संरक्षक रामकिंकर पांडे जी के द्वारा आज एक समीक्षा बैठक रखी गई जिसमे कभी भी कोई पदाधिकारी के आकस्मिक निधन हो जाने पर उसके परिवार के भरण पोषण हेतु 3 लाख से लेकर 10 लख रुपए तक निशुल्क बीमा योजना की शुरुआत की और 4 जनवरी को राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की तरफ से होने जा रहे वहां सम्मेलन के लिए भी सभी पदाधिकारी को अवगत कराया गया बताया गया उसके रूपरेखा भी तैयार की जा रही है इसके अलावा हिंदुओं पर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर अपने राष्ट्रीय कार्यालय से चलकर सीतापुर में अटल चौक पर बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन भी किया गया जय श्री राम के किनारे भी लगाए गए जिसमें धीरज हिन्दू सदस्य जितेंद्र मिश्रा सदस्य विनय शुक्ला सदस्य ब्लॉक अध्यक्ष मछरेहटा अनुपम हिंदू शिवलखन तिवारी और संगठन के सैकड़ो की तादात में पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे

# मैने जो कमाया वो राष्ट्र के लिए समर्पित : भामाशाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

विश्व हिंदू परिषद की धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम सम्पन्न

सीतापुर। आज सीतापुर के हेडगेवार भवन में विश्व हिंदू परिषद की धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताते चले कि संगठन के संचालन के लिए जो अर्थ की आवश्यकता रहती है विश्व हिंदू परिषद वर्ष में ये एक बार समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से कार्यकर्ताओं द्वारा संपर्क कर समर्पण के लिए आग्रह करते है । और पूजन के माध्यम से कार्यकर्ताओं का स्वयं का समर्पण भी करते है। आज इसी निमित्त सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम ने प्रांत के सह मंत्री व विभाग के पलक प्रवीण जी द्वारा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का समर्पण कराया गया । उन्होंने कहा कि जैसे धर्म की रक्षा के लिए भामाशाह ने अपनी भूमिका ( मैने जो कमाया वो राष्ट्र के समर्पित हो...) ने अपना खजाना खोल दिया था वैसे समाज को भी इनमें बढ़ चढ़ कर योगदान करना चाहिए। संगठन के प्रमुख कार्य का भी कार्यकर्ताओं को स्मरण दिलाया। श्री राम जन्मभूमि आन्दोलन में सफलता। अमरनाथ यात्रा रक्षा आन्दोलन । बूढ़ा अमरनाथ यात्रा। राम सेतु रक्षा आन्दोलन। गंगा रक्षा आन्दोलन, श्री हनुमान शक्ति जागरण महायज्ञ एवं धर्म रक्षा। विश्व के 80 देशों में सम्पर्क और 40 देशों में कार्य है।= 61 हजार बजरंग दल संयोजकों, 10 हजार दुर्गाओं सहित लाखों परिषद् के कार्यकर्ताओं के माध्यम से 50 हजार से अधिक गांवों / शहरों में 85 हजार समितियों द्वारा हिन्दू समाज के स्वाभिमान को जगाकर देश एवं धर्म की रक्षार्थ खड़ा किया। 33000 सत्संगों के द्वारा हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने व संस्कार देने का प्रयोस तथा रामकथा योजना के माध्यम से कथा वाचकों का निर्माण। लगभग 6 लाख ईसाइयों और मुस्लिमों की पुन. घर वापसी। ◦ लगभग 25 लाख गोवंश को कसाइयों से बचाया। 300 गोशालाओं का संचालन एवं 35 प्रकार की जीवन रक्षक औषधियों का निर्माण । 40 संस्कृत एवं वेद विद्यालयों के माध्यम से संस्कृत एवं वेदों का संरक्षण । 150 छात्रावास, 56 प्रशिक्षण केन्द्र, 127 हॉस्पिटल, 20 मोबाइल डिस्पेंसरी डॉक्टरों सहित, 36 एम्बुलेंस, 36 बाल / वृद्ध कल्याण केन्द्रों का संचालन। लक्ष्य - इस्लाम और ईसाइयत से मिल रही चुनौतियों का सामना करने के लिए एक लाख गांवों में समिति एवं सेवा कार्य के लिए 10 हजार पूर्णकालिक कार्यकर्ता निकालना। कार्यक्रम में प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख विपुल सिंह , प्रांत समरसता टोली सदस्य उत्तम जी, विभाग संयोजिका प्रज्ञा सिंह, जिला मंत्री त्रिपुरेश,जिला सह मंत्री कुमुद,आशीष, जिला संयोजिका बंदना मिश्रा, जिला धर्म प्रसार प्रमुख चंद्रकांत,जिला सह संयोजक अनुज भदौरिया, नगर उपाध्यक्ष श्याम यादव, नगर मंत्री संदीप सक्सेना आज कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहीद पार्क सीतापुर मे नि:शुल्क पुस्तिका वितरण समारोह आयोजित

सीतापुर। शिक्षक आकाश मिश्र व उनकी सहयोगी टीम के द्वारा आज लालबाग शहीद पार्क सीतापुर मे नि:शुल्क पुस्तिका वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें सीतापुर के 11 सरकारी विद्यालय में पढने वाले 111/ छात्र छात्राओं को चयनित कर आमंत्रित किया।यहा जलपान कराकर सभी बच्चों को पुस्तिका सेट प्रदान की गई जिसमें विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी,दैनिक जागरण के ब्यरो चीफ़ जगदीप शुक्ला, पध्तक के ब्यरो चीफ अरविंद मिश्रा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी, करूणा शंकर मिश्र जी रहे । कार्यक्रम में अतिथि नेहा अवस्थी ने कहा कि सभी को शिक्षक आकाश मिश्र जी के साथ जुड़ना चाहिए वे बड़े बड़े से आयोजन व्यवस्थित ढंग से कर सकते हैं । ग्रेस मार्डन के प्रबंधक राजा लैबट ने कहा आकाश का परिवार कई पीढ़ियों से शिक्षा के जगत में सेवाये दे रहा है । आयोजक गणों मे कमलेश पांडेय, विपिन गुप्ता,राजा लैंबर्ट,शानू पांडे,ऋतिक राठौर, प्रशांत तिवारी, अभय श्रीवास्तव,प्रदीप श्रीवास्तव,आशीष मिश्र गीतू, प्रत्यूष अवस्थी, आशीष मिश्रा उपस्थित रहे साथ ही सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मंच संचालन अमन कुमार त्रिपाठी ने किया। अंत में सेवानिवृत्त शिक्षक करूणा शंकर मिश्र जी ने सभी आभार प्रकट किया।

## श्री विष्णु महायज्ञ के आयोजन की जोर-शोर से चल रही तैयारी

सीतापुर । सीतापुर के तहसील महोली के अन्तर्गत में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया बताते चलें महोली तहसील क्षेत्र के ग्राम उमरिया पो0 चतुरैया, जिला-सीतापुर 09 दिसंबर से 15 तक होने वाले यज्ञ कार्यक्रम की तैयारी जोरों शोरों से चल रही है 30 वर्ष से चल रहा है यह यज्ञ हर वर्ष हो रहा है भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा उमरिया पानपुर चतुरैया बगचन से ढकिया सेमराव मितौली , धोबिघट घाट से कलश यात्रा उमरिया गांव तक गाजे बाजे, के साथ और हजारों श्रद्धालुओं के साथ निकाली जाएगी यज्ञ समिति उमरिया सहयोगी आप और हम सभी लोग भगवान की मंगल मयी कथा श्रवण करते हुए मानव जीवन को धन्य करें । कार्यक्रम कथा व्यास हरि बोल महाराज प्रातः 09 से मध्यान्ह 12 बजे तक भागवत कथा मध्यान्ह 01 बजे से सायं 05 बजे तक प्रवचन कथा सायं 7.30 बजे से 11.50 तक होगा।

## शातिर चोर गिरफ्तार, कुल 6,000/-रुपये नकदी व मोबाइल बरामद

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद सीतापुर में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी/नकबजनी के अपराध में संलिप्त अभियुक्त मो0 आजाद पुत्र रज्जाक नि0 काजीकोला बाडी थाना सिधौली जनपद सीतापुर को शिवपुरी अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया । जिससे चोरी से संबंधित एक अदद मोबाइल ओप्पो कम्पनी व 6,000 रुपये तथा कुल एक अदद तंमचा 12 बोर व एक अदद कारतूस जिंदा 12 बोर व एक मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे यू पी 34 बीएस 4150 बरामद हुए है। बरामद मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया है। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि मैने अपने साथी के साथ मिलकर जनपद मुजफ्फर नगर में थाना क्षेत्र नई मंडी -मोहल्ला अग्रसेन विहार से घर के बाहर टहल रहे व्यक्ति से एक सोने की चैन तोड़ कर छीन ली थी जिसे राह चलते अंजान व्यक्ति को बेच दिया था तथा थाना सिखेड़ा क्षेत्र के अंडर बाईपास के निकट एक स्कूटी पर सवार महिला के पास एक बैग छीना था जिसमें कुछ जेवरात/रुपये व एक मोबाइल ओप्पो कम्पनी का मिला था, ये मोबाइल उसी महिला का है, जेवर राह चलते अंजान व्यक्ति को बेच दिया था, बरामद नकदी उन्हीं आभूषण को बेचकर बचे हुए रुपये हैं। घटनाओं के संबंध में मु0अ0सं0 116/24 धारा 304(2) बीएनएस थाना सिखेड़ा तथा मु0अ0सं0 572/24 धारा 304(2) बीएनएस थाना नई मंडी पंजीकृत हैं। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

# न्यू फातिमा के संचालकों पर दर्ज होगा मुकदमा

**अधीक्षक ने कसया थाने को भेजा पत्र**

**कसया के कसाडा चौक पर अवैध रूप से संचालित हास्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने किया था सील**

**स्वास्थ्य विभाग ने उठाया सख्त कदम, अवैध संचालकों में मचा हड़कंप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । पढने वाले युवको द्वारा अबैध रुप से संचालित किये जा रहे हास्पिटल को सील करने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने उन युवको के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के प्रभारी निरीक्षक ने न्यू फातिमा के नाम से अवैध हास्पिटल संचालित कर रहे चार युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए कसया थाने को विभागीय पत्र भेजा है।

बतादे कि कसया नगर के बैरिया चौराहा (कसाडा चौक) पर अवैध व बिना प्रशिक्षित डाक्टर द्वारा न्यू फातिमा के नाम से अवैध हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा था। लगातार मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ अवधेश कुशवाहा व सीएचसी अधीक्षक मार्कडेय चतुर्वेदी मंगलवार की शाम टीम के साथ न्यू फातिमा हास्पिटल पहुचे जहां पढाई करने वाले छात्र 17 वर्षीय सन्नी पुत्र तूफानी चौधरी दुर्गेश, 26 वर्षीय दुर्गेश पुत्र नरेश, 20 वर्षीय इमरान पुत्र मंसूर आलम एंव 26 वर्षीय इरफान पुत्र वादिज अली बिना रजिस्टेशन, बिना किसी प्रशिक्षित चिकित्सक और बिना किसी नियम के अवैध तरीक से न्यू फातिमा हास्पिटल को संचालित कर रहे थे। जांच टीम ने हास्पिटल संचालन से संबंधित कागजात की मांग की तो किसी ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया।

द्वारा थानाध्यक्ष कसया को भेजे गये विभागीय पत्र के पत्राक-अस्पताल/अवैध संचालन / सूचना/2024-25/259 दिनाक-4 दिसम्बर-24 मे कहा गया है कि सनी चौधरी, अदेन आलम, दुर्गेश, इरफान द्रारा कसाडा चौक कसया में न्यू फातिमा अस्पताल के नाम से एक अवैध अस्पताल संचालित करता हुआ पाया गया। जिस समय स्वास्थय विभाग की टीम मौके पर पहुंची उस समय अस्पताल में 6 मरीज भर्ती किये गये थे, अस्पताल मे एक अवैध आपरेशन थियेटर भी इनके द्वारा स्थापित किया गया है, जिससे आम जनमानस के स्वास्थय के साथ खिलवा किया गया जा रहा है तथा कोइ भी अप्रिय घटना घट सकती थी। संचालन स्कूल कालेज मे पढने वाले बच्चे कर रहे थे, जिनके पास स्वास्थ्य विभाग की कोई शिक्षण या प्रशिक्षण प्राप्त नही है। स्वास्थय विभाग द्वारा उक्त प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक ने इन युवको के खिलाफ थानाध्यक्ष से कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई है। कहना ना होगा कि नोडल आधिकारी डॉ. कुशवाहा व सीएचसी अधीक्षक डॉ. चतुर्वेदी के अगुवाई में स्वास्थ्य टीम जब कसाडा चौक पर अवैध रूप से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल पहुची तो जांच के दौरान वार्ड मे कुल छह मरीज भर्ती पाये गये। इसमे अख्तर पुत्र एमएच अंसारी, पुनम पत्नी राजू, नीलम पत्नी ब्रह्म गोड, ममता पत्नी राकेश यादव, पुष्पा देवी अनिल शर्मा, ममिना खातून पत्नी शहजाद अंसारी शामिल थे। भर्ती मरीज अख्तर के शरीर से रक्तस्राव हो रहा था जबकि ममिना का पित्त की थैली का आप्रेशन हुआ था। स्वास्थ्य टीम ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर सभी भर्ती मरीजों को कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया। जांच के दौरान आप्रेशन थियेटर पूरी तरह अवैध व मानक के विपरीत पाया गाया। आप्रेशन थियेटर में एक टेबल, एक बडा आक्सीजन सिलेंडर, चार ड्रम, एक एक्जामिनेशन टेबल, एक ओटी लैंप व आप्रेशन से संबंधित औजार उपलब्ध था। इसी कडी मे हास्पिटल के वार्ड मे छह बेड, दो ब्रेंच, एक मेज तथा दो प्लास्टिक की कुर्सियां और एक रैक मे दवा रखी गयी थी। इसके अलावा चेम्बर मे मेज, रिवाल्विंग चेयर, एक परीक्षण मेज और दो प्लास्टिक की कुर्सियां पायी गयी। इसके अलावा अस्पताल के साथ संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर का कोई भी बैध कागजात संचालक द्वारा प्रस्तुत नही किया गया। इसके बाद जांच टीम ने अवैध रुप से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील करते हुए मौके पर आठ विन्दओ पर जांच आख्या तैयार किया। अपनी आख्या जांच टीम ने रिपोर्ट दर्ज किया कि न्यू फातिमा हास्पिटल का कोई भी रजिस्टेशन नही है। आप्रेशन थियेटर अवैध व मानक के विपरीत पाया गया तथा हास्पिटल का संचालन चार पढने वाले छात्रों द्वारा किया जा रहा था।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ हजारों लोगों का प्रदर्शन

एजेंसी




बागपत। बांग्लादेश में हिंदुओं,अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में जिला बागपत में विशाल रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। सर्व समाज द्वारा धरना प्रदर्शन में भाग लिया गया। रैली सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज से चलकर राट्रूरवंदना चौक तक पहुंची। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में रविवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में धरना प्रदर्शन तथा जन आक्रोश रैली आयोजित की गई। इस प्रदर्शन में जिले के हिंदू समाज के विभिन्न संगठनों तथा सर्व समाज ने संयुक्त रूप से हजारों लोगों ने सहभाग किया। इस रैली का आव्हान सनातन धर्म रक्षा मंच द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुरामेश्वर महादेव मंदिर के महंत देव मुनि जी महाराज ने की तथा मुख्य वक्ता श्रीमान शिवकुमार ने कहा कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भारत के सभी समाज एकजुट होकर इसका विरोध करते हैं। भारत की सरकार से मांग करते हैं कि वह इस पर कार्यवाही करें। कार्यक्रम में पुरा महादेव के मुख्य पुजारी जय भगवान, गजेंद्र आचार्य, अलावलपुर आश्रम के महंत धीर दास जी महाराज, श्रीमान कार्तिक गिरी जी महाराज रहे मंच का संचालक सत्यव्रत आर्य तथा विकास माजरा ने किया। तत्पश्चात पृथ्वीराज चौहान कॉलेज के मैदान से राष्ट्र वंदना चौक तक आक्रोश रैली निकाली गयी तथा राष्ट्र वंदना चौक पहुंची।

विधायक योगेश धामा के साथ अन्य लोगों द्वारा उप जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गयी है कि बागपत के निवासी, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों से गहराई से व्यथित हैं। हाल ही में, बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों और घरों पर हमले, हिंसा और उत्पीड़न की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ प्रमुख घटनाएं जो इस बात की ओर इशारा करती हैं कि बांग्लादेश में मानवाधिकारों का गला घोंटा जा रहा है और हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। भारत सरकार बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाले ताकि हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और उन्हें अपने धर्म और संस्कृति का पालन करने की स्वतंत्रता मिले। इस प्रदर्शन रैली में आरएसएस, राजनैतिक दल और हिन्दू संगठन शामिल रहे।

# भगवान विष्णु के आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए रखते हैं एकादशी व्रत : आचार्य अजय पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम सभा बरडीहा निवासी भगवन्त सिंह के आवास पर चल रहे।नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक अजय पाठक ने श्रोताओं को एकादशी व्रत के बारे में बताते हुए कहा कि एकादशी व्रत भगवान विष्णु की पूजा और उनके आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए रखते हैं।एकादशी व्रत करने से व्यक्ति के पाप मिट जाते हैं।जीवन के अंत में भगवान विष्णु की कृपा से उन्हें मोक्ष मिलता है।हर माह में दो एकादशी व्रत होते हैं।हिंदू कैलेंडर के अनुसार पहले माह चैत्र के कृष्ण पक्ष की एकादशी से इसका प्रारंभ होता है इसे पापमोचिनी एकादशी कहते हैं।वहीं आमलकी एकादशी साल की अंतिम एकादशी होती है।जो फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को होती है। एकादशी व्रत करने वाले भक्त पर स्वयं नारायण की कृपा बनी रहती है।

भगवान की भक्ति में भक्त कभी खुद को संतुष्ट नहीं मानता बल्कि वह लगातार प्रभु में लीन रहता है।

उन्होंने कहा कि भक्त दो प्रकार के होते हैं। जो ज्ञानी श्रोता होता है वह कम समय में समझ जाता है लेकिन जो भक्त होता है।वह कभी भक्ति से संतुष्ट नहीं होता है।वह हरदम प्रभु की भक्ति में लीन रहता है। भागवत कथा का रस मृत्यु लोक में प्राप्त होता है।इस रस की दूसरे लोकों में प्राप्ति नहीं है।भागवत कथा का रस वहीं पा सकता है जो रसिक होता है। जीवन में कई रसों का स्वाद मिलता है लेकिन सबसे प्रमुख रस राम नाम रस है।भोजन कितना भी अच्छा हो लेकिन राम रस के बगैर स्वादिष्ट नहीं हो सकता है।उसी तरह जीवन में राम नाम रस के बिना सब कुछ अधूरा है।कथा समापन के बाद श्रोताओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर प्रेम नारायण सिंह देवेन्द्र प्रताप सिंह राम सिंह संतोष सिंह देवराज सिंह किशन सिंह आदि मौजूद रहे।

# शॉट सर्किट से खड़े कंटेनर में लगी आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पड़रौना,कुशीनगर । खड़े कंटेनर में आग लगने से कंटेनर में रखा लाखों का सामान जल कर खाक हो गया , लोगों ने बड़ी मस्कत से आग पर काबू तो पाया लेकिन कंटेनर में रखे समान को बचा नहीं पाए,वहीं सूचना के बाद लगभग एक घंटे देर से पहुंची फायर ब्रिगेड को लेकर भी स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

मामला पड़रौना रेलवे स्टेशन के पास का हैं, जहां गाजियाबाद से ट्रांसपोर्ट का मॉल लेकर आए कंटेनर नंबर गख्र 01 इए 1205 में विद्युत शॉट सर्किट के वजह से आग लग गई,दअरसल खड़ी कंटेनर के ऊपर से विद्युत तारे निकली हुई थी, जिसमें विद्युत करेंट प्रवाहित हो रही थी, अचानक शॉट सर्किट होने से खड़ी कंटेनर में आग लग गई, जिस समय कंटेनर में आग लगी उस समय कंटेनर का ड्राईवर गाड़ी के अंदर ही शो रहा था, आस पास के लोगों ने ड्राइवर को जगाया और ड्राईवर ने होशियारी दिखाते हुवे कंटेनर को मुहल्ले से बाहर रेलवे परिसर के फ़िल्ड में ले गया, स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू तो पाया गया लेकिन कंटेनर में रखी मॉल जल कर खाक हो गया , आग लगने के बाद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया लेकिन सूचना के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची जिससे लोगों में काफी नाराजगी देखी जा सकती हैं,लोगों ने विद्युत विभाग की लापरवाही बताते हुवे बताया कि जगह जगह तारे लटकी हुई है, जगह जगह तारों में कट हैं जिस वजह से आए दिन शॉट सर्किट होता रहता हैं, स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक महीने में शॉट सर्किट के वजह से दूसरी कंटेनर में आग लगी हैं, कई बार विद्युत विभाग को सूचना दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, विद्युत विभाग की लापरवाही के वजह से ये घटना घटी हैं।

## लेखपाल से लूट के तीन आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**इटावा।** थाना जसवंतनगर पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम ने लेखपाल दंपत्ति के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर तीन लुटेरों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हुआ है। बदमाशों के पास से लूटी हुई तीन मोटरसाइकिल, दो तमंचे, दो खोखा और दो जिंदा कारतूस एक मोबाइल फोन बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि थाना जसवंतनगर क्षेत्र अंतर्गत एक लेखपाल के साथ बाइक सवार बदमाशों ने मोटरसाइकिल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना को जानकारी मिलने के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। इसी क्रम में थाना जसवंतनगर पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम देर रात धनुआ गांव के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल तेजी से आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम के द्वारा मोटर साइकिलों को रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार मुड़कर भागने लगे पुलिस टीम ने मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों का पीछा किया। बाइक सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया, जिसकी एक गोली प्रभारी निरीक्षक थाना जसवंत नगर की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई तो एक गोली राजा उर्फ़ राजकमल के बाए पैर में लगी। पुलिस ने तीनों बाइक सवार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

## नीलगाय से मोटरसाइकिल टकराई, एक की मौत व दूसरा घायल

**फतेहपुर।** जिले में रविवार को मोटरसाइकिल सवार दो युवक अचानक एक नीलगाय से टकरा गए जिसके चलते दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे को गंभीर हालत में देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया। जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिंदकी-ललौली मार्ग में रावतपुर के समीप का आज नीलगाय से टकराकर मोटरसाइकिल सवार आयुष गुप्ता (31) पुत्र कैलाश चंद्र गुप्ता निवासी श्याम नगर कानपुर व प्रहलाद कश्यप (37) पुत्र श्यामलाल निवासी कल्याणपुर कानपुर गंभीर घायल हो गए।

# ब्रह्मलीन सुगंध नाथ संत की प्रथम पुण्यतिथि पर साधुओं ने दी आहुति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। ब्रह्मलीन संत की पुण्य तिथि पर आयोजित समाधि स्थल में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के पश्चात आरती का आयोजन किया गया। सत्संग भवन में भजन -प्रवचन किए । भजन- प्रवचन से ब्रह्मलीन संत का श्रद्धालुओं ने गुणगान किया।

ब्रह्मलीन सुगंध नाथ महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर रबिवार को पडरौना क्षेत्र के सिद्ध पीठ सिधुआ मंदिर से जुड़ी श्री श्री 108 श्री बाबा बोधी नाथ समाधि स्थल पर सुबह में पंडित खिरकिया निवासी धनंजय पांडेय दास ने श्री सिद्धनाथ मंदिर के पुजारी रहे दिवंगत बोधी बाबा के शिष्य ब्रह्मलीन सुगंध नाथ के समाधि पर उनके प्रथम पुण्यतिथि को वैदिक मंत्रोच्चारण से संपन्न कराया। इसके बाद यहां महागुरु नाम का भंडारा कराया गया,इसमें साधुओं ने प्रसाद ग्रहण की।

ब्रह्मलीन सुगंध नाथ के प्रथम पुण्यतिथि के पश्चात सामूहिक आरती आयोजित की गई । आरती में दुर दराज से आए संतो ने ब्रह्मलीन दिवंगत सुगंध नाथ जी के सानिध्य में भजन प्रवचन आयोजित किए । सिधुआ मंदिर सिधुआ स्थान ( माफी ) समाधि स्थल के पुजारी सुरेश दास ने श्रद्धालुओं को बताया की ब्रह्मलीन दिवंगत और बोधी बाबा के शिष्य सुगंध नाथ जी त्यागी, मोह- माया से दूर,विरक्त संत के रूप में रहे। भगवान की भक्ति भावना में सदैव लीन रहते थे। उनकी शिक्षा सदैव लोभ,मोह, माया से दूर रहने की रही। इस दौरान पुजारी ढोणा कुशवाहा, हरदेव दास,रमेश दास,अर्जुन दास,रामधारी दास,रामदयाल दास,रमाशंकर दास,राजदेव गिरी दास,विश्वनाथ दास,भोला गुरु भाई,सुदर्शन यादव गुरु,भाई गया पाल,धनराज गुरु भाई, दूधनाथ यादव गुरु भाई,किसुनी बाबा,नथुनी चौहान,मोहन गिरी, रमाशंकर दास,दयाशंकर कुशवाहा,रघुनाथ कुशवाहा,लल्लन प्रसाद आदी लोग मौजुद रहे।

# बीएसए कार्यालय पर मांगों को लेकर दूसरे दिन भी शिक्षकों का अनशन जारी

एजेंसी

बिजनौर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक की ओर से प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान एवं जिला मंत्री प्रशांत चौधरी के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय पर चल रहा शिक्षकों का अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। प्राथमिक शिक्षक के ब्लॉक अध्यक्ष के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई शीघ्र निरस्त करने के लिए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यापक भूपेंद्र चौहान ने कहा कि अगर किरतपुर ब्लॉक के अध्यक्ष गौरव कुमार के खिलाफ हुई प्रशासनिक कार्यवाही शीघ्र निरस्त नहीं हुई तो शिक्षकों के अनशन को भूख हड़ताल में बदल दिया जाएगा और आंदोलन को प्रदेश स्तर तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षकों का तरह-तरह से उत्पीड़न कर रहे हैं जिसे किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, शासन शिक्षकों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। शिक्षक को 15 साल से प्रमोशन एवं स्थानांतरण भी नहीं किए गए और विद्यालय में शौचालय सफाई करने के लिए कोई सफाई कर्मचारी भी नियुक्त नहीं है जिस कारण शौचालय की सफाई भी नहीं हो पाती। लेकिन शौचालय की सफाई को लेकर शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती रही है जो बिल्कुल गलत है, अगर इन सभी समस्याओं का शीघ्र हल नहीं किया गया तो आमरण अनशन को भूख हड़ताल पर बदल दिया जाएगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आमरण अनशन को जूनियर् शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सुधीर यादव, अटेवा प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी अनशन में आकर पूर्ण समर्थन दे रहे हैं और अपनी पूरी टीम के साथ अनशन में बैठे हुए हैं। शिक्षकों की समस्या को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी से मिला।

# आयोजित किया 'सेहत का उत्सव'

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। रविवार को महानगर स्थित विदिशा पार्क में आस्था हास्पिटल ने भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना), स्वर्गीय एस.सी. त्रिवेदी मेमोरियल ट्रस्ट और साउथ एशियन जर्नल ऑफ जेरियाट्रिक मेडिसिन, पालीएटिव केयर एंड हॉस्पिटल के साथ मिलकर 'सेहत का उत्सव' नामक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।सुबह 9बजे से शाम 4 बजे तक संचालित इस शिविर में 740 से अधिक लोग सम्मिलित हुए। राजधानी के वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित इस स्वास्थ्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति राजीव सिंह और प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री असीम अरुण मौजूद रहे। न्यायमूर्ति राजीव सिंह जी ने आस्था सेंटर और भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। राज्यमंत्री असीम अरुण ने 'सेहत का उत्सव' शिविर के बारे में कहा कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रेरणादायक प्रयास है।

ध्लएडवांस्ड केयर प्लानिंग और लिविंग विल के संबोधन में प्रो. संदीप कुमार ने यह बताया की कि पहले से ही अपनी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में फैसले ले लेना और उन्हें लिखित रूप में दस्तावेज़ करना, ताकि भविष्य में जब आप खुद से फैसले नहीं ले सकें, तो आपके निर्णयों का सम्मान किया जा सके। उन्होंने कहा, ध्लएडवांस्ड केयर प्लानिंग व्यक्ति को अपनी भविष्य की चिकित्सा जरूरतों के बारे में अपनी इच्छाओं को व्यक्त करने का अवसर देती है, जबकि लिविंग विल यह सुनिश्चित करती है कि गंभीर चिकित्सा परिस्थितियों में इन प्राथमिकताओं का सम्मान किया जाए। शिविर में 30 से अधिक निःशुल्क जांचें की गयीं जिनमें ब्लड शुगर, रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग, डिमेंशिया आकलन, बोन डेंसिटी, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, ईसीजी, और किडनी फंक्शन टेस्ट शामिल थे।वरिष्ठ नागरिकों को यह नहीं पता था कि उनकी आँखों की समस्याएँ, जैसे धुंधला दिखना और रेटिनोपैथी, उच्च रक्त शर्करा और मधुमेह के कारण हो रही थीं। मधुमेह के मरीजों में रक्त शर्करा का असंतुलन अक्सर आंखों की नसों को नुकसान पहुँचाता है, जिससे दृष्टि में समस्या उत्पन्न होती है। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए इन विषयों पर विशेष संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों ने मधुमेह और आंखों के स्वास्थ्य के बीच के संबंध को समझाया और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड वितरण के अतिरिक्त जरूरतमंद लोगों के लिए कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं।

# सुभासपा की बैठक में जिलास्तर पर युवा मोर्चा का किया गया विस्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। स्थानीय विकास खंड के चौराखास में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए पार्टी का जिलास्तर पर युवा मोर्चा का विस्तार किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी में नई जिम्मेदारी देते हुए अभिजीत चौरसिया को युवामोर्चा जिलाउपाध्यक्ष,रत्नेश प्रताप सिंह कोयुवा मोर्चा का ब्लाक अध्यक्ष फाजिलनगर, अतुल पाण्डेय को युवामोर्चा विधानसभा अध्यक्ष व पप्पू राजभर को युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रदीप कुमार राव ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव युवा मोर्चा ओपी राजभर ने कहा कि पार्टी में सभी जाती धर्म के लोगों को एक समान महत्व दिया जाता है यही कारण है कि आज पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से प्रभावित होकर अधिक से अधिक संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। एनडीए गठबंधन की सरकार ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिला आरक्षण बिल पास कराकर महिलाओं को बहुत बड़ा सौगात दिया है।जिलाध्यक्ष गुड्डू राजभर ने कहा कि पार्टी गरीब, शोषित और वंचितों के लिए काम करती है साथ ही सबके विकास और खुशहाली पर पार्टी जोर देती है। प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार राव ने कहा कि एनडीए गठबंधन वाली सरकार यूपी में विकास की गंगा बहा रही है। सरकार की योजनाएं जरूरत मंदो तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रही है। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रदीप कुमार राव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ है इनके बदौलत ही आज पार्टी ने देश स्तर पर अपनी मजबूती बढ़ा रही है। विपक्षी पार्टी के के नेता तुष्टिकरण की राजनीति करते है इसलिए देश की जनता इनको लगातार नकार रही है। आज देश की जनता एनडीए गठबंधन के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। कार्यक्रम को विधानसभा प्रभारी प्रिंस राजभर, चंदन राजभर, राकेश राजभर, सूचित राजभर, सौरभ शर्मा, प्रियांशु सिंह, डॉ जेपी प्रजापति, विशाल सिंह, उमेश राजभर आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अवनीश राय ने किया। इस दौरान अमित सिंह, रामप्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, कार्तिक गुप्ता, दीपक सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राजू सिंह, रंजीत सिंह, अनुराग सिंह, प्रभाकर सिंह, शिवांश राव, अजीत राव, संदीप राव, पुष्पाकर सिंह, प्रताप नारायण, अविनाश चौरसिया, सुजीत वर्नवाल सहित ढेरों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# धड़ल्ले से चल रहा मिट्टी खनन, खनन अधिकारी के कार्यशैली पर उठ रहे गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में इन दिनों खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।किसानों की उपजाऊ भूमि को खनन माफिया कई फीट गड्ढे में तब्दील कर रहे हैं।खनन माफिया के आगे प्रशासनिक अधिकारी बौने साबित हो रहे हैं।हालत यह है कि कई थाना क्षेत्रों में अवैध खनन का कारोबार जारी है गोण्डा के नगर क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ट्रालियां गुजरती है चाहे चौकि हो चाहे थाना हो खनन माफियाओं के अंदर कोई डर नही है बेझिझक फर्राटा भरकर निकलते है बिना कोई रोकटोक के जिससे साफ अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि इनके हौसले बुलंद है हालत यह है कि कई चौकी क्षेत्रों में अवैध खनन का कारोबार जारी है।थाना कोतवाली क्षेत्र में सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रात के समय खनन कर फर्राटा भरती नजर आ रही हैं। ताज़ा मामला गोण्डा के सदर तहसील के अंतर्गत झंझरी ब्लाक के आगे श्री तिलक स्कूल के सामने जो रास्ता जाता है उसी पर आगे तिवारी का ताल पड़ता है उसी से दस कदम दूरी पर खनन की सारी हदें पार कर दी गयी है सरकार ने मट्टी खनन के लिए एक मानक निर्धारित किया है लेकिन जिस जगह की हम बात कर रहे है वहा पर लगभग आठ से नव फुट तक मट्टी खनन किया गया है जब खनन अधिकारी से कार्यालय में इस संबंध में जान कारी चाही गई तो उनके द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि इतना खनन करने की परमिट जारी नही हो सकती है और कार्यवाही करने का आश्वासन दिया मौखिक अब सवाल यह उठता की आखिर इतने बड़े पैमाने पर खनन कैसे हुआ ये अपने आप में एक बड़ा सवाल है जिस जगह खनन हुआ है उसी चंद कदम की दूरी पर सदभावना चौकी है जो बस केवल नाम की है इन ट्रालियों पर इनकी नज़र पड़ती ही नही है जैसे देखकर अनदेखा कर रहे हैं ये भी अपने आप मे बड़ा सवाल है आखिर जिन पुलिस वालों पर समाज की सुरक्षा की जिम्मेदारी है समाज के साथ साथ आम जनता के सुरक्षा के लिए दो सितारे भी दिए गए है लेकिन उन सितारों का क्या मतलब है जब खनन माफियाओं पर कार्यवाही न कर सके वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस भी चौकी से अवैध मट्टी खनन की ट्रालियां गुजरना होता है तो पहले ही उनको नगद नारायण का प्रसाद भेंट कर दिया जाता जिससे वे खनन माफियाओं के ट्रालियों को वो नज़र अंदाज़ कर देते है ।

# मोतीगंज थाना बना दलालों का अड्डा, मैनेज के खेल पर यहां डील होते हैं मामले : सूत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा: जिले का मोतीगंज थाना दलालों का अड्डा बनता जा रहा है जहां दलाल किस्म के लोग अक्सर बैठे मिलेंगे, जिन्हें इंतजार रहता है कि कब कोई दुखिया आये जिसे ये हाई जैक करके बलि का बकरा बना सकें और अपनी व कानून के कुछ भ्रष्ट नुमाईंदों की जेब भर सकें।यही वजह है कि यहां संगीन मामलों में भी मैनेज के खेल पर लीपा पोती होता है,जिसके चलते पीड़ितों को भारी दुश्वारियों से गुजर कर आला अधिकारियों का चक्कर काटना पड़ता है।जहां जांच की आंच मे न्याय की आवाज दब जाती है, और पीड़ित से गुस्साए थाने की पुलिस वही करती है जो वह करना चाहती है।सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी कानून व्यवस्था को चुस्त दुस्त रखने का निर्देश गोण्डा जिले के मोतीगंज थाने में हवा हवाई साबित हो रही है,आला अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते यहां नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है जिसके चलते पीड़ि तों को न्याय नही मिल पा रहा है,परिणाम स्वरूप थानों से उठ रहे मैनेज की सैलाब में फंसकर पीड़ित दर दर की ठो करें खाकर सिसकियां भर रहे हैं।जिनका कोई पुरसा हाल नही है।सूत्रों के मुताबिक मोतीगंज थाने में पीड़ित से पहलें तथाकथित दलाल सुबह ही थाने में बैठे नजर आते हैं। फिर साहब से सेटिंग गेटिंग लकड़ी माफिया खनन माफि या और दलाल इसमें से कुछ लोग ऐसे भी है जो संचालित निजी सोसल ऐप में सूचना को प्रसारित करने का काम करते है।सूत्र बता रहे है कि ये दलाल अपने आप को एक बड़े बैनर का पत्रकार घोषित करते हुए पत्रकारिता के नाम पर अवैध वसूली कर पत्रकार जगत को बदनाम कर रहें है, बताते चलें कि चर्चा यह भी है कि थाने के सामने स्थित चाय की दुकान पर भी दलालों के डेरा रहता है जहां से इन्हें सारा लोकेशन मिलता है सुबह सात बजे के करीब यहाँ दलालों की टोली पहुंच जाती है जहां कुछ साहब के कार्य खास पुलिस वाले इनका वेलकम करके चाय नाश्ता करवाते हैं सूत्रों के मुताबिक इसके बाद शुरू होता है पीड़ितों को बलि का बकरा बनाने का खेल बस कोई इन्हें नजर आ जाये तो फिर इनकी चांदी हो जाती है।हैरानी की बात तो यह है कि यहां के जिम्मेदार इनसे यह भी नही पूछते की सुबह ही थाने पर किस लिए रोज पहुंच जाते हैं। और आप थाना किस लिए रखाते हैं रही बात सोसल ऐप में सूचना को प्रसारित करने दलालों की तो ये खबर कवरेज की बात करके अपना उल्लू सीधा करते हैं, खासकर मोतीगंज थाने मे तो इनका सिक्का चलता है और जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद सोकर जान बूझकर अनजान बनते नजर आते हैं।गौरतलब हो कि यूँ तो यहां अनेकों पीड़ितों की दुश्वारियां चरम पर हैं जिनमे कुछ ऐसे हैं सूत्रों के मुताबिक एक दिन जबरन दो पार्टियों को सुलह समझौता कर के घर भेज दिया गया जहाँ पर फिर सुबह होते ही मारपीट हो जाती है।

## बिना परमिट के चलता है हरियाली के सीने पर आरा

मोती गंज थाना क्षेत्र में इस समय लकड़ी माफियाओं के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि आये दिन वो क्षेत्र में हरि याली के सीने पर दिन-रात आरा चला कर उन प्रतिबंधित पेड़ों पर कहर बरपाते हैं सूत्र बता रहे है दलाल और पुलिस के ही मिली भगत से हरियाली पर आर चलता है। वही कितनी हैरानी की बात है कि एक तरफ सूबे के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने के हर संभव भागीरथी प्रयास कर रहे हैं।वहीं सूत्रों के मुताबिक अधिकांश मामलों को पुलिस लीपापोती करके मामले को छिपाने का कार्य करती है,जिसके चलते लकड़ी माफिया व खनन माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं,जिसके चलते पीड़ित थाने से लेकर आला हकीमो तक चक्कर लगाता रहता है बावजूद इसके न्याय पाना टेढ़ी खीर जैसा हो जाता है।वही क्राइम मीटिंग में एसपी साहब थानाध्यक्षो को कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने व अपराधों पर अंकुश लगाकर फरियादियो को इंसाफ देने की कड़ी हिदायते देते रहते है लेकिन एसपी साहब के सारे आदेश यहाँ हवा हवाई साबित हो रहे है थाना दलालो का अड्डा होने से साधारण फरियादी फटकने नही पाते यहाँ प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का आदेश निर्बल गरीब पीड़ितों को न्याय देने का फरमान भी दर किनार कर पुलिस समस्त कार्य दलालो के इशारे पर करके अपनी अहम भूमिका निभा रही है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे खेमकरन गांव में जमीनी विवाद को लेकर की दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है।दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडों से जमकर एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद देहात कोतवाली पुलिस द्वारा जांच करके पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है।मारपीट की इस घटना में पीड़ित विनय तिवारी समेत उनके परिवार के कई लोगों को चोटें आई हैं।जिन्होंने मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया है।पीड़ित विनय तिवारी ने देहात कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बंसराज विश्वकर्मा ने अपने परिवार के साथ मिलकर के हमारे साथ जबरदस्ती मारपीट किए हैं।थाने से मना किया गया था की जमीन पर कोई भी काम नहीं करेगा।लेकिन बंसराज विश्व कर्मा उस पर त्रिपाल लग रहे थे जब हमने मना किया तो उन्होंने मारपीट किया है।दों महीने से बंसराज विश्वकर्मा और विनय तिवारी दोनों के बीच जमीन को लेकर के विवाद चल रहा था।पीड़ित विनय तिवारी ने आरोप लगाया है कि जब हमने तहसील में शिकायत किया तो हमारी कोई सुनवाई तहसील के अधिकारियों ने नहीं की थी।इसी जमीन के विवाद को लेकर के दोनों के बीच कल मारपीट हुई है।वही सोशल मीडया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जो कि शनिवार का बताया जा रहा है। वीडियो के आधार पर भी देहात कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।देहात कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर के आपस में दोनों पक्षों के लोगों ने मारपीट किया है।वीडियो के आधार पर भी जांच करके कार्रवाई की जा रही है।जांच में जो भी निकाल कर आएगा,उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में शहीद को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। तिकोनिया पार्क में पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के लिए शहीद हुए डॉ. रामाशीष सिंह की श्रद्धांजलि सभा का प्रति वर्ष की भांति आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री मो. हसीब, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य और जिला प्रवक्ता मनोज दूबे के संयोजन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में सैकड़ों शिक्षक, कर्मचारी और विभिन्न विभागों के संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने अपने संबोधन में बताया कि 7 दिसंबर 2016 को डॉ. रामाशीष सिंह लखनऊ विधानसभा के सामने शान्ति पूर्ण ढंग से चल रहे धरना प्रदर्शन में सम्मिलित हो करके पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे थे कि अचानक पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया जिसमें वह शहीद हो गये। उन्होंने भावुक होकर कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और पुरानी पेंशन की बहाली सुनिश्चित की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री शमीम अहमद ने शिक्षकों और कर्मचारियों की एकता पर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष कुड़वार देशराज, दूबेपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश पांडे, जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह,भदैया ब्लॉक अध्यक्ष कामेश्वर गौंड़, धनपतगंज ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह, लम्भुआ ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश सिंह,बल्दीराय ब्लॉक मंत्री शिव शंकर, मोतिगरपुर ब्लॉक मंत्री नवीन श्रीवास्तव और अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आंदोलन के प्रति दृढ़ संकल्प जताया। अटेवा जिला महामंत्री मो. हसीब ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए पुरानी पेंशन बहाल होने का भरोसा दिलाया। बल्दीराय ब्लॉक मंत्री शिव शंकर ने संघर्ष यात्रा में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़ और जिला मंत्री डिप्लोमा फार्मेसिस्ट लक्ष्मण स्वरूप ने कहा कि डॉ. रामाशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी, जब पुरानी पेंशन बहाल होगी। इस अवसर पर कमलेश गिरि को कादीपुर ब्लॉक का आईटी सेल प्रभारी नियुक्त किया गया। सभा में सभी ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# महाना अदबी व शेरी नशिस्त आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। उर्दू तंज़ीम अंजुमन दयारे अदब की ओर से ''इतनी आसानी से मंज़िल का पता मिलता नहीं'' मिसरे तरह पर लखनऊ पब्लिक स्कूल, तोपख़ाना, नानपारा में महाना अदबी व शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम की सदारत जनाब सोसन नानपारवी ने किया। जबकि प्रोग्राम के मेहमाने खुसूसी नानपारा के समाजसेवी जनाब जमील राईनी रहे और निज़ामत नौजवान शायर काशिफ़ नानपारवी ने अन्जाम दिये। नशिस्त का आग़ाज़ हाफ़िज़ जमील नानपारवी की नाते पाक से हुआ। इस शेरी नशिस्त में काफी शोअरा ने शिरकत की और अपने कलाम पेश किये गीत गाने के लिये सबको गला मिलता नहीं। नात लिखने के लिये किल्के रज़ा मिलता नहीं। ज़हन में बेताब मज़मूं क़ाफ़िया मिलता नहीं? सोसन नानपारवी ने अपनी इस नज़्म से पूरी महफ़िल में वाह वाही लूटी। जमील नानपारवी ने कहा शाख़ से टूटा हुआ पत्ता यह कहता है ''जमील'', कोई भी फ़ायज़ बुलंदी पर सदा मिलता नहीं। लाल नानपारवी ने कहा वक़्त है आगे बढ़ो वरना बहुत पछताओगे, यह सुनहरा वक़्त है ये बारहा मिलता नहीं। नवाज़ बहराइची ने कहा

क्या करूँ मैं अब किसी से दिल मेरा मिलता नहीं, दौरे हाज़िर में कोई अब बावफ़ा मिलता नहीं। उमर नानपारवी ने कहा ऐ उमर पहले तू अपने अज़्म को रहबर बना, इतनी आसानी से मंज़िल का पता मिलता नहीं। इनके अलावा काशिफ़ नानपारवी, हसन नानपारवी और कई शोअरा ने अपने अशआर पेश किये। इस मौक़े पर जावेद खान, सैयद रेहान अतहर, मो. खुर्शीद, मो. सलीम इदरीसी वगैरह मौजूद रहे। प्रोग्राम के आख़िर में कन्वीनर काशिफ़ नानपारवी और लाल नानपारवी ने सभी आये हुये मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# जिलाधिकारी ने जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। एजिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने जीरो से पांच साल तक के बच्चों को दवा पिलाकर किया।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की और बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक के साथ टाफी एवं बिस्किट वितरण किया।कार्यक्रम के दौरान जिलाधि कारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे।जागरूकता अभियान के माध्यम से पूरे जिले में पल्स पोलियो के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया है कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जनपद के लगभग 5,68,000 बच्चों को जीरो से पांच साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी।इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है।इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,शिक्षा विभाग को भी इस अभियान में जोड़ा गया है, स्कूल खोलने और बच्चों को बुलाने के लिए भी इसकी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वे घर-घर जाकर सभी बच्चों को खुराक पिला सकें और अभियान को सफल बनाया जा सके।उन्होंने बताया है कि इस अभियान को आठ दिसंबर,2024 से तेरह दिसंबर,2024 तक चलाया जायेगा और इसका लक्ष्य जिले के सभी बच्चों तक पहुँच कर उन्हें पल्स पोलियो अभियान से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि हर घर तक पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाय, ताकि सौ प्रतिशत बच्चों को इस अभियान का लाभ मिल सके।कार्यक्रम के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य, सीएमओ, अपर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा,डॉक्टर जय गोविंद,डॉक्टर पंकज तिवारी,डाक्टर आरपी सिंह,डॉक्टर शेष नाथ सिंह यूनीसेफ सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नानपारा मे पल्स पोलियो बूथ के माध्यम से पिलाई गई पोलियो की दवा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में पल्स पोलियो बूथ लगाया गया जिसमें अधीक्षक डॉ चंद्रभान राम ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। इसके अलावा नानपारा क्षेत्र में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं अन्य कर्मचारियों ने बूथ लगाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ चंद्रभान राम ने बताया कि आज से पल्स पोलियो मॉप अप राउंड की शुरुआत हुई है, जिसके अंतर्गत चयनित स्थानों पर बूथ बनाया गया है और नानपारा क्षेत्र एवं बलहा ब्लॉक में 174 टीमो के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके बाद बूथों पर पोलियो की दवा से छूटे बच्चों को दूसरे दिन क्षेत्र में डोर टू डोर के माध्यम से बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभियान की निगरानी हेतु पर्यवेक्षक की भी तैनाती की गई है जो क्षेत्र में निरीक्षण कर जानकारी हासिल करेंगे।

# साइबर ठगी करने वाले दो साइबर ठग गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।साइबर थाना गोंडा की टीम ने ऑपरेशन साइबर कवच के तहत दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कियाहै।पकड़े गए आरो पियों में जीवननाथ मिश्रा उर्फ छोटू मिश्रा और कमलेश्वर मिश्रा शामिल हैं।पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन,नगदी,और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।जिले में लगातार बढ़ते साइबर अपराध के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे।इसी कड़ी में साइबर थाने की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।चंद्र प्रताप सिंह ने साइबर ठगी की शिकायत पुलिस अधी क्षक को दी थी।दोनों ने बताया कि उनके ग्राहक सेवा केंद्र सीएसपी अकाउंट से मोटी रकम निकाल ली गई थी।जांच में सामने आया कि ठगों ने पूनम जायसवाल के केंद्र से एक लाख रुपए और चंद्र प्रताप सिंह के केंद्र से 55,600 रुपए की ठगी की थी।आरोपियों ने कूट रचित बैंक मैसेज के जरिए पीड़ितों को गुमराह किया और रकम ऐंठ ली। साइबर ठगो का ठगी करने का तरीका पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि ये साइबर अपराधी पहले जिस राज्य में ठगी की योजना बनाते थे,वहां के ईंट भट्ठा मालिकों और बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स के संपर्क में आते थे।खुद को ठेकेदार बताते हुए विश्वास में लेते थे। तय धनराशि से अधिक का नकली बैंक डिपॉजिट मैसेज भेजते थे।फिर बहाना बनाकर खाते में ज्यादा पैसा आने की बात कहकर रकम वापस करने का दबाव डालते थे।

साइबर थाने की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह गैंग अन्य राज्यों में भी सक्रिय था और ठगी के कई मामलों में लिप्त पाया गया है।गोंडा पुलिस की इस कार्रवाई से साइबर अपराधियों के नेटवर्क पर बड़ा झटका लगा है।पुलिस का दावा है कि आगे भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ।

## शादी अनुदान योजना हेतु कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भादद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु संचालित शादी अनुदान योजना हेतु बीस हजार रूपये के अनुदान का प्राविधान है। शादी अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट शादीअनुदान डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर शादी की तिथि से 03 माह पूर्व अथवा 03 माह पश्चात तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु आवेदक (पिता/माता/अभिभावक) एवं पुत्री के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर ओ.टी.पी. हेतु अपडेट होना चाहिए है। उन्होनें बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पिछड़ी जाति के आवेदक (पिता/माता/अभिभावक) व पुत्री के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर ओटीपी हेतु अपडेट होना अनिवार्य है। योजना में वर्तमान वर्ष से आय सीमा 1,00000 (एक लाख रू.) तक के व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जायेगा। आवेदक तहसील द्वारा निर्गत पिछड़ी जाति का हो, लड़का की आयु 21 वर्ष व लड़की की आयु 18 वर्ष होना चाहिए।

## बिल लेने से कीमत पर कोई असर नहीं पड़ता: उपायुक्त राज्य कर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर, बहराइच चन्द्र केश गौतम ने क्रेता को सुझाव दिया है कि अपने खरीद का पक्का बिल लें, यह आपका अधिकार है। बिल लेने से कीमत पर कोई असर नहीं पड़ता है। यदि बिल नहीं मिलता है तो मो.न. 7235001729 पर फर्म का नाम, पता सूचित करें। उपायुक्त राज्य कर श्री गौतम ने बताा कि उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुसार किसी भी माल के आदान-प्रदान पर टैक्स इनवाइस/बिल ऑफ सप्लाई का होना आवश्यक है। बिल प्राप्त होने से ग्राहक को संतुष्टि भी रहती है, क्योंकि किसी वस्तु की गारण्टी/वारण्टी भी आवश्यकतानुसार क्लेम की जा सकती है साथ ही माल वापसी अथवा माल की गुणवत्ता में शिकायत होने पर बिल के आधार पर ही वापसी सम्भव हो पाती है। उपायुक्त राज्य कर ने बताया कि अधिनियम-2017 की धारा-10 के अंतर्गत समाधान योजना में पंजीकृत करदाताओं के द्वारा टैक्स इनवाइस नहीं जारी किया जाना प्राविधानित है और न ही बिल पर टैक्स चार्ज किया जा सकता है। उनके द्वारा उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के नियम-5 (एफ) के अनुसार समाधान योजना में पंजीकृत व्यक्ति के द्वारा जारी बिल पर ऊपर ''बिल ऑफ सप्लाई'' लिखा जाना अनिवार्य है तथा नियम-5 (जी) के अनुसार उसे अपने कारोबार के मुख्य स्थान तथा अतिरिक्त व्यापार स्थलों पर प्रदर्शित प्रत्येक नोटिस या साइन बोर्ड पर ''समाधान योजना में पंजीकृत व्यापारी'' शब्दों का उल्लेख करना अनिवार्य है।

# मिनी राइस मिल लगवाने के नाम पर पीड़िता के पुत्र से ठग लिए 6 लाख 10 हजार रुपए नकली फॉर्म बनाकर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। संपूर्ण समाधान में पहुंचे पुलिस अधीक्षक को नगर की रहने वाली सुधा देवी ने दिए शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि पीड़िता के पुत्र सतेंद्र सिंह को कलीनगर निवासी रविंद्र यादव नाम के व्यक्ति ने रोजगार दिलाने के नाम पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत बैंक से लोन दिलवाने की बात कही और कहा कि मेरी बैंक में अच्छी पकड़ है। पीड़िता के बेटे ने अपना आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराया और मिनी राइस मिल लगाने के नाम की फाइल रविंद्र यादव द्वारा बताए बैंक ऑफ़ बड़ौदा पूरनपुर में पहुंचाई। रविंद्र यादव ने मेरे बेटे को अपने साथ बैंक आफ बडौदा शाखा पूरनपुर में ले गया और बैंक वालों ने मेरे बेटे के लोन स्वीकृत करने के लिए कुछ कागजात मांगे और उद्योग मशीन का कोटेशन मंगवाया जिसे रविंद्र यादव और मेरा पुत्र बजरंग एग्रो इंडस्ट्रीज पीलीभीत निकट बस अड्डा के पास से कोटेशन लेकर बैंक में जमा कर दिया तभी मेरे पुत्र को दो दिन बाद रविंद्र यादव बैंक लेकर पहुंचा और बैंक में मेरे पुत्र को बैंक के फिर लावे कर और रविंद्र यादव द्वारा बताया गया कि तुम उद्योग मशीन के साथ फोटो बैंक में जमा होना है। तभी मेरे बेटे को रविंद्र यादव व फील्ड ऑफिसर अपने साथ लेकर एक मिनी राइस मिल में ले गए। फोटो खिंचवा देता है और लोन फाइल में जमा कर देते हैं और बैंक लोन स्वीकृत कर देती है तभी फील्ड ऑफिसर मेरे पुत्र से कुछ कागजों पर वह रजिस्टर पर साइन करवा कर कहता है कि तुम्हें दो दिन बाद ड्राफ्ट मिलेगा ड्रॉप लेकर बजरंग एग्रो इंडस्ट्रीज में जमा कर देना। पीड़िता का पुत्र यह मान कर घर चला गया। तभी एक सप्ताह बाद बैंक गया तो पता लगा उसका ड्रॉप रविंद्र यादव ले गया है। पीड़िता के पुत्र ने रविंद्र यादव से बात की तो उसने कहा कि अभी मशीन उपलब्ध नहीं है। जब मशीन आ जाएगी तभी तुम्हें मशीन दिलवा देंगे कई दिन बाद मेरे बेटे ने कहा तो रविंदर यादव टाल मटोल करने लगा और कहने लगा कि तुम्हारा लोन नहीं हुआ रविंद्र यादव मेरे बेटे को 6 व 7 महीने टहलाता रहा और एक दिन वह उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगा तभी पीड़िता का पुत्र बैंक गया और सारा वाकया बैंक कर्मचारियों को बताया तो बैंक कर्मचारियों ने बताया कि तुम्हारा लोन का पेमेंट ड्रॉप बना दिया गया था। तुम्हारे खाते से 6 लाख 10 हजार का ड्रॉप संख्या 433715 श्री बजरंग एग्रो इंडस्ट्रीज के खाता संख्या 49340200000296 मैं बैंक ऑफ़ बड़ोदा पीलीभीत में भुगतान हो गया है। तभी पीड़िता का पुत्र यह सुनकर दंग रह गया और श्री बजरंग एग्रो इंस्टीट्यूट की दुकान पर पहुंचा और उनसे इस खाते और ड्राफ्ट के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि यह खाता हमारा नहीं है। और ना ही यह हमारी फार्म है। यह हमारे नाम से किसी ने फर्जी फॉर्म बनवाई है।तो पीड़िता का पुत्र बैंक आफ बडौदा मंडी समिति पहुंचा तो वहां के मैनेजर ने बताया कि इस फॉर्म का प्रोपराइटर माखनलाल है और तुम्हारे ड्रॉप संख्या 433715 का भुगतान 6 लाख 10 हजार इसी खाते में हुआ है। और उसे रविंद्र यादव ने अपनी पत्नी ममता यादव के नाम 5 लाख 60 हजार ट्रांसफर किया है।तभी पीड़िता के पुत्र को पता चला कि उसके साथ रविंद्र यादव उर्फ पप्पू व माखनलाल ने एक समान एक जैसी श्री बजरंग एग्रो इंस्टीट्यूट की नकली फॉर्म बनाकर पीड़िता के पुत्र का पैसा हड़प लिया है। पीड़िता के पुत्र ने जब इन लोगों से अपने पैसे मांगे तो उपरोक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मामले में की शिकायत कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# हिन्दू महासभा की बिलसंडा नगर इकाई का किया गया गठन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बीसलपुर। रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा की नगर इकाई की घोषणा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक बिलसंडा में महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर इस महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक लोगों को संगठन के प्रति जागरूक कर संगठन में जोड़कर हिंदू महासभा को और अधिक मजबूत बनाएं वहीं जिला अध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि अखिल भारत हिंदू महासभा का संपूर्ण जिले के विभिन्न नगरों में गठन कर लोगों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है जिससे पूर्व की भांति आगे भी लोगों की टीम बनाकर जनपद भर में लोगों की तमाम समस्याओं के प्रति कार्य किया जाएगा। जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने कहा कि जिले के अधिकारियों द्वारा सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने का कार्य किया जा रहा है जिसके विरोध में हिन्दू महासभा व्यापक अभियान चला रही है और चलाएगी। अंकुर भदौरिया जिला मंत्री ने बंग्लादेश मे हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर कहा हर हिन्दूओ को अपने परिवार की बेटी बच्चो को लडने और अपने आप को बचाने का प्रशिक्षण देना चाहिए और हर घर मे हथियार रखने होंगे अब दशा दिशा बता रही हर समय हम हिन्दूओ को सामने वाले से लडने के लिए तैयार रहना होगा। युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि युवा अब राजनीति से दूरी बनाता दिखाई दे रहा है जो गलत है युवाओ को राजनीती मे सहभागिता निभानी चाहिए और गलत को गलत और सही को सही बताने का दम युवाओ को रखना चाहिए युवा ही राजनीति की रीढ की हड्डी है जिसको राजनीती मे आकर मजबूत होना चाहिए।

इस अवसर पर इस बैठक में महासभा की नगर टीम की कुछ घोषणा की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से विकास मिश्रा को नगर अध्यक्ष बिलसंडा, सत्य पाल को नगर महामंत्री, शिवम मिश्रा को नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संदीप सिंह एवं सुमित शर्मा को नगर उपाध्यक्ष, विनोद मिश्रा, संजीव वर्मा,सौरभ मित्रा एवं दिव्यांशु मिश्रा नगर मंत्री, गौरीश अग्निहोत्री नगर मीडिया प्रभारी, तनब जयसवाल युवा नगर अध्यक्ष, प्रखर अवस्थी को युवा नगर महामंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला एवं पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।साथ ही इस महत्वपूर्ण बैठक में गौरक्षा एवं जनसमस्याओं समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की गई। जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि अतिशीघ्र संगठन का विस्तार करके और नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, अंकुर भदौरिया, नगर अध्यक्ष बीसलपुर सुनील अवस्थी, नगर महामंत्री बीसलपुर अवनीश रतन, पंडित रामनिवास शर्मा, नरेश पांडे, नरेश मिश्रा, संजय शर्मा, आनंद शर्मा, तनिष्क शर्मा, विनोद शर्मा, पप्पू गंगवार, संजय पांडे, प्रधान जादमपुर अनुप मिश्रा, अनिल मिश्रा, सौरभ मिश्रा आदि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेलों से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता : अपर पुलिस अधीक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5 के तहत 40 वीं जनपदीय शैक्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह में छात्राओं को नये कानूनों और पॉक्सो एक्ट एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया है द्य।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ङ्कमिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा गाधी स्टेडियम पीलीभीत में 40 वीं जनपदीय शैक्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह में सम्मलित विभिन्न स्कूलों के छात्राओं व बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट,गुड टच,बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा,साइबर अपराधों वि साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनायें एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102,महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया खेलों से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। साथ सभी विजेता खिलाड़ियों व शिक्षकों का उत्साह वर्धन करते हुए बधाई दी हैं।

# सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मिशन 2027 पर लग जाएं : राजकुमार रजू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता व जिला महासचिव नफीस अहमद के संचालन तथा वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आयोजित समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में वोट बनवाने के अभियान में कार्यकर्ताओं से कमान संभालने का आह्वान किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य अमित यादव रिंकू एव पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव शामिल हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधान सभा परिषद सदस्य अमित यादव रिंकू ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''भाजपा सरकार तानाशाही पर चलते हुए लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने पर तुली हुई है, इसीलिए यूपी उपचुनाव में भारी धांधली की गई है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता कमजोर नहीं होने देंगे तथा उसकी मजबूती के लिए कार्यकर्ता व्यापक संघर्ष करेंगे।''पूर्व विधान परिषद शशांक यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से वोट बनवाने के अभियान को मजबूती से संभालने का आह्वान किया। उन्होंने सपा के कार्यकर्ताओं नेताओ पर भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना से मुकदमे दर्ज करके उत्पीड़न की कार्यवाही करने की निंदा की।समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता तथा लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत से भाजपा सरकार घबराकर विधानसभा उपचुनाव में भारी धांधली करके झूठी जीत से अपनी पीठ थपथपाकर जनता को धोखा नहीं दे सकती उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मिशन 2027 में सफलता के लिए जुट जाने का आह्वान किया''समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार'' राजू'' ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लगातार फर्जी मुकदमे व उत्पीड़न करके भाजपा सरकार कानून का मखौल उड़ा रही है। समाजवादी पार्टी इसको सहन नहीं करेगी तथा इसके विरूद्ध बहुत जल्द एक व्यापक आंदोलन किया जाएगा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसे ही एकजुट रहने की अपील करते हुए प्रत्येक कार्यक्रम मे भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की बैठक में मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,जिला प्रवक्ता अमित पाठक, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,130 विधानसभा बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार जी, सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार जी,सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी,सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार, सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज, सपा जिला उपाध्यक्ष हाज़ी अकबर अहमद अंसारी,सपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक,127 सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी,मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविन्द्र सिंह पन्नू,सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष रियाज़ खां,पिंकी पाल,नीलादास,सावित्री देवी,विनोद कुमार वर्मा एडवोकेट,पूर्व पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख अजय भारती, केके पाल,सपा जिला उपाध्यक्ष बीडी प्रजापति, फरमुद अली,129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,भगवानदास वर्मा,दिनेश कुमार वर्मा, सपा महिला सभा विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष मीता सिंह,भगवानदास वर्मा,वीरेंद्र कुमार वर्मा,नरेश कुमार सागर,अनिल कुमार,दीनदयाल वर्मा,परशुराम वर्मा,मदनलाल यादव,बांकेलाल सोनकर,चंद्रप्रकाश ,सतीशचन्द्र वर्मा,निशान अहमद,मो.तस्लीम,शराफत यार खां,रितेश वर्मा,सदाकत अली,गुरविंदर सिंह गिल,अभिषेक गंगवार,इमरान खान,सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन,सपा जिला सचिव महेश पटेल,मलखान सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,सालिकराम,मुकेश पाठक,ओमप्रकाश वर्मा,सलीम खान,पंकज गंगवार,भूदेव गंगवार,अनिल कुमार गंगवार,सुनील गंगवार,रजनीश पाठक,अभी गंगवार,राकेश प्रजापति,रामपाल पटेल,मुरारी लाल,रामसुरेश तिवारी,रामनिवास वर्मा,शिव कुमार वर्मा,सलीम इदरीशी,द्वारिकाप्रसाद, बांकेलाल,निरंजन गंगवार, जोवनप्रीत सिंह, धीरेशचंद्र सिंह,महेश कश्यप,रामकुमार पासवान,इंद्रजीत सरोज, बंटी शर्मा,शम्मी कुमार,रूपचन्द्र,हरगोविंद गंगवार,नरेंद्र गोस्वामी,गोमती प्रजापति,रामौतार,रामबहादुर,हरभजन सिंह,परमजीत सिंह,राकेश कुमार,गुरमेल सिंह,पलविंदर सिंह,सुरेंद्र सिंह,सपा जिला सचिव हाकिम सिंह यादव,आशीष भारती,मो.फैज़,मो.मियां खां,कामरान बेग,उदयवीर सिंह,कामिल जमील,सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला,पंकज गंगवार,आसिफ अली कादरी,अदील अहमद,जयपाल सिंह,मुरारीलाल वर्मा,चंद्रकुमार,हरस्वरूप सोनकर आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

# एएसपी ने बीट उप निरीक्षक और महिला आरक्षी के साथ की गोष्ठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा फायर स्टेशन गौरीगंज में बीट उपनिरीक्षक नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा फायर स्टेशन गौरीगंज में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार ङ्कमिशन शक्ति अभियानङ्क के पंचम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त बीट उपनिरीक्षक नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में बीट उपनिरीक्षक नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी को अपने अपने बीट में जाकर कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण, विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076ऽमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी,शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने हेतु बताया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये जिससे महिलाओं में आत्मसुरक्षा का भाव उत्पन्न हो सके व अपने अधिकारों को जान सकें।इस दौरान प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर सीएमओ ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**नौ से तेरह दिसम्बर तक टीम द्वारा घर घर भ्रमण कर बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो की ड्रॉप**

अमेठी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान सीएमओ ने बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई। उन्होंने बताया कि जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिये अभियान चलाया जा रहा है जिसका आज शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में एक हजार एक सौ सत्तावन बूथों पर कुल तीन लाख पांच हजार नवासी लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी हैं इसके उपरांत नौ से तेरह दिसम्बर तक घर घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि छूटे हुये बच्चों को सोलह दिसम्बर को दवाई पिलाई जायेगी।इस दौरान जिला सर्विलांस अधिकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन डॉ जकारिया, अधीक्षक डॉ अभिषेक शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीबी सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## गन्ना मूल्य में वृद्धि को लेकर भाकियू ने चीनी मिल जीएम को सौपा तीन सूत्रीय ज्ञापन



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने पूरनपुर दि किसान सहाकारी चीनी मील में पहुंचकर गन्ना भुगतान प्रति कुन्टल 360 से बढाकर 460 करने एवं गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान 15 दिन के अन्दर किए जाने और तकनीकी की वजह से चीनी मिल बंद होने पर किसानों का गन्ना मील या सेंटर पर तौल कर उतरवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। उपरोक्त मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## गौतम बुद्धनगर में जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी की गिरफ्तारी को लेकर जेल भरो आंदोलन दी चेतावनी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह एवं उत्तर प्रदेश प्रवक्ता सुखजीत सिंह औलख रविवार को पूरनपुर कोतवाली पहुंचे इस दौरान उन्होंने ने बताया। कि गौतम बुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष इरफान प्रधान और उनकी टीम को कोतवाल दनकौर ने गिरफ्तार कर लिया। जब इसकी जानकारी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर और प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर को लगी तो वह मामले की जानकारी लेने पहुंचे थे। आरोप है।कि पुलिस ने उनको भी गिरफ्तार कर लिया। इसी को लेकर जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता अपने कार्यकताओं एवं पदाधिकारी के साथ कोतवाली पहुंचे और चेतावनी दी है। कि अगर पुलिस ने सभी को तीन बजे तक रिहा नहीं किया तो पूरे उत्तर प्रदेश में आवाहन पर थाने व कोतवाली में पहुंच कर अपनी गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन चलाएंगे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, भाई घायल

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाई के साथ ससुराल जा रही एक बहन की रविवार सुबह मौत हो गई। ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मारा जिससे महिला सड़क पर गिर गई, तभी ट्रक का पहिया उस पर चढ़ गया। जिससे सिर समेत शरीर का अगला हिस्सा क्षत विक्षत हो गया। वहीं हादसे में भाई घायल हुआ है। घटना बिरधौरा तिराहे की है। रविवार सुबह बल्दीराय थानाक्षेत्र के विरधौरा गांव की रहने वाली किरन (23) वर्ष पुत्री साधू राम अपने भाई सूरज पुत्र साधू राम के साथ अपने ससुराल जा रही थी। जैसे ही बल्दीराय थाना क्षेत्र के हलियापुर-कुड़वार मार्ग के बिरधौरा तिराहे पर बाइक पहुंची, तभी गिट्टी से लदी अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिस कारण महिला बाइक से गिर कर ट्रक के पिछले पहिये के नीचे आ गई और मौत हो गई। महिला का भाई सूरज बाइक सहित दूसरी तरफ गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज पारा बाजार चंद्र शेखर सोनकर ने बताया कि ट्रक यूपी 70 एनटी 9937 और उसके चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतका की दो वर्ष पूर्व अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना अंतर्गत चौधरीपुर में विवाह हुआ था। उसके कोई बच्चे नहीं हैं। साथ दिन पूर्व वो पिता की तबियत खराब होने के कारण उन्हें देखने के लिए अपने मायके आयी थी।

## कानपुर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक को लेकर संगठन ने की मीटिंग

प्रदेश कार्यसमिति बैठक में जिले के 15 व्यापारी लेंगे हिस्सा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत की प्रथम जिला कार्यसमिति बैठक जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी के आवास पर सकुशल संपन्न हुई।जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।22 दिसंबर को एक दिवसीय प्रदेश कार्य समिति बैठक कानपुर में होने जा रही है। जिसको लेकर संगठन के लगभग 15 व्यापारी अपनी सहभागिता देंगे।प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी से निवेदन किया कि जल्द से जल्द जिले के सभी नगर

# पुरानी फोटो के सहारे मनरेगा में दर्ज की जा रही फर्जी हाजिरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुल्तानपुर। जनपद में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है, जिम्मेदारो की खाऊ-कमाऊ नीति के चलते मनरेगा योजना समूचे जनपद में भ्रष्टाचार का शिकार हो गयी है। फर्जी हाजिरी से शुरू हुआ खेल अब फर्जी भुगतान तक जा पहुचा है, असल मे पुरानी फ़ोटो इस्तेमाल करने की पीछे की सबसे बड़ी वजह जो अभी तक सामने आयी कि काम न कराने की दशा में रोजगार सेवकों के द्वारा फोन में पड़ी पुरानी फ़ोटो को अपलोड किए गए जियोटैग वाले स्थान में जाकर फ़ोटो अपलोड कर देते जिससे कि बिना कार्य को कराये ही मानदेय अपलोड हो सके व मास्टररोल पूरे कर के भुगतान निकाला जा सके। इस पूरे प्रकरण में तकनीकी सहायको का अहम रोल होता है। विकास खंड बल्दीराय की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर काजी में मनरेगा से 4 कार्य संचालित किये जा रहे है। पहला कार्य-देवशरण के खेत के बगल बंधा निर्माण कार्य जिसमे 36 श्रमिक, दूसरा कार्य-नवीन परती से धीरज के चक तक चकरोड पर मिट्टी पटाई कार्य जिसमे 15 श्रमिक, तीसरा कार्य- इंटरलॉकिंग सड़क से गोपाल पांडे के चक तक मिट्टी पटाई कार्य जिसमे 8 श्रमिक व चौथा कार्य निसासिन-रसूलपुर बॉर्डर पर बंधा निर्माण कार्य में 65 श्रमिकों की पुरानी फ़ोटो अपलोड कर कुल 137 श्रमिकों की हाज़िरी दर्ज की जा रही है। ग्राम चक शिवपुर में आशीष के बाग से प्रदीप के खेत के पास तक बंधा निर्माण कार्य में 9 श्रमिक व नाला के पास बंधा निर्माण कार्य मे 38 श्रमिकों की पुरानी फ़ोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही हैं। ग्राम पंचायत अरवल में पक्की सड़क से सांई मंदिर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य मे 5 श्रमिक, राजेंद्र के खेत से कान्हा के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य में 23 श्रमिक, पातुलकी पक्की सड़क से गौरा बरा मऊ तक चकरोड मिट्टी पटाई कार्य मे 46 श्रमिकों की पुरानी फ़ोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही हैं। मौके पर श्रमिकों की संख्या आधा दर्जन भी नहीं रहती और एपीओ, सचिव, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान व टीए की मिली भगत से ज्यादा संख्या दिखाकर पैसा निकाला जा रहा है।

## अहंकार जीवन को समाप्ति की ओर ले जाता है: उत्तम तिवारी

बल्दीराय/सुलतानपुर। क्षेत्र के बहुबरा ग्राम में श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित उत्तम तिवारी जी महाराज ने कथा में गोकर्ण, धुन्धकारी, परीक्षित जन्म, शुकदेव जन्म की कथा सुनाई। कथा व्यास ने गोकर्ण धुंधकारी की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जो जैसा करता है वो वैसा ही भोगता है। धुंधकारी महाखल था जो कि प्रेत योनि को प्राप्त हुआ और उन्हीं का भाई जो गाय से उत्पन्न गोकर्ण ने धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई। कल्याण का एकमात्र साधन भागवत कथा है। वहीं कथा में बताया कि एक बार परीक्षित वन में शिकार करने निकले अचानक चलते चलते राजा को प्यास लगी जंगल में कहीं पानी नहीं दिखा राजा परीक्षित समीक मुनि के आश्रम पहुंच जाते हैं वहां समीक मुनि तपस्या में लीन थे। राजा परीक्षित के सिर पर स्वर्ण मुकुट पर विराजमान कलियुग के प्रभाव से राजा ने इस अपना अपमान समझा। गुस्से के कारण राजा परीक्षित उनके गले में मरा हुआ सांप डाल दिया। जब इस बात का पता शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को लगता है तो वह क्रोध में आकर राजा परीक्षित को श्राप दे देते हैं। उसके बाद गोकर्ण और धुंधकारी की कथाओं का वर्णन किया करनी का फल स्वयं भोगना पड़ता है ।

# बढ़ती दरार

भाजपा का मुकाबला करने के लिए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में दरार बढ़ती ही जा रही है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी से सपा के अलग होने और पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के गठबंधन के कामकाज से असंतुष्ट होने से साफ है कि गठबंधन का भविष्य सवालों में है। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा मतभेद कांग्रेस की स्थिति को लेकर है। गठबंधन अब भाजपा को छोड़कर आपस में ही उलझता नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन का गठन जून 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ किया गया था। हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली करारी हार के बाद इंडिया गठबंधन बिखर सा गया है, बड़ी बात यह है इंडिया गठबंधन के ही कई नेता कांग्रेस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के लोकसभा चुनाव प्रदर्शन के बाद जो हैसियत बढ़ गई थी, एक बार फिर वो पतन की ओर दिखाई दे रही है।दैनिक नवभारत टाइम्स के अनुसार सपा की महाविकास अघाड़ी में यह फूट हिंदुत्व के मुद्दे पर पड़ी है। टीएमसी ने तो उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर इंडिया अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है। टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, 'कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।'तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, 'वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे। दरअसल ममता बनर्जी की छवि एक आंदोलनकारी के रूप में भी देखने को मिली है, जब पश्चिम बंगाल में लेफ्ट की सरकार थी, जब कई सालों तक टीएमसी को संघर्ष करना पड़ा था, तब ममता बनर्जी का अलग ही सियासी रूप सामने आया था। पैरों में चप्पल पहनकर उन्होंने कई किलोमीटर का आंदोलन किया था। सिंगूर में उन्होंने जनता के लिए जिस तरह से लेफ्ट सरकार से टक्कर ली थी, उसने उनकी सियासी पहचान हमेशा के लिए बदल दी थी। उस एक आंदोलन ने बता दिया था कि ममता बनर्जी जमीन से जुड़ी नेता हैं, उनकी भी कॉमन मैन वाली छवि है। उनका यह अंदाज राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के सियासी कद को चुनौती दे सकता है। जब भी राहुल गांधी से ममता बनर्जी की तुलना की जाती है, अनुभव के मामले में नेता प्रतिपक्ष हमेशा पीछे छूटते हैं। जिस नेता को लगातार तीन बार सरकार बनाने का मौका मिला, जिसने पिछले 15 सालों से किसी राज्य की कमान संभाल रखी हो, उसका अनुभव सियासी तौर पर अप्रत्याशित होता है, प्रशस्तिक जिम्मेदारी निभाने में भी वो काफी निपुण माना जाता है। ऐसे में यह सियासी अनुभव भी ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन के लिए मुफीद बना सकता है। शुक्रवार को एक समाचार चैनल से बात करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब इसका प्रबंधन करना उन लोगों पर निर्भर है जो इसका नेतृत्व कर रहे हैं। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है।

# बांग्लादेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिशें

**बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के जुलाई में हुए तख्तापलट के बाद से ही भारत विरोधी लहर चल रही है। हिंदुओं के खिलाफ हिंसा भी चरम पर है। भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कुल 20 से 22 टेरर कैंप खड़े किए गए हैं। ये सभी कैंप्स उन इलाकों में हैं, जहाँ से भारत में घुसपैठ के लिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या आते रहे हैं। भारतीय बॉर्डर के नज़दीक ही इन आतंकियों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है।**



बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसा के खिलाफ वैश्विक स्तर पर चिंता की लहर बढ़ती जा रही है। ब्रिटेन की संसद तक में यह मुद्दा उठ चुका है। अब अमेरिका में भी इसके खिलाफ राष्ट्रपति भवन यानी व्हाइट हाउस के करीब बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। इसके बावजूद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों से लेकर चीन-पाकिस्तान तक के दबाव में अपना भारत विरोधी एजेंडा छोड़ने को तैयार नहीं है। अब यूनुस सरकार ने एक और ऐसा क़दम उठाया है, जिससे भारत को बड़ा झटका लगने जा रहा है। यूनुस सरकार ने शेख हसीना के कार्यकाल में भारत के साथ किए गए मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़े एक समझौते को रद्द कर दिया है। इस समझौते से भारत अपने नॉर्थईस्ट राज्यों में इंटरनेट की स्पीड और कवरज बढ़ाने की जुगत भिड़ा रहा था, लेकिन अब यह उम्मीद टूट गई है। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिरों पर हमलों के बीच ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई बांग्लादेश में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थियों में से भारत के खिलाफ आतंकी तैयार करने में जुटी हुई है।

बांग्लादेश में हिंदुओं की एथेनिक क्लींजिंग चल रही है। 53 साल बाद पाकिस्तान बांग्लादेश को हथियार भेज रहा है। खालिदा ज़िया और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच मुलाकातें भी हो रही हैं। बांग्लादेश में वही हो रहा है जो पहले बाबर ने किया फिर कश्मीर में हिंदुओं के साथ हुआ। दरअसल पाकिस्तान बांग्लादेश का इस्तेमाल करते हुए भारत को टारगेट कर रहा है। वह भी 3 तरफ़ से। पाकिस्तान का पहला शिकार बांग्लादेशी हिंदू, जिनपर इतने अत्याचार हो रहे है कि हर परिभाषा छोटी पड़ जाए. दूसरा हिस्सा है बांग्लादेशी फ़ौज को मदद, जिसके जरिए पाकिस्तान भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोलना चाहता है और तीसरा भारतीय सामानों का बहिष्कार...ताकि भारत को आर्थिक चोट पहुँचे। बांग्लादेश ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और त्रिपुरा (अगरतला) में अपने शीर्ष राजनयिकों को 'परामर्श' के लिए वापस बुलाया है। वहीं बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की फोटो नोटों से भी हटा दी गई है। भारत के नॉर्थ-ईस्ट इलाके के कई राज्यों में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है। इसी कारण भारत ने बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के दौरान एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत बांग्लादेश का उपयोग रीजनल डिजिटल हब के तौर पर किया जाना था, जिसमें बांग्लादेशी सीमा पर इंटरनेट सर्किट स्थापित कर नॉर्थ ईस्ट राज्यों में डेटा ट्रांसमिशन के लिए 'बैंडविड्थ ट्रांजिट' सुविधा देनी थी। यह काम भारती एयरटेल को बांग्लादेशी कंपनियाँ समीट कम्युनिकेशंस और फाइबर एट होम के साथ मिलकर करना था। यह प्रस्ताव इन कंपनियों ने बांग्लादेश टेलीकम्युनिकेशन रेगुलेटरी कमीशन के सामने पेश किया गया था, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई थी। यूनुस सरकार ने अब इस समझौते की सैद्धांतिक मंजूरी ख़त्म कर दी है। इसे रद्द करने का आदेश जारी करते हुए इससे बांग्लादेश को कोई आर्थिक लाभ नहीं होने का तर्क दिया है। हालांकि यह फ़ैसला केवल भारत विरोधी नहीं है। दरअसल इस ट्रांजिट लिंक को तैयार करने के लिए एयरटेल के साथ जुड़ी कंपनी समीट कम्युनिकेशंस के चेयरमैन मोहम्मद फारिद खान का शेख हसीना की अवामी लीग से भी नाता है। वे अवामी लीग के सांसद फरीक खान के छोटे भाई हैं। यह भी यूनुस सरकार के फैसले का कारण माना जा रहा है। बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की भीड़ ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि ढाका के नमहट्टा स्थित इस्कॉन मंदिर में चरमपंथियों की भीड़ ने हमला किया है। उन्होंने कहा कि नमहट्टा के मंदिर में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात चरमपंथी मुस्लिमों ने हमला करने के बाद सारी मूर्तियों पर तेल छिड़ककर आग लगा दी है। पूरा मंदिर जला दिया गया है। ये मंदिर ढाका जिले के तुराग पुलिस थाने के अंतर्गत धौर गाँव में स्थित है। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस्कॉन इन घटनाओं की जानकारी लगातार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दे रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन इन्हें नहीं रोक रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ अमेरिका में भी चिंता जताई गई है। भारतीय मूल के अमेरिकियों ने इसके खिलाफ वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस के करीब और शिकागो में अगले दो दिन के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित करने का ऐलान किया है। यह प्रोटेस्ट मार्च हिंदू एक्शन संगठन की तरफ़ से व्हाइट हाउस के पास 'बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार' नाम से सोमवार को आयोजित होगा, जबकि रविवार को शिकागो में 'नरसंहार रोकें: बांग्लादेश में हिंदुओं की जान बचाएं' के नाम से किया जाएगा। इनमें अमेरिका के नामी-गिरामी भारतीय लीडर मौजूद रहेंगे। बांग्लादेश की धरती पर कट्टरपंथियों के दबाव में फंसी मुहम्मद यूनुस सरकार ने अब पाकिस्तान को खुलकर मनमानी करने की छूट दे दी है। इससे वहाँ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी एक्टिव हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में पाकिस्तान रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी बना रहा है। इन रोहिंग्या आतंकियों को भारत में हमले करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आज से 53 साल पहले लाखों बांग्लादेशियों ने...पाकिस्तान के क्रूर शासन से आज़ादी के लिए कुर्बानी दी थी। लेकिन वह कुर्बानियाँ अब कब्र में दफ्न कर दी गई हैं...और बांग्लादेशी कट्टरपंथी पाकिस्तान को अपना रहनुमा मानने लगे हैं। बांग्लादेशी चिल्ला-चिल्ला कर पाकिस्तान का नाम तो ले रहे हैं। लेकिन अगर थोड़ा इतिहास पढ़ा होता तो अफगानिस्तान नज़र आता, जहाँ पाकिस्तान ने दखल दी। तालिबान खड़ा किया और अफगानिस्तान को बर्बाद कर दिया। अगर बांग्लादेश अब भी इस साज़िश को नहीं समझ पाया...तो शायद बांग्लादेश को दूसरा अफगानिस्तान कहा जाएगा।

प्रियंका सौरभ

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

**डॉ सत्यवान सौरभ**

ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से) , संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज़ से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं।

आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है।

व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं।

## सेहत मंत्र

# मसाला ही नहीं सेहत का खजाना भी है काली मिर्च

काली मिर्च का प्रयोग कई तरह की डिश में किया जाता है ताकि यह भोजन के स्वाद को बढ़ा सके। काली मिर्च महज एक स्पाइस नहीं है, बल्कि यह सेहत का खजाना है। कई तरह की बीमारियों को दूर करने में इसकी मदद ली जा सकती है। तो चलिए जानते हैं काली मिर्च से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पेट की परेशानियों को कहें अलविदा- यदि काली मिर्च का सेवन भोजन में किया जाए तो इससे पेट संबंधी परेशानियां जैसे पेट फूलना, अपच या कब्ज से छुटकारा मिलता है। ऐसा इसके एंटी बैक्टीरियल गुणों के कारण होता है। इतना ही नहीं, यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, जिससे भूख न लगने या कम भूख लगने की समस्या भी दूर होती है। घटाए वजन-अगर आप अपने वजन को नियंत्रित रखने की चाहत रखते हैं तो काली मिर्च को किसी न किसी रूप में अपनी डाइट में अवश्य शामिल करें। दरअसल, इसमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में मौजूद वसा की बाहरी परत को तोड़ते हैं। जिससे पहले से जमा फैट तो कम होता है ही, साथ ही अतिरिक्त फैट भी बॉडी में जमा नहीं हो पाता। मजबूत करें प्रतिरक्षा तंत्र- किसी भी तरह की बीमारी से लड़ने और उसे मात देते के लिए इम्युन सिस्टम का स्टांग होना बेहद आवश्यक है और इसे मजबूती प्रदान करने का काम करती है काली मिर्च। वास्तव में काली मिर्च में फोलेट व विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है। इसे आप चाहे तो भोजन में शामिल करें या फिर इसके पाउडर का सेवन पानी के साथ करें। खांसी-जुकाम से राहत-सर्दी के मौसम में हर घर में व्यक्तियों को खांसी जुकाम की समस्या होती ही है। ऐसे में काली मिर्च लाभकारी साबित होगी। दरअसल, काली मिर्च एक एंटी?बैक्टीरियल की तरह काम करती है, जिससे खांसी?जुकाम से राहत मिलती है। इसके सेवन के लिए एक चम्मच शहद में काली मिर्च को क्रश करके डालें और सेवन करें। तनाव करे दूर- आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव से जूझ रहा है तो ऐसे में काली मिर्च को डाइट में शामिल करने से इसे काफी हद तक मात दी जा सकती है। काली मिर्च में पिपरीन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन से लड़ने का काम करता है।

## धर्म मंत्र

# बारसूर में मामा भांजा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां धार्मिक स्थलों को देखने के लिए देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जगदलपुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में भी बारसूर की ऐतिहासिक धरोहरें कुछ ऐसी ही हैं, जिन्हें देखने के लिए हर साल दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोई यहां के धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं, तो कोई यहां के गौरवशाली इतिहास का जीवंत नजरा देखने आते हैं। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक ज्ञात पुरातात्विक स्थलों में से एक है बारसूर। यहां के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विद्वानों के बीच कोई एक मत नहीं है। कुछ का दावा है कि यह 840 ईसवीं से पहले के गंगावंशी शासकों की राजधानी थी। अन्य यह तर्क देते हैं कि इसे नागवंशियों द्वारा बनाया गया था। जिन्होंने 10वीं, 11वीं ईस्वीं में काकतियों द्वारा विस्थापित किए जाने से पूर्व लगभग तीन शताब्दियों तक इस भूमि की अधिकतर भूमि पर राज्य किया था। यह माना जाता है कि बारसूर में इसके अच्छे दिनों में लगभग 150 मंदिर थे। उनमें से एक 11वीं शताब्दी का चंद्रादित्य मंदिर है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण सामंती सरदार चंद्रादित्य द्वारा करवाया गया था और उसके नाम पर ही इसका नाम पड़ा। यहां पर पाए गए बारसूर शैली की अनेक मूर्तियों में गर्भगृह के दरवाजे पर विष्णु और शिव की संयुक्त प्रतिमा हरी-हर की भव्य मूर्ति है। खंडित मूर्ति में से, महिषासुरमर्दिनी, जिसे स्थानीय रुप से दंतेश्वरी कहते हैं। जिनकी मूर्ति को अभी भी पहचाना जा सकता है। बलिदानों का चित्रण करती हुई मूर्तियां और मंदिर के कोनों में अलंकृत नंदी बैठे हुए हैं।

## पर्यटन



# भारत के इन खूबसूरत शहरों में बिताएं फुर्सत और सुकून के पल

ट्रैवलिंग के लिए हर कोई ऐसी जगह की तलाश करता है जहां वह सुकून के पल बिता सकें। आप परेशान न हो क्योंकि आज हम आपके लिए कुछ ऐसी डेस्टीनेशन लेकर आए हैं, जोकि जन्नत से कम नहीं है। भारत के इन जगहों को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है। तो चलिए इन जगहों पर शांति और सुकून तो होता ही है साथ ही आपको घूमने का असली मजा भी मिलेगा।

1. असम, मजुली: ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसा माजुली भारत का सबसे बड़ा रिवर आइलैंड है लेकिन फिर भी बहुत कम लोग इस डेस्टीनेशन के बारे में जानते हैं। इसे युनेस्को की तरफ से वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी घोषित किया जा चुका है। यहां आप हरे-भरे पहाड़, साफ पानी के झारनों, पक्षियों की अलग-अलग प्रजातियां और चाय के बागानों को देख सकते हैं।

2. महाराष्ट्र, तरकली बीच: शोरगुल और भीड़-भाड़ से दूर आप महाराष्ट्र के इस हिल स्टेशन में भी अपनी छुट्टियों का मजा ले सकते हैं। काली नदी और अरब सागर के संगम पर स्थित इस बीच में आपको सुकून का अहसास होगा।

3. केरल, वायनाड: हरे-भरे वातावरण में छुट्टियां सुकून से बिताने के लिए यह हिल स्टेशन भी परफ़ेक्ट ऑप्शन है। पश्चिमी घाट वायनाड का सुकून वातावरण टूरिस्ट को अपनी तरफ अट्रैक्ट करता है।

4. मेघालय, मॉलिनॉन्ग: भारत के इस हिल स्टेशन को एशिया का ईको-फ्रेंडली देश घोषित कर दिया गया है। यहां काफी खूबसूरत वॉटरफॉल्स, हरे-भरे पेड़ और अद्भुत बिल्डिंग्स है, जहां आप घूमने का मजा ले सकते हैं।

5. कर्नाटक, गोकर्ण: कर्नाटक के गोकर्ण में आप प्राचीन मंदिर, सनसेट और सनराइज का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा यहां के स्वस्थ पानी में आप बोटिंग और गोताखोरी का मजा भी ले सकते हैं।

# सद्भावना दिवस के रूप में मनाएंगे सोनिया का जन्म दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। कंग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने आज रविवार को अपने ओबरी आवास पर यूपीए की चेयरपर्सन पूर्व कंग्रेस अध्यक्ष सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिवस 9 दिसम्बर की पूर्व संध्या पर प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद डा. पी.एल. पुनिया कंग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला तथा पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा मूख्य रूप से मौजूद थे।

पत्रकारों से वार्ता करते हुये पूर्व सांसद डा. पी.एल पुनिया ने कहा कि, भाजपा सरकार के नापाक मनसूबों को विफल करने के लिये हम अपनी नेता श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिवस सद्भावना दिवस के रूप में मनायेंगे और इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोग जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान देकर कंग्रेस पार्टी के प्रेम अहिंसा त्याग बलिदान का संदेश देशवासियों को देकर सोनिया जी की लम्बी उम्र की कामना करेंगे।

कंग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने पत्रकारों को बताया कि, अपनी प्रिय नेता श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर कंग्रेसजन स्थानीय जिला अस्पताल में रक्तदान करके मरीजों में फल वितरण करेंगे और समाज के सभी वर्गों के लोगों को कंग्रेस पार्टी का यह संदेश देंगे कि, भाजपा के नापाक मंसूबों से हम बटने वाले नही हैं। हम एक थे और एक रहेंगे। अपनी प्रिय नेता श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर उनकी लम्बी उम्र की कामना करके कंग्रेसजन यह संकल्प करेंगे कि, नफरत के बीज बोने वाली भाजपा के खिलॉफ हम सभी एकजुट होकर उनके समाज, संविधान विरोधी हर कार्य का विरोध करेंगे।

# मदरसा शिक्षकों छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। दो बूंद दवा, पोलियो हवा ,एक भी बच्चा छूटा सुरक्षा चक्र टूटा, जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलाना है।

आदि के नारों के मध्य नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला अहिरान स्थित मदरसा दारुल उलूम अरफीया के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली।

रैली में उपस्थित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा सिनेमा हॉल बड़ी बाजार अहिरन मिल्लत नगर सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर भर में पोलियो के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर डॉक्टर रिजवान प्रधानाचार्य असलम अंसारी मोहम्मद हसीब सिद्दीकी ताज मोहम्मद सिद्दीकी, मोहम्मद नसीम साहिल मास्टर रमजान मास्टर कलाम सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दौलतपुर पहुँचे प्रमुख सचिव रविन्द्र देखा हाईटेक फार्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। विकास खंड हरख के दौलतपुर गांव में रविवार को कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र कुमार ने पद्मश्री से सम्मानित प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा के हाईटेक फार्म का दौरा किया। करीब 1 बजे पहुंचे प्रमुख सचिव ने श्री वर्मा की उन्नत कृषि तकनीकों और फसल प्रबंधन का निरीक्षण किया।

रामशरण वर्मा ने प्रमुख सचिव को अपने फार्म पर उगाई जाने वाली फसल केला, टमाटर, आलू और शिमला मिर्च के उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नर्सरी से लेकर फसल की जुताई, बुवाई और तैयार होने तक के हर चरण को समझाया। उनकी उन्नत खेती तकनीक और नवाचार देखकर प्रमुख सचिव समेत सभी अधिकारी प्रभावित हुए। किसानों को प्रेरणा लेने की दी सलाह, प्रमुख सचिव रविंद्र कुमार ने बाराबंकी के अन्य किसानों को भी रामशरण वर्मा से प्रेरणा लेकर हाईटेक खेती को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्मा जी की तकनीक से खेती करने से फसल की पैदावार बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो सकती है। फार्म पर प्रमुख सचिव ने खेती में इस्तेमाल होने वाले उन्नत उपकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने 56 इंच की बुवाई करने वाले विशेष ट्रैक्टर की तकनीक को लेकर भी रामशरण वर्मा से चर्चा की। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# एक बूंद जिंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। एक बूंद जिंदगी की नौनिहालों को पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का रविवार को शुभारम्भ किया गया।

सिरौलीगौसपुर विकास खंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत क्षेत्र के 80 बूथों पर बच्चों को रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई।जिसमे 8577 बच्चों को दवाई पिलाई गई। सीएचसी परिसर में बनाये गए केंद्र पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने नौनिहालों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आशा बहु सुमन ,आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिमा यादव , चंद्रेश, सहित कई स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने बताया कि दिए 0 से 5 वर्ष तक की उम्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक वंचित नहीं रहेगा। रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरु किया गया। इसकी शुरुआत नौनिहालों को दवा पिलाकर की। उन्होंने बताया कि पहले दिन बूथ पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, वहीं आगामी दो दिन सोमवार व मंगलवार को टीमें घर-घर जाकर वंचित बच्चों को दवा पिलाएगी।

निंदूरा प्रतिनिधि ने बताया कि रविवार को घुंघटेर,गड़ियां, झिंझना,गंगोली ,टिकैतगंज सहित 99 बूथों पर सीएचओ घुंघटेर में आशा और एएनएम के सहयोग से शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई।सीएचसी अधीक्षक डॉ आरपी वर्मा ने बताया कि आते जाते राहगीरों के लिए कैम्प लगाए गए थे।कस्बा कुर्सी,टिकैतगंज,बड्डूपुर चौराहे पर भी कैंप लगाकर बच्चों को दवा पिलाई गई।कस्बा टिकैतगंज के प्राथमिक विद्यालय में सीएचओ अमन कुमार की उपस्थित में आशा ने 145 बच्चो को दवा पिलाई।ग्राम ठकुरामऊ में पल्स पोलियों अभियान रैली निकाल कर जागरूक किया गया।

## बाइक भिड़ी महिला की मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी हथौंधा क्षेत्र में रविवार को दो बाइकों की भिड़ंत में एक महिला की मौत हुई। बताते हैं कि बाइक में पीछे सवार घायल महिला रीता देवी उम्र लगभग 42 वर्ष पत्नी राकेश कुमार निवासी गोपाल पुरवा मजरे गाजीपुर की सीएचसी में इलाज दौरान मौत हुई।

## संदिग्धता में हुई दुर्घटना अधिवक्ता की मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की देर शाम सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी 35 वर्षीय अधिवक्ता मनीष कुमार द्विवेदी पुत्र रविंद्र कुमार द्विवेदी मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मलौली अपनी ससुराल में एक वैवाहिक कार्यक्रम तेल पूजन मे अपनी बुलेरो गाडी से गये थे।ससुराल मे अपनी पत्नी को छोड़ने के बाद बुलेरो गाडी से मामा की लड़की दीक्षा चतुर्वेदी पुत्री केदारनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम सराय का स्थान व शौरभ पुत्र महेश निवासी भवानीपुर थाना सफदरगंज के साथ कस्बा सहादतगंज से वापस लौट रहे थे कि मलौली गाँव के निकट हनुमान मंदिर के निकट बुलेरो असुंतलित होकर पलट गयी जिसके नीचे अधिवक्ता दब कर गंभीर रूप से घायल हुए।गाडी मे सवार दीक्षा चतुर्वेदी उसी बुलेरो से घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल ले गयी। जहां चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ज्ञानेश कुमार द्विवेदी ने मसौली पुलिस ने तहरीर देकर दीक्षा चतुर्वेदी व सौरभ के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत रंजीतपुर सोनहरा मोड पर शनिवार की देर रात थाना क्षेत्र के ही रंजीतपुर गांव निवासी बाइक सवार 45 वर्षीय उमाकांत सिंह पुत्र अमरपाल सिंह और फतेहपुर थाना क्षेत्र के अल्लापुर रानीमऊ गांव निवासी (55) वर्षीय राजेश कुमार पुत्र रामजीलाल व अंकित पुत्र रामनारायण की बाईकें आमने–सामने टकरा गई जिससे सड़क किनारे गिर कर तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज भेजा गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उमाकांत सिंह व राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। वही अंकित की हालत को नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## ट्राली पलटी, श्रमिक की मौत

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामसनेहीघाट के लखनऊ अयोध्या एन एच 27 हाईवे पर धरौली गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर हाईवे के नीचे गड्ढे में जा कर पलट गया।हादसे में ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हुई।जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। बताते हैं कि असन्द्रा क्षेत्र के अमहिया गांव निवासी सचिन यादव और अनिल यादव दरियाबाद में भठ्ठे की ईंट उतार कर आ रहे थे।तभी हादसा हुआ।

## डीएम ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण

पूरनपुर। डीएम संजय कुमार सिंह ने तहसील कलीनगर क्षेत्रान्तर्गत कलीनगर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ–सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 197 में निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिलाधिकारी ने गौवंशों की नियमित देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों के ईयर टैगिंग व कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि पशु चिकित्सक द्वारा नियमित गोवंशों की देखभाल की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। मौके पर केयर टेकर उपस्थित पाए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही साथ उन्होंने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड माधौटांडा में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे सभी को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए। इसके उपरांत उन्होंने विद्युत वितरण खण्ड माधौटांडा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत सप्लाई के बारे में जानकारी ली। इस दौरान संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण इलाकों में 18 घंटे विद्युत सप्लाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल उन्हें बदल जाए।

# बेटियों को मिले बेहतर माहौल, इसके लिए लगातार काम कर रही सरकार : प्रियंका मौर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या । राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या 11 दिसंबर मंगलवार को अयोध्या जनपद में जनसुनवाई करेगी । अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान प्रियंका मौर्या महिलाओं से वार्ता करेगी साथ में जिला जेल, आंगनबाड़ी केंद्र , कस्तूरबा गांधी आवासीय महिला विद्यालय का निरीक्षण करने के साथ साथ महिलाओं की स्थित से भी रूबरू होंगी । जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य लगातार महिलाओं के अधिकार एवं जागरूकता के संदर्भ में काम कर रही है इनके द्वारा मिशन शक्ति समेत बेटियों को बेहतर , सुरक्षित वातावरण मिले उसके लिए काम कर रही है । राज्य महिला आयोग की सदस्य के दौरान बताया कि आगामी 11 दिसंबर को जनपद अयोध्या का एक दिवसीय दौरा किया जाएगा इस दौरान जिला कारागार , कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय , आंगनबाड़ी केंद्र महिला थाना समेत जनसुनवाई की जाएगी । महिला संबंधित अपराधों की समीक्षा के साथ साथ बेटियों को सुरक्षित माहौल कैसे दे रहे इस पर अधिकारियों से वार्ता होगी।



11 दिसंबर को अयोध्या में होंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या , करेगी जनसुनवाई

डॉ प्रियंका मौर्या ने मीडिया से बातचीत

> महिलाएं आगे बढ़ रही है , हर क्षेत्र में नाम कर रही है ।महिलाओं को सुरक्षा के साथ साथ सम्मान मिले वे आगे बढ़े इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है राज्य महिला आयोग भी बेटियों की स्थित पर नजर बनाए हुए है ।
>
> **डॉ प्रियंका मौर्या**
> **सदस्य राज्य महिला आयोग**
> **उत्तर प्रदेश**

## खलिहान की जमीन पर बनाया आशियाना

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में वैसे तो दंबगो ने घूर गढढ़ा नाली चकरोड खलिहान तालाब की बेशकीमती जमीन पर अवैध निर्माण या अपने अधिकृत करके कब्जा कर लिया है लेकिन तहसील बल्दीराय के जिम्मेदार अधिकारी शासन व उच्चन्यायालय के आदेश के बाबजूद भी सरकारी जमीनो से न तो अवैध निर्माण हटवा सके न ही हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगवा सके तहसील के जिम्मेदार सिर्फ कागजी कोरम पूरा कर शासन स्तर पर वाहवाही लूट रहे है।

ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां ग्रामीणो ने खलिहान की बेशकीमती जमीन पर हुए कब्जे को हटवाने के लिए थाना तहसील सहित लगभग पांच प्रार्थनापत्र अधिकारियो को दिए लेकिन राजस्व जैसा इमानदार महकमें के कर्मचारी प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही न करने के लिए दंबगो से साठ गाठ कर अवैध कब्जा करने की खुली छूट दे देते है, अधिकांश ग्राम पंचायतो में राजस्व कर्मियो की वजह से ही सैकड़ो बीघे सरकारी बेशकीमती जमीन दंबगो के चंगुल में है। भवानीगढ़ बाजार जमीन के कब्जे के मामले में हमेशा चर्चा में रहा है ग्रामीण बताते है कि ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 670 जो खलिहान के नाम बतौर राजस्व खाते में दर्ज भी है जिस पर गांव के ही दंबग किस्म के आधा दर्जन लोगो ने पहले तो अपना आशियाना बनाया जिस पर ग्रामीणो ने तत्काल तहसील के जिम्मेदारो से निर्माण रोकवाने की शिकायत की लेकिन कार्यवाही न होने पर दंबगो का आशियाना खड़ा हो गया। अब इन्ही दंबगो ने खलिहान रकवे की शेष बची जमीन पर अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों का किया मौका मुआयना एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील कलीनगर क्षेत्र के अंतर्गत शिकायतकर्ता हेतराम, निवासी ग्राम चांदूपुर एवं मेघनाथ नि0ग्रा0 ककरौआ की आईजीआरएस की शिकायतों का मौका मुआयना भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कलीनगर ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता हेतराम द्वारा ग्राम चांदूपुर में दबंग एवं भूमाफियाओं द्वारा अवैधानिक रूप से चकरोड़ व ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के सम्बन्ध में शिकायत की। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कलीनगर के साथ मौके पर जाकर जॉच की गयी। उप जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम चांदूपुर स्थित गाटा संख्या 366 रकवा 0.739 भूमि रास्ता के नाम दर्ज अभिलेख है जो रास्ता भू चित्र में कहीं सकरा कहीं चौड़ा है, शिकायतकर्ता की उपस्थिति में पैमाइश कराकर रास्ते को कब्जा मुक्त कर दिया गया है, रास्ते में मिट्टी का कार्य करने के निर्देश दिए। उक्त निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट है।इसके साथ ही शिकायतकर्ता मेघनाथ नि0ग्रा0 ककरौआ द्वारा ग्राम नदिया धनेश स्थित चकरोड से कब्जा हटवाए जाने के संबंध में शिकायत की गई। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कलीनगर के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि ग्राम नवदिया धनेश के चकमार्ग गाटा संख्या 228 रकवा 0.130 के किनारे पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगे होने के कारण आवागमन में अवरोध उत्पन्न हो रहा था। चक रोड के पेड़ों को पूर्व में कटवाकर अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। वर्तमान में आवागमन में कोई समस्या नहीं हो रही है। उक्त निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट है। इस दौरान उप जिलाधिकारी कलीनगर, नायब तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मेला के चंदे को लेकर हुआ विवाद में चाकू से हमले का आरोप पुलिस जांच में जुटी

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असंद्रा थाना क्षेत्र में रविवार को देर शाम मेला के चंदे को लेकर हुई कहासुनी के दौरान गांव के ही कुछ लोग एक युवक की पिटाई कर रहे थे ।युवक को पिटते देख जब उसका भाई उसे बचाने आया तो हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया ।पेट और सिर में चाकू लगने से युवक बुरी तरह घायल हुआ है ।पुलिस ने घायलों को उपचार और परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है । मामला थाना क्षेत्र के बबुरीगांव का है ।यहां रविवार को सती माता मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया था ।गांव का चंद्र कुमार मिश्र मेला देखने आया था ।जहां उसका गांव के ही विकास पांडेय से चंदे को लेकर विवाद होने लगा ।इसी बीच विकास के समर्थन में आए विनय सूर्यप्रकाश और कृपा शंकर आदि चंद्रकुमार की लात घूंसे से पिटाई करने लगे ।चंद्रकुमार को बचाने आए उसके भाई राहुल मिश्र और भतीजे शुभम को भी उक्त लोग पीटने लगे ।आरोप है कि पिटाई के दौरान विकास ने जान से मारने की नीयत से राहुल पर चाकू से कई प्रहार कर दिए ।सिर और पेट में चाकू लगने से राहुल बुरी तरह से घायल हो गया ।चंद्रकुमार और शुभम भी चोटिल हुए हैं ।पुलिस ने घायलों को उपचार और परीक्षण के लिए अस्पताल भेजते हुए जांच में जुट गई ।

## ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर से बाइक सवार की मौत

सुबेहा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी । इस दुर्घटना के दौरान युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजन को सूचित किया व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया ।जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा सुबेहा हवेली वार्ड निवासी मोनू पुत्र मुस्ताक कस्बा स्थित काशीराम कालोनी आवास में पूरे परिवार के साथ रहता था शनिवार की रात घर से मोटरसाइकिल से काशीराम कालोनी आवास मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी पूरे जबर मोड के समीप पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार मे ट्रैक्टर ट्राला ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक सड़क पर गिर पड़ा पहिया के नीचे उसका सिर आ जाने से कुचलकर घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजन की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद से घर में कोहराम मच गया है और परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

## लव जिहाद के शिकार पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे हिंदू पदाधिकारी

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लव जिहाद का शिकार हुए लड़की के परिजनों से हिंदू संगठन ने ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाते कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही,

थाना असंद्रा क्षेत्र के एक गांव में लव जिहाद व धर्मांतरण के आरोप का मामला सामने आने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था किंतु आरोपी आरिफ गिरफ्तार न किए जाने से पर मामला बृहद तौर पर तूल पकड़ रहा है रविवार को हिंदू राष्ट्र शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर प्रत्येक सहयोग की बात कही। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अन्नू जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह अनुज महामंत्री जयसिंह यादव, राहुल सिंह पंडित अंशू शुक्ला, शिवम् यादव सहित दर्जनों की संख्या में हिंदू राष्ट्र शक्ति संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे,

## सीएम से मिले बैजनाथ रावत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भट की इस दौरान उन्होंने बाराबंकी जनपद में विकास के संदर्भ में बातचीत की ।

# यह झूठ है कि हेड ने मुझसे कहा ‘अच्छी गेंदबाजी की’: सिराज

एजेंसी

एडिलेड। शतकवीर ट्रेविस हेड को आउट करने के बाद कहासुनी में उलझने के लिए आलोचना का सामना कर रहे मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज की उस टिप्पणी को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज की तारीफ करने का दावा किया था।

हेड ने 141 गेंदों में 140 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 157 रन की शानदार बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पारी की 82 वें ओवर में उनके आउट होने के बाद सिराज और हेड में तीखी नोकझोंक हुई। हेड ने इसके बाद प्रसारकों से कहा, ‘‘मैंने उसे कहा कहा ‘अच्छी गेंदबाजी की’। लेकिन उसने कुछ और ही सोचा और मुझे बाहर जाने की ओर इशारा किया। पिछली कुछ पारियों में जिस तरह से चीजें हुईं, मैं उससे थोड़ा निराश हूं। सिराज ने हालांकि उनके बयान को झूठ करार देते हुए ‘स्टार स्पोर्ट्स पर हरभजन सिंह से कहा, ‘‘ यह एक अच्छा संघर्ष था। मुझे उसके खिलाफ गेंदबाजी करना पसंद है। उसने 140 रन की पारी के दौरान वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, ‘‘ जब आपकी अच्छी गेंद पर भी छक्का लग जाता है तो थोड़ी निराशा होती है। यह आपके जज्बे को बढ़ाता है। जब मैंने उसे आउट करने के बाद जश्न मनाया लेकिन उसने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया। सिराज ने कहा, ‘‘यह झूठ है कि उसेन मुझसे ‘अच्छी गेंदबाजी की’ कहा। यह घटना तब हुई जब सिराज ने 76 रन के स्कोर पर हेड का कैच छोड़ दिया था। इस बल्लेबाज ने इसके बाद उनकी गेंद पर छक्का भी जड़ा था। हैदराबाद के इस खिलाड़ी ने तुरंत हेड को बोल्ड कर जोश से जश्न मनाते हुए उन्हें वापस जाने का इशारा किया। ड्रेसिंग रूम में जाने से पहले हेड ने कुछ शब्द बोलकर प्रतिक्रिया व्यक्त की। एडिलेड पर मौजूद रिकॉर्ड 50,000 से अधिक दर्शकों ने सिराज की हूटिंग की। बाद में तेज गेंदबाज को अंपायरों के साथ दर्शकों की प्रतिक्रिया पर चर्चा करते हुए देखा गया।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से हराया

एजेंसी





एडिलेड। पैट कमिंस के पंजे और ट्रैविस हेड (140) रनों की शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में भारत को 175 पर ढ़ेर करने के बाद 3.2 ओवर में बिना कोई विकेट गवांए 19 रनों के लक्ष्य को हासिल कर 10 विकेट से जीत दर्ज की। इसी साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में एक-एक से बराबरी कर ली हैं। ट्रैविस हेड को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए ‘प्लेयर ऑफ द मैच’ से नवाजा गया।

आज यहां इससे पहले भारत ने कल के पांच विकेट पर 128 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 128 के स्कोर ही मिचेल स्टार्क ने ऋषभ पंत (28) को आउट कर भारत को छठा झटका दिया। पैट कमिंस ने रवि अश्विन (सात) को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट कराया। हर्षित राणा (शून्य) और मोहम्मद सिराज (सात) रन बनाकर आउट हुये। नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी सर्वाधिक (42) रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे कोई भी भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। भारत की दूसरी पारी 36.5 ओवर में 175 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने पांच विकेट लिये। स्कॉट बोलैंड को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए मिले 19 रनों के लक्ष्य को 3.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए हासिल कर दूसरे टेस्ट मैच में जीत दर्ज की। नेथन मैकस्वीनी (10) और उस्मान ख़्वाजा (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 180 रन बनाये थे। जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में ट्रैविस हेड (140) रनों की शतकीय पारी के दम पर 337 रनों का स्कोर खड़ा किया था।

दूसरी पारी में मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने महज 3.2 ओवर में बिना विकेट गवाएं लक्ष्य को हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने सबसे ज्यादा नाबाद 10 रन बनाए। नाथन मैकस्वीनी के अलावा उस्मान ख्वाजा ने नाबाद नौ रन बनाए। सीरीज का तीसरा मुकाबला शविवार यानी 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा में भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े पांच बजे से खेला जाएगा। तीसरे टेस्ट में टीम इंडिया की निगाहें सीरीज में वापसी करने पर होगी।

इससे पहले दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दूसरे टेस्ट में टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की पहली पारी का आगाज निराशाजनक रहा और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद केएल राहुल और शुभमन गिल ने मिलकर पारी को संभाला। पहली पारी में भारत की पूरी टीम 44।1 ओवरों में 180 रन बनाकर सिमट गई। टीम इंडिया की तरफ से युवा आलराउंडर नितीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 42 रनों की पारी खेली। नितीश रेड्डी के अलावा केएल राहुल ने 37 रन बनाए।

दूसरी तरफ, ऑस्ट्रेलिया की टीम को दिग्गज तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने पहली बड़ी कामयाबी दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिशेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा छह विकेट अपने नाम किए। मिशेल स्टार्क के अलावा स्कॉट बोलैंड और पैट कमिंस ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। टीम इंडिया इस मैच में वापसी करना चाहेगी। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 87।3 ओवरों में 337 रन बनाकर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहली पारी में 157 रनों की बढ़त हासिल कर ली हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विस्फोटक बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने सबसे ज्यादा 140 रनों की पारी खेली। इस शानदार पारी के दौरान ट्रैविस हेड ने महज 141 गेंदों पर 17 चौके और चार छक्के लगाए। ट्रैविस हेड के अलावा मार्नस लाबुशेन ने 64 रन बनाए। दूसरी तरफ, टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह ने पहली कामयाबी दिलाई। टीम इंडिया की ओर से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा चार-चार विकेट अपने नाम किए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के अलावा आर अश्विन और नितीश रेड्डी ने एक-एक विकेट लिए।

दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन टीम इंडिया की दूसरी पारी 36।5 ओवरों में महज 175 रन बनाकर सिमट गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 122 रन से हराकर महिला वनडे श्रृंखला पर किया कब्जा

एजेंसी



ब्रिसबेन। जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 122 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

अपना दूसरा एकदिवसीय खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में छह छक्के और सात चौकों की मदद से 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाने के बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट दिया। फोबे लिचफील्ड (60) और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलायी। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और बेथ मूनी (56) के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिये। मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट जबकि रेणुका सिंह (78 रन पर एक विकेट), दीप्ति शर्मा (59 रन पर एक विकेट), और प्रिया मिश्रा (88 रन पर एक विकट) को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मैच में कभी मजबूत स्थिति मे नहीं दिखी। पारी का आगाज करने उतरी रिचा घोष ने 72 गेंद में 54 रन बनाये लेकिन जेमिमा रौड्रिग्स (43) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (38) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। मिन्नू मनी ने आखिरी ओवरों में 45 गेंद में नाबाद 46 रन बनाये लेकिन उनका यह योगदान टीम की हार के अंतर को ही कम कर पाया। ऑस्ट्रेलिया के लिए अनाबेल सदरलैंड ने 8.5 ओवरों में 38 रन देकर चार विकेट लिये।

# हमने पर्थ की निराशा को वहीं छोड़कर ‘बाहर के शोर’ पर ध्यान नहीं दिया: स्टार्क


एजेंसी

एडिलेड। भारत के खिलाफ गुलाबी गेंद टेस्ट मैच में जीत के नायकों में से एक ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने रविवार को कहा कि उनकी टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में अपनी बड़ी हार की निराशा को पर्थ में ही छोड़ने के साथ ‘बाहरी शोर (आलोचना)’ पर ध्यान नहीं दिया।

पांच मैचों की श्रृंखला में पर्थ में खेले गये शुरुआती टेस्ट भारत को पहली पारी में सिर्फ 150 रन पर आउट करने के बावजूद 295 रन की शर्मनाक हार से मेजबान टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। गुलाबी गेंद से अपने दबदबे को बरकरार रखते हुए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क ने दूसरे टेस्ट की पहली ही गेंद पर पर्थ के शतकवीर यशस्वी जयसवाल को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को स्वप्निल शुरुआत दिलायी। उन्होंने इस मैच में 108 रन पर आठ विकेट झटक कर शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने छह विकेट के साथ भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। स्टार्क ने मैच के बाद कहा, ‘‘ उस मैच के बाद बाहर काफी शोर (आलोचना) था लेकिन हमने पर्थ (की निराशा) को पर्थ में ही छोड़ दिया था। गुलाबी गेंद से अपनी योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ‘‘ मेरे दृष्टिकोण में कुछ भी नहीं बदलता था। मैंने यहां गेंद की लंबाई में थोड़ी बदलाव कर उसे आगे की तरफ रखा था। यह (गुलाबी गेंद) लाल गेंद की तुलना में सफ़ेद गेंद के ज्यादा करीब है। उन्होंने कहा, ‘‘हम बल्ले और गेंद के साथ वास्तव में सकारात्मक रवैया अपनाया था और टीम को इसका फायदा मिला।

# विदेशी मुद्रा भंडार 658.1 अरब डॉलर पर

एजेंसी





मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर के इजाफ़े के साथ 658.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर कम होकर 556.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 568.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 59.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 66.9 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 2.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 2.2 करोड़ डॉलर के इजाफ़े के साथ 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# जनवरी से महंगी हो जायेगी कारें

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश की अधिकांश वाहन निर्माता कंपनियां एक ओर जहां वर्ष के अंत में वाहनों को निकालने के लिए जबदरस्त ऑफरों की पेशकश कर रही है वहीं दूसरी ओर सामग्री लागत में हो रही बढ़ोतरी, कमोडिटी मूल्य निर्धारण में उतार-चढ़ाव, खर्चों में वृद्धि और बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुये जनवरी 2025 से अपने वाहनों की कीमतों में वृद्धि करने का ऐलान किया है। यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने नए साल में कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मारुति सुजुकी ने एक बयान जारी कर कहा कि उसके वाहनों की कीमतों में चार फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी।

यात्री वाहन बनाने वाली दूसरी बड़ी कंपनी हुंडई मोटर ने भी अपने वाहनों की कीमत में वृद्धि की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह कीमतों में 25 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। हालांकि, कोरियाई कार निर्माता ने एक निश्चित राशि या प्रतिशत नहीं बताया है, जिसके द्वारा मूल्य निर्धारण में वृद्धि की जाएगी। हुंडई क्रेटा, एक्सटीरियर, वेन्यू, टक्सन और अल्काजर जैसी लोकप्रिय एसयूवी की कीमतें बढ़ेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि उसके उत्पादों की कीमतें भी नए साल में तीन फीसदी तक बढ़ जाएंगी। थार, एक्सयूवी 700, स्कॉर्पियो, एक्सयूवी 3एक्सओ, एक्सयूवी 400 और नई-नवेली इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म कारों बीई 6 और एक्सईवी 9ई सहित अपनी एसयूवी के लिए प्रसिद्ध है। भारत में जेएसडब्ल्यू समूह के स्वामित्व वाली एमजी मोटर ने घोषणा की है कि वह नए साल में भी अपने उत्पादों की कीमतों में वृद्धि करेगी। कार निर्माता ने उल्लेख किया कि मॉडल के आधार पर मूल्य में तीन प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं होगी। कंपनी ने बढ़ती इनपुट लागत और अन्य बाहरी कारकों के कारण मूल्य निर्धारण में वृद्धि को महत्वपूर्ण बताया है। मर्सिडीज-बेंज और अन्य लक्जरी कार निर्माताओं ने भी घोषणा की है कि वे जनवरी 2025 से अपनी कारों को बढ़ी हुई कीमतों पर पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज ने घोषणा की है कि उसकी कारों की कीमत तीन प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। बीएमडब्ल्यू ने भी 2025 से तीन प्रतिशत तक की समान मूल्य वृद्धि की घोषणा की है। ऑडी इंडिया भी भारत में अपने पूरे पोर्टफोलियो के लिए तीन प्रतिशत तक की कीमत वृद्धि की घोषणा की है।

# महंगाई आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणी से इस महीने के अंत में ब्याज दर में चौथाई फीसदी की कटौती होने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब ढाई प्रतिशत उछले घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह नवंबर के जारी होने वाले थोक एवं खुदरा महंगाई के आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1906.33 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 81709.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 546.7 अंक यानी 2.3 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24677.80 अंक हो गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों के प्रति निवेश धारणा अधिक मजबूत रही। इससे मिडकैप 1598.87 अंक अर्थात 3.5 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 47669.72 अंक और स्मॉलकैप 1850.85 अंक यानी 3.4 प्रतिशत की उड़ान भरकर 57050.71 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की विकास दर में गिरावट के बावजूद अक्टूबर में कोर सेक्टर का उत्पादन और सेवा पीएमआई आंकड़ों में स्थिरता से सुधार के संकेत की बदौलत बीते सप्ताह बाजार में सकारात्मक रुख बना रहा। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नरम मौद्रिक नीति की उम्मीद में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के भारत की ओर सकारात्मक रुख से भी धारणा को बल मिला। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने विकास पूर्वानुमान में संशोधन करके इसे और अधिक यथार्थवादी बना दिया है। केंद्रीय बैंक ने सीआरआर में 50 आधार अंकों की कटौती करके वित्तीय प्रणाली में तरलता को बढ़ावा देते हुए दोहराया है कि व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना महत्वपूर्ण बना हुआ है। सरकारी के पूंजीगत व्यय में अपेक्षित वृद्धि से वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में बुनियादी ढांचा, पूंजीगत सामान, रियल्टी, सीमेंट और धातु उद्योगों को कुछ प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद में निवेशक अब गतिशील शेयरों में निवेश कर रहे हैं। आरबीआई के तरलता बढ़ाने के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने बेहतर प्रदर्शन किया। चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति में नरमी आने की संभावना से अगले वर्ष फरवरी की मौद्रिक नीति बैठक के लिए भी दृष्टिकोण सकारात्मक है और इसे सब्जियों की कीमतों में मौसमी सुधार, खरीफ फसल की आवक और अनुमानित रबी उत्पादन से समर्थन मिलेगा।



अगले सप्ताह बाजार की दिशा अमेरिकी रोजगार और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों से प्रभावित होगी। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फ़ेडरल रिजर्व की दिसंबर में होने वाली बैठक के बारे में कुछ जानकारी मिलेगी। इनके अलावा अगले सप्ताह स्थानीय स्तर पर नवंबर की खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं, जिसका असर बाजार पर देखा जा सकेगा। बीते सप्ताह शेयर बाजार में लगातार चार दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट रही। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और धातु समेत 18 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 445.29 अंक की छलांग लगाकर 80,248.08 अंक और निफ्टी 143.50 अंक उछलकर 24,274.60 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणी से इस महीने के अंत में ब्याज दर में चौथाई फीसदी की कटौती होने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 597.67 अंक की छलांग लगाकर 80,845.75 अंक और निफ्टी 181.10 अंक उछलकर 24,457.15 अंक पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर रियलटी, आईटी, बैंकिंग, वित्तीय सेवायें जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर बुधवार को सेंसेक्स 110.58 अंकों की बढ़त के साथ 80956.33 अंक और निफ्टी 10.30 अंकों की तेजी लेकर 24467.45 अंक पर रहा। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के ब्याज दर कटौती में सतर्कता बरतने के रुख से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन गुलजार रहा। सेंसेक्स 809.53 अंक की छलांग लगाकर करीब छह सप्ताह बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81,765.86 अंक पर पहुंच गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एचडीएफसी स्काई ने नई युवा योजना का अनावरण किया

लखनऊ। एचडीएफसी स्काई अपने अभूतपूर्व युवा योजना के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित है, जिसे विशेष रूप से अगली पीढ़ी और सहस्राब्दी को सशक्त बनाने के लिए बनाया गया है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य युवा व्यक्तियों को उच्च ज्ञान और दृढ़ विश्वास के साथ वित्तीय बाजारों में नेविगेट करने के लिए आवश्यक उपकरण, ज्ञान, अवसर और संसाधनों से लैस करना है। इस लॉन्च के जवाब में एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीओओ और सीडीओ संदीप भारद्वाज ने कहा, हमारे युवा निवेशक, विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष की आयु वाले भारत के जनसांख्यिकीय परिदृश्य के एक गतिशील और परिवर्तनकारी सेगमेंट का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालाँकि ऑनलाइन टिप्स का आकर्षण और त्वरित सफलता का वादा आकर्षक हो सकता है, लेकिन उनके लिए विश्वसनीय रिसर्च पर भरोसा रखना महत्वपूर्ण है। शेयर बाजार की जटिलताओं से निपटने के लिए बाजार के रुझान, प्रभावी जोखिम प्रबंधन और विभिन्न रणनीतियों की व्यापक समझ की आवश्यकता होती है। ये दक्षताएँ शिक्षा के माध्यम से सर्वोत्तम रूप से विकसित होती हैं। टिप्स पर भरोसा करने से गलत जानकारी वाले निर्णय हो सकते हैं और संभावित रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय असफलताएं हो सकती हैं। हम अपने युवाओं को एचडीएफसी स्काई पर उपलब्ध अनुसंधान सिफारिशों का लाभ उठाने और हमारे शिक्षण मॉड्यूल, स्काई लर्न के माध्यम से अपने वित्तीय ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। 25 वर्ष से कम आयु के ग्राहकों के लिए नया लॉन्च किया गया युवा प्लान युवा निवेशकों के लिए एक असाधारण अवसर प्रदान करता है। इक्विटी, डेरिवेटिव, म्यूचुअल फंड, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड, मुद्रा और कमोडिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कोई ब्रोकरेज या खाता रखरखाव शुल्क नहीं है। यह योजना युवा निवेशकों को अपने पहले वर्ष के दौरान अतिरिक्त लागत के बिना डिलीवरी और इंट्राडे ट्रेडिंग दोनों में संलग्न होने में सक्षम बनाती है। ग्राहक मात्र 499 रुपये प्रति वर्ष के मामूली शुल्क पर यूथ प्लान की सभी सुविधाओं को अनलॉक कर सकते हैं।

### देवजीत सैकिया बीसीसीआई के कार्यवाहक सचिव नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने देवजीत सैकिया को बोर्ड का कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। वह जय शाह का स्थान लेंगे जिन्होंने हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए अध्यक्ष का पद संभाला है। असम के रहने वाले सैकिया पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। वह फिलहाल बीसीसीआई के संयुक्त सचिव हैं। बिन्नी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सैकिया को कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। यह बीसीसीआई के नियमों के तहत स्थायी सचिव की नियुक्ति होने तक के लिए अस्थायी व्यवस्था है। समझा जाता है कि सैकिया अगले साल सितंबर तक इस पद पर बने रहेंगे और इसके बाद स्थायी रूप से सचिव की नियुक्ति की जायेगी।

### अगले सप्ताह पांच मुख्य बोर्ड, छह एसएमई 18,500 करोड़ रुपये जुटाने को पेश करेंगी आईपीओ

नयी दिल्ली। अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में हलचल मचने वाली है। विशाल मेगा मार्ट, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स जैसी 11 कंपनियां अपने आरंभिक शेयर बिक्री (आईपीओ) के लिए तैयार हैं, जिनका सामूहिक लक्ष्य लगभग 18,500 करोड़ रुपये जुटाना है। इस दौरान पेश किए जाने वाले मुख्य बोर्ड के अन्य आईपीओ में इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड शामिल हैं। पांच मेनबोर्ड आईपीओ के साथ, छह सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एसएमई) अगले सप्ताह अपने पहले सार्वजनिक निर्गम जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। इनका लक्ष्य सामूहिक रूप से 150 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का है। इन 11 कंपनियों का लक्ष्य कुल मिलाकर सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से लगभग 18,500 करोड़ रुपये जुटाना है। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और सौदा आकार में होंगे और इनमें नए निर्गम और बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल होंगे। कंपनियां मौजूदा शेयरधारकों को बाहर निकलने का रास्ता उपलब्ध कराने, विस्तार योजनाओं के लिए धन जुटाने, कर्ज चुकाने और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राथमिक बाजार का इस्तेमाल कर रही हैं। साल 2024 में अब तक हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित 78 मुख्य बोर्ड की कंपनियों ने मुख्य बोर्ड के माध्यम से सामूहिक रूप से लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह 2023 में इस मार्ग से 57 कंपनियों द्वारा जुटाए गए 49,436 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। विशाल मेगा मार्ट, साई लाइफ साइंसेज और मोबिक्विक के आईपीओ 11 दिसंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेंगे और 13 दिसंबर को बंद होंगे। इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस और इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के तीन दिन के आईपीओ क्रमशः 12 दिसंबर और 13 दिसंबर को खुलेंगे।

### भारत में एफडीआई निवेश 1,000 अरब डॉलर के पार

नयी दिल्ली। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इससे वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मान्यता मिलती है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी सहित एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1,033.40 अरब अमेरिकी डॉलर रही। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 25 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस मार्ग से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 प्रतिशत), अमेरिका (10 प्रतिशत), नीदरलैंड (सात प्रतिशत), जापान (छह प्रतिशत), ब्रिटेन (पांच प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत) और केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस की हिस्सेदारी रही। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान भारत को मॉरीशस से 177.18 अरब अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर से 167.47 अरब अमेरिकी डॉलर और अमेरिका से 67.8 अरब अमेरिकी डॉलर मिले। इनमें से ज्यादातर निवेश सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, ऑटोमोबाइल, रसायन और दवा क्षेत्र में आया।


# भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए ज्ञानेंद्रियां खोलने की जरूरत : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि आधुनिक भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए कुछ लोगों को अपने ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता है।

श्री धनखड़ ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक आकलन कर रही है और इसे आकर्षक स्थान बता रही हैं।

इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दस वर्ष में असाधारण समय देखा है। अकल्पनीय आर्थिक प्रगति और अविश्वसनीय संस्थागत ढाँचा भारत को मिल रहा है। भारत की आवाज बुलंदी पर है। उन्होंने कहा, दुनिया की हम महाशक्ति तो हैं ही पर हमने एक रास्ता चुन लिया है, वह रास्ता चुन लिया है। वह वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना का है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं है। विकसित भारत हमारे सामने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्ति में गीता का ज्ञान ध्यान रखना पड़ेगा।



श्री धनखड़ ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार 700 डालर तक पहुँच गया है। पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या दो करोड़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा,ल्लआज भी भारत में कुछ अज्ञानी हैं। जिनको भारत के वास्तविक स्वरूप का नहीं पता है। उनको अपनी ज्ञानेंद्रियां खोलनी चाहिए, उनको देखना चाहिए कि आज का भारत वह भारत है जिसकी प्रशंसा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे संस्थान उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लगातार निवेश बढ़ रहा है और नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी की सफलता से दुनिया दंग रह गई है। कहते थे भारत के अंदर लोग शिक्षित नहीं है। आज के दिन जो आदमी कम शिक्षित व्यक्ति मोबाइल का उपयोग शिक्षित से ज़्यादा करता है। और यही कारण है, कि यदि अगर पर वक्त के हिसाब से इंटरनेट का उपभोग देखें तो हम चीन और जापान से भी आगे हैं। आज के दिन, हमारा लेन देन, पारदर्शिता से हो रहा है, बिजली के बिल के लिए लाइन की दरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज सार्थक संवाद की आवश्यकता है। मतभेद विवाद नहीं बनना चाहिए। मतभेद होंगे, लोगों का दिमाग अलग-अलग तरीके से चलेगा। उन्होंने कहा,ल्लमैं उम्मीद करता हूं कि हमारे संसद सदस्य, हमारे विधानसभा के सदस्य, पंचायत और नगर पालिका में हमारे जनप्रतिनिधि और आपस में हर व्यक्ति, हर संस्था में यह ध्यान रखेगा संवाद सार्थक हो, संवाद का नतीजा व्यक्तिगत हित में नहीं है, समाज हित में होना चाहिए, देश हित में होना चाहिए। कोई भी हित समाज और राष्ट्रीय से बड़ा नहीं है और राष्ट्रीय ही सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन देश के सामने कुछ ऐसे संकट आ रहे हैं। कुछ ताकतें हैं देश में और विदेश में वे संगठित रूप से धन बल के आधार पर नैरेटिव बढ़ा कर यंत्र तंत्र का उपयोग कर भारत को चोट पहुंचाना चाहते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था को चोट करना चाहते हैं, हमारी संस्थाओं को निष्क्रिय करना चाहते हैं। अब ऐसी ताकतों को नजरंदाज़ नहीं किया जा सकता।

## जयशंकर ने दोहा में, कतर और साइप्रस के विदेश मंत्री के साथ की वार्ता

एजेंसी

दोहा/नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कतर की राजधानी दोहा में वहां के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी, विश्व आर्थिक मंच के कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बोरगे ब्रेंडे और साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस से मुलाकात की।

श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ल्लआज दोहा में कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री अल थानी से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों तथा उन्हें और मजबूत करने के चल रहे प्रयासों पर एक उपयोगी चर्चा हुई। गाजा, सीरिया और क्षेत्र में विकास के मुद्दे पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, श्री ब्रेंडे के साथ अपनी मुलाकात को लेकर उन्होंने लिखा, ल्लआज दोहा में डब्ल्यूईएफ के सीईओ बोरगे ब्रेंडे के साथ अच्छी बातचीत हुई। वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने साइप्रस के विदेश मंत्री से हुयी मुलाकात को लेकर पोस्ट किया, आज साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस से मिलकर खुशी हुई। भूमध्य सागर में विकास के साथ-साथ हमारी द्विपक्षीय साझेदारी के बारे में बात की। डॉ. जयशंकर ने कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी से भी मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, ''आज दोहा फोरम के अवसर पर कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी और राज्य मंत्री अहमद अल सईद से मिलकर प्रसन्नता हुई। उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री और नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे के साथ 'एक नए युग में संघर्ष समाधान' विषय पर दोहा फोरम पैनल चर्चा में भी भाग लिया। उन्होंने कहा, आज दोहा में दोहा फोरम पैनल में कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री अल थानी और नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे के साथ एक नए युग में संघर्ष समाधान विषय पर चर्चा में भाग लेकर प्रसन्नता हुई। जैसे-जैसे हमारे आसपास संघर्ष बढ़ रहे हैं।

## दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने की साजिश भाजपा ने रची : सिसोदिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने का आरोप लगते हुए रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा फिर अपनी गंदी राजनीति पर उतारू हो गई है।

'आप' के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के एक पुराने ट्वीट को साझा करते हुए कहा, हरदीप पुरी का ट्वीट इस बात का सबूत है कि दिल्ली में रोहिंग्या को लाने और बसाने की साजिश भाजपा ने खुद रची। इन्हीं लोगों ने उन्हें ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा और सभी सुविधाएं देकर यहां बसाया। सामने से नफरत फैलाओ और पीछे से रोहिंग्या को बसाओ, यही है भाजपा की गंदी और धोखेबाज़ राजनीति। दिल्लीवालों को गुमराह करना बंद करो! आपकी दोहरी चालें अब नहीं चलेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, भाजपा वालों को अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने की इतनी जल्दी थी कि यह याद नहीं रहा कि रोहिंग्या को दिल्ली में कौन लाया, किसने बसाया, कहां बसाया! लेकिन सच्चाई की ख़ास बात है कि वो सामने आ ही जाती है। और आज दिल्लीवालों के सामने सच्चाई हरदीप पूरी के इस ट्वीट से आ गई है। 'आप'के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, हरदीप पूरी का ट्वीट पढ़िए। आपको पता चल जाएगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया?

कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा,ल्लप्रधानमंत्री के चहेते केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी का ये बयान पढ़िए। रोहिंग्या घुसपैठियों की सबसे ज़्यादा चिंता मोदी सरकार को है। अब आपको पता चल गया होगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया। उल्लेखनीय है कि 'आप' नेताओं ने श्री पुरी के अगस्त 2022 के एक ट्वीट को साझा करके भाजपा पर हमला किया है। उस ट्वीट में कहा गया,ल्ल भारत ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है जिन्होंने देश में शरण मांगी है। एक महत्वपूर्ण फैसले में सभी रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में शिफ्ट किया जाएगा। उन्हें बुनियादी सुविधाएं, यूंएनएचसीआर आईडी और 24 घंटे दिल्ली पुलिस की सुरक्षा दी जाएगी।

## वायु सेना कमांडरों से मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता विकसित करने का आह्वान

### पश्चिमी वायु कमान के दो दिवसीय सम्मेलन में वायु सेना प्रमुख को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

एजेंसी

नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पश्चिमी वायु कमान के कमांडरों के साथ बातचीत में मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की है। उन्होंने भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

वायु सेना प्रमुख पश्चिमी वायु कमान (डब्ल्यूएसी) के कमांडरों के दो दिवसीय सम्मेलन में 6-7 दिसंबर को नई दिल्ली में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डब्ल्यूएसी के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर



मार्शल पीएम सिन्हा ने उनकी अगवानी की और उनके आगमन पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

सम्मेलन के दौरान सीएएस ने कमांडरों के साथ बातचीत में मल्टी-डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने इस वर्ष की थीम 'भारतीय वायु सेना : सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर' पर जोर दिया और भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की जरूरत पर बल दिया, जिसमें बेहतर प्रशिक्षण और योजना के माध्यम से परिचालन क्षमता में वृद्धि की जा सके। उन्होंने नए शामिल किए गए उपकरणों का शीघ्र संचालन, सुरक्षा और संरक्षा तथा सभी स्तरों पर नेतृत्व क्षमता के विकास पर जोर दिया, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार होकर मजबूत बल बन सकें। सीएएस ने अपने संबोधन में भारत और विदेश दोनों में राहत एवं बचाव कार्यों (एचएडीआर) के लिए सबसे पहले तैयार रहने?, उच्च परिचालन उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए 'दुर्जेय लड़ाकू बल' बने रहने तथा हमेशा 'मिशन, अखंडता और उत्कृष्टता' के वायु सेना के मूल मूल्यों को सर्वोपरि रखने के लिए डब्ल्यूएसी की भूमिका को सराहा।

## पेज एक का शेष

### पराली जलाने ...

महाराजगंज में 468, झांसी में 151, कुशीनगर में 118 और फतेहपुर में 111 में दर्ज की गईं। इन जिलों ने बेहतर प्रबंधन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश में साढ़े सात वर्ष पहले पराली जलाने की समस्या जो लंबे समय से पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनी हुई थी, आज पूरी तरह से नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री योगी सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है।

### सीरिया में गृहयुद्ध...

व्यक्त नहीं कर सकता। उन्होंने (असद ने) और उनके पिता ने हमें कई साल तक जिस डर में रहने को मजबूर किया और जिस दहशत एवं आतंक की स्थिति में मैं जी रहा था, मुझे उस पर यकीन नहीं होता। दाहेर ने कहा कि उनके पिता को सुरक्षा बलों ने मार दिया था और उनके भाई को हिरासत में ले लिया गया था और यह नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ। उन्होंने कहा कि असद ''एक अपराधी, तानाशाह और जानवर है। मध्य दमिश्क में एक अन्य व्यक्ति गजल अल-शरीफ ने कहा, ''राष्ट्रपति पर और पूरे असद परिवार पर धिक्कार है। दमिश्क में 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) के एक पत्रकार ने बताया कि उसने राजधानी के बाहरी इलाके में सड़क के किनारे हथियारबंद निवासियों के समूहों को देखा और गोलियों की आवाजें सुनीं। शहर का मुख्य पुलिस मुख्यालय खाली प्रतीत होता है, उसका दरवाजा खुला था और बाहर कोई अधिकारी नहीं था। 'एपी' के एक अन्य पत्रकार ने खाली पड़ी सेना चौकी के फुटेज लिए जिसमें असद के पोस्टर के नीचे जमीन पर वर्दियां पड़ी दिख रही हैं। विपक्ष से जुड़े मीडिया पर प्रसारित फुटेज में राजधानी के केंद्र में स्थित एक चौराहे पर एक टैंक और लोगों का एक छोटा समूह जश्न मनाने के लिए एकत्र हुआ नजर आ रहा है। मस्जिदों से ''अल्लाह-हू-अकबर'' की आवाजें सुनाई दे रही हैं। यह 2018 के बाद पहली बार है जब विद्रोही दमिश्क के भीतर पहुंच गए। सीरियाई सैनिकों ने वर्षों की घेराबंदी के बाद 2018 में राजधानी के बाहरी इलाकों पर फिर से कब्जा कर लिया था। सरकार समर्थक 'शाम एफएम रेडियो' ने बताया कि दमिश्क हवाई अड्डे को खाली करा लिया गया है और सभी उड़ानें रोक दी गई हैं। विद्रोहियों ने यह भी घोषणा की कि वे राजधानी के उत्तर में स्थित सैदनाया सैन्य जेल में घुस गए हैं और उन्होंने वहां से कैदियों को ''मुक्त'' करा लिया है। इस बीच, जो संगठन पहले असद सरकार के करीबी थे, उन्होंने उनसे दूरी बनाने का प्रयास किया। सरकार समर्थक रहे 'अल-वतन' समाचार पत्र ने लिखा, ''हम सीरिया के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत देख रहे हैं। हम अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने और ज़्यादा खून नहीं बहाया। हमारा मानना ??है और हमें भरोसा है कि सीरिया सभी सीरियाई लोगों के लिए होगा।' समाचार पत्र ने यह भी कहा कि अतीत में सरकारी बयानों को प्रकाशित करने के लिए मीडियाकर्मियों को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। उसने कहा, ''हमने केवल निर्देशों का पालन किया और जो समाचार उन्होंने हमें भेजे थे, हमने उन्हें प्रकाशित किया। यह जल्द ही स्पष्ट हो गया कि यह झूठ था। असद से समर्थक रहे अलावी संप्रदाय ने एक बयान में सीरिया के युवाओं से ''शांत, तर्कसंगत और विवेकपूर्ण व्यवहार करने तथा हमारे देश की एकता को तोड़ने वाली चीजें नहीं करने'' का आह्वान किया। इससे एक रात पहले सरकारी बल सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स से पीछे हट गए जिसके बाद विपक्षी बलों ने इस पर कब्जा कर लिया। यह शहर, राजधानी दमिश्क और सीरिया के तटीय प्रांतों लताकिया और टारटस के बीच स्थित है। ये प्रांत सीरियाई नेता का गढ़ हैं और यहां रूस का नौसैनिक अड्डा भी है। विद्रोहियों ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने होम्स पर कब्जा कर लिया है। विद्रोहियों ने 27 नवंबर से शुरू हुए हमलों के बाद से अलेप्पो और हमा शहरों के साथ-साथ दक्षिण के बड़े हिस्से पर पहले ही कब्जा कर लिया था। दमिश्क में विद्रोहियों के पहुंचने से पहले शनिवार को सीरियाई सेना दक्षिणी सीरिया के ज्यादातर हिस्सों से पीछे हट गई जिसके कारण दो प्रांतीय राजधानियों समेत देश के अधिकांश क्षेत्र विपक्षी लड़ाकों के नियंत्रण में आ गए। सीरिया के विद्रोही गुट 'जिहादी हयात तहरीर अल-शाम' समूह (एचटीएस) प्रमुख अबू मोहम्मद अल-गोलानी ने बृहस्पतिवार को सीरिया से 'सीएनएन' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा था कि इस हमले का उद्देश्य असद की सरकार को सत्ता से बेदखल करना है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने सीरिया में ''व्यवस्थित ढंग से राजनीतिक बदलाव'' सुनिश्चित करने के लिए जिनेवा में तत्काल वार्ता का आह्वान किया है। उन्होंने कतर में वार्षिक दोहा फोरम में पत्रकारों से कहा कि सीरिया में स्थिति हर पल बदल रही है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि उन्हें ''सीरियाई लोगों के लिए खेद है।'' रूस असद का मुख्य अंतरराष्ट्रीय समर्थक है। दमिश्क में लोगों ने आवश्यक वस्तुएं एकत्र करनी शुरू कर दी हैं। हजोरों लोग देश छोड़ने की कोशिश में लेबनान से सटी सीरिया की सीमा पर गए लेकिन लेबनानी सीमा अधिकारियों ने शनिवार देर रात मुख्य मस्ना सीमा को बंद कर दिया। एक स्थानीय निवासी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि राजधानी में कई दुकानें बंद हैं और जो खुली हैं उनमें चीनी जैसी जरूरी वस्तुएं भी खत्म हो गई हैं। कुछ दुकानदार सामान्य कीमत से तिगुनी कीमत पर सामान बेच रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि वह अपने गैर-महत्वपूर्ण कर्मचारियों को एहतियात के तौर पर देश से बाहर भेज रहा है। इस बीच, अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि अमेरिका को सीरिया में सैन्य कार्रवाई से बचना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''यह हमारी लड़ाई नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कैलिफोर्निया में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''अमेरिका सीरियाई गृहयुद्ध के बीच सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने भी ''अपनी रक्षा के लिए आवश्यक अन्य स्थानों'' पर सेना भेजी है और सेना की यह तैनाती इजराइली-नियंत्रित 'गोलान हाइट्स' के निवासियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए की गई है। उसने साथ ही कहा कि वह ''सीरिया के आंतरिक घटनाक्रम में हस्तक्षेप नहीं कर रहा।'' इजराइल ने 1967 में सीरिया से 'गोलान हाइट्स' को अपने कब्जे में ले लिया था। सीरिया में विद्रोहियों के अप्रत्याशित हमले की शुरुआत 27 नवंबर को हुई थी जब बंदूकधारियों ने सीरिया के सबसे बड़े उत्तरी शहर अलेप्पो और देश के चौथे सबसे बड़े शहर हमा पर कब्जा कर लिया था। असद की सरकार के रविवार को गिरने के साथ ही सत्ता पर काबिज रहने के उनके लगभग 14 साल के संघर्ष का नाटकीय अंत हो गया। सीरियाई गृहयुद्ध में लगभग पांच लाख लोग मारे गए हैं और देश की आधी आबादी विस्थापित हो गई है। जैसे-जैसे विद्रोह गृहयुद्ध में तब्दील होता गया, लाखों सीरियाई लोग सीमा पार करके जॉर्डन, तुर्किये, इराक और लेबनान और यूरोप की ओर भाग गए।

### किसानों का...

सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे। शंभू बॉर्डर पर किसानों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी और अन्य मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर किसानों ने रविवार को पंजाब-हरियाणा सीमा पर शंभू प्रोटेस्ट साइट से दिल्ली तक अपना मार्च फिर से शुरू करने की कोशिश की। हालांकि, हरियाणा पुलिस ने किसानों को कुछ ही मीटर की दूरी पर रोक दिया। प्रदर्शनकारी किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़पें भी हुईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

### बिजलीकर्मियों के...

अग्रवाल, जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतीश पांडे व महामंत्री रामकुमार धानुक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष एसपी तिवारी, उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रामराज दुबे, उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फ़ेडरेशन के पवन कुमार, अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के संरक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, अटेवा के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के महामंत्री रिंकू राय, उत्तर प्रदेश फार्मासिस्ट संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव, एटक के महामंत्री चंद्रशेखर, सीटू के अध्यक्ष रवि मिश्रा व महामंत्री प्रेमनाथ राय, हिंद मजदूर सभा के महामंत्री उमाशंकर मिश्र, इंटक के सचिव दिलीप श्रीवास्तव, एआईसीसीटीयू के अध्यक्ष विजय विद्रोही व राज्य सहसचिव केएमएस मगन, टीयूसीसी की सचिव डा. आरती, एआईयूटीयूसी के सचिव बालेंद्र कटियार, सेल्फ इम्पलाईज वुमेन एसोसिएशन (सेवा) की महामंत्री फरीदा जलीस, सर्वजन हिताय संरक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी. विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष तिवारी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष महेश मिश्रा, उत्तर प्रदेश पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश जयसवाल सामने आए।

### बीएसएफ ने देश...

बनने के बाद और ज़्यादा स्पष्ट किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में सीमावर्ती क्षेत्रों में मज़बूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, गांवों में कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और सीमा पर स्थित देश के प्रथम गांवों में रेल, रोड़, वाटर-वे और तकनीक की दृष्टि से अच्छी कनेक्टिविटी स्थापित करने का काम किया गया है। शाह ने कहा कि लैंड पोर्ट के माध्यम से कानूनी व्यापार और लोगों के बीच संपर्क को भी आगे बढ़ाया है। बांग्लादेश के साथ लगती 591 किलोमीटर सीमा पर बाड़ लगाने का काम किया गया है। 1159 किलोमीटर सीमा पर फ्लड लाइट लगाई गई हैं, 573 बॉर्डर आउटपोस्ट और 579 ऑब्जरवेशन पोस्ट बनाए गए हैं। इसके अलावा 685 स्थानों पर बिजली कनेक्शन, 575 पानी के कनेक्शन और 570 जगह पर सोलर प्लांट बनाकर बिजली की व्यवस्था की गई है। लगभग 1812 किलोमीटर के दुर्गम क्षेत्र में सीमा सड़क निर्माण और इनके माध्यम से गांवों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 4800 करोड़ रुपये के बड़े बजट के साथ प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया गया वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम है। इसके तहत देश की उत्तरी सीमा पर कई गांवों को वायब्रेंट विलेज बनाया गया है, विशेषकर उन गांवों में जहां पर पलायन की समस्या थी। ऐसे गांवों में हर प्रकार की कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सुविधाएं और वहां के नागरिकों को सम्मान, रोजगार और बेसिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई प्रकार के काम किए गए हैं। शाह ने कहा कि लगभग 3000 गांवों में प्रायोगिक स्तर पर वायब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसे बाद में देश की सीमा के हर गांव तक पहुंचाया जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल द्वारा ओखा में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस अकादमी की स्थापना की गई है। इसके साथ ही मोदी सरकार संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली लाई है। सीमा सुरक्षा बल में कॉम्प्रिहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धुबरी में स्थापित किया गया है। इसमें कुछ सुधार कर पाकिस्तान और बांग्लादेश की पूरी सीमा पर लागू किया जाएगा। शाह ने कहा कि बॉर्डर फेंस को सुदृढ़ करने और भारत की ओर सीमा पर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ कई और इंफ्रास्ट्रक्चर के काम किए गए हैं। ड्रोन समस्या का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में यह और बड़ी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसका आंकलन कर होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच के साथ देश की सभी सीमाओं की सुरक्षा कर रहे सभी सीमा सुरक्षा बलों, रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ और भारत सरकार के अनुसंधान में लगे सभी विभागों ने मिलकर एक लेजरयुक्त एंटी ड्रोन गन माउंट प्रणाली बनाई है। पंजाब के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 55 फीसदी ड्रोन हमलों को निरस्त कर ड्रोन को गिराया गया है, जो पहले तीन प्रतिशत के आसपास था। गृह मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कुछ ही वर्षों में एक संपूर्ण ड्रोन निरोधी यूनिट बनाई जाएगी जो ड्रोन के कारण आने वाले खतरों से देश को सुरक्षित करेगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारे जवान अपने जीवन का स्वर्णिम काल अपने परिवार, बच्चों से दूर रहकर बहुत कठिन परिस्थितियों में बिताते हैं। उन्होंने कहा कि जवानों के इस बलिदान, समर्पण और देशभक्ति की पूरा देश सराहना भी करता है इनके प्रति सम्मान भी व्यक्त करता है। हर प्रकार के मौसम और परिस्थितियों में हमारे बलों के जवानों ने बहुत अच्छे तरीके से अपनी ड्यूटी निभाई है। ये जवान देश की पहली रक्षा पंक्ति के रूप में खड़े होकर देश की सुरक्षा करते हैं और प्राकृतिक आपदा, आतंकवादी हमलों या फिर वामपंथी उग्रवाद, सबके खिलाफ मज़बूती से लड़कर नागरिकों की सुरक्षा करते हैं। हमारे जवानों का हर कदम, संघर्ष और जीत पूरे देश को अहसास दिलाते हैं कि भारत अजेय है और इसे कोई पराजित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों के मन में अजेय होने के इस विश्वास का पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हमारे जवानों को जाता है। गृह मंत्री ने कहा कि इन जवानों के समर्पण और बहादुरी के बिना प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक एक पूर्ण विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव है और सिर्फ हमारे जवानों की वीरता, समर्पण, त्याग और बलिदान ही इसे संभव बना सकते हैं। शाह ने कहा कि देश के सुरक्षाबलों के जवानों के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान सीएपीएफ के माध्यम से 41 लाख 21 हजार 443 जवानों और उनके परिजनों को आयुष्मान कार्ड दिए गए हैं। देश के हज़ारों अस्पतालों को इस कार्ड के साथ जोड़कर जवानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता करने का काम मोदी ने किया है। अब तक कुल 1600 करोड़ रुपये के 14.83 लाख दावों का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही 29890 अस्पतालों में जवानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता कैशलेस तरीके से की गई है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाउसिंग सेटिस्फ़ेक्शन रेश्यो बढ़ाने के लिए पिछले पांच साल में 13000 घरों को मंज़ूरी दी गई है और गत पांच साल में मंज़ूर किए गए 11000 घरों को बनाने का काम पूरा कर दिया गया है। इसके साथ-साथ, 111 बैरक बनाए गए हैं और सीएपीएफ ई-आवास वेब पोर्टल के माध्यम से खाली पड़े घरों को आवंटित करने का काम भी किया गया है।

### महाकुंभ में प्रयागराज...

ट्रेलिंग के माध्यम से वाराणसी झूसी रेलखंड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद महाकुंभ की तैयारी को लेकर रेलवे व राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ प्रयागराज में बैठक करेंगे।

### युवाओं में सामर्थ्य ...

टेलीफोन के कूपन बिकते थे, लैंडलाइन टेलीफोन के लिए सिफारिश होती थी लेकिन 5 जी स्वीकार करने के बाद अब सिक्स जी की तैयारी चल रही है। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, महापौर प्रमिला पांडेय, कुलाधिपति डॉ. सूरज बीएस कुशवाहा, कुलपति जनार्दन अमरनाथ, मुख्य संरक्षक रमा कुशवाहा, निदेशक डॉ. प्रणव सिंह, प्रतीक सिंह आदि की मौजूदगी रही।

# चारों धामों की शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ

## धार्मिक पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा उत्तराखंड, आर्थिकी भरेगी उड़ान राज्य में आस्था, रोजगार और धार्मिक पर्यटन का नया अध्याय : धामी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के चार धामों के दर्शन अब श्रद्धालु अब शीतकाल में भी कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने तमामव्यवस्थाएं कर रखी हैं। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचकेदारों के गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से चारों धामों की शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के पहले दिन ही उखीमठ में श्रद्धालुओं की खासी संख्या देखने को मिली, जिससे यात्रा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन के साथ अब शीतकालीन यात्रा से श्रद्धालुओं को न केवल चारों धामों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसायियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शीतकालीन यात्रा के दौरान चारों धामों में दर्शन के लिए अवश्य आएं और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार आदि उपस्थित थे। शीतकालीन चारधाम यात्रा की पहल का तीर्थ पुरोहितों स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि पूरे वर्षभर श्रद्धालुओं को चारों धामों में दर्शन का अवसर मिलेगा और यह धार्मिक पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय निवासी भी इस यात्रा को लेकर खुश नजर आए और उन्होंने इसे पर्यटन के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री धामी की सरकार की कार्यशैली में तत्परता और प्रतिबद्धता दिखाई देती है। शीतकालीन यात्रा का आयोजन सरकार की योजनाओं और प्रशासन की तत्परता का एक उदाहरण है, जो श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर काम कर रही है। धार्मिक पर्यटन व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे धार्मिक पर्यटन राज्य की आर्थिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शीतकालीन यात्रा के शुभारंभ से स्थानीय व्यवसायों को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। धार्मिक पर्यटन न केवल एक धार्मिक कर्तव्य का हिस्सा है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। शीतकालीन यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को पूरे साल चारों धामों के दर्शन का अवसर प्रदान करना है, जो धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा।

# जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि मंत्री जोशी ने याद किया योगदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत को उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने जनरल रावत को देश का गौरव बताते हुए उनकी वीरता और सेना के आधुनिकीकरण में अहम योगदान को याद किया।

रविवार को कनक चौक में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री धामी की ओर से जनरल रावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनरल रावत ने उत्तराखंड के युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए लंबाई में छूट दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी दूरदृष्टि के कारण आज उत्तराखंड के कई युवा सशस्त्र सेना में सेवा कर रहे हैं।

मंत्री जोशी ने आगे कहा कि जनरल रावत ने सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की थीं। उनके नेतृत्व में सेना ने सीमांत क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए।उन्होंने बताया कि जनरल रावत की यादों को सहेजने के लिए गुनियाल गांव में बन रहे सैन्यधाम का मुख्य द्वार उनके नाम पर समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृतलाल लाल, ले.जनरल जे.एस. नेगी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीरेंद्र भट्ट, पूर्व सैनिक दिनेश प्रधान, शमशेर बिष्ट, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, आशीष थापा, अंकित जोशी, टीडी भोटिया, चुन्नी लाल सहित कई लोग ने जरनल रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# संक्षिप्त समाचार

### विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने की तैयारी, यूपीसीएल हाईअलर्ट मोड पर

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने राज्य में सर्दियों के दौरान प्रमुख तीर्थाटन और पर्यटन स्थलों पर सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ तीर्थयात्रियों को बेहतर सेवा देने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में यूपीसीएल हाईअलर्ट मोड पर है। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थल जैसे मसूरी, औली, लैंसडाउन, जोशीमठ, धनोल्टी, ऋषिकेश, हरिद्वार, चमोली, चकराता, राजाजी नेशनल पार्क और चारों धामों के पूजा स्थलों पर बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने के लिए निर्देश जारी किए हैं।प्रबंध निदेशक ने बताया कि पर्यटन स्थलों से संबंधित सभी उपसंस्थानों, एचटी/एलटी लाइनों और स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की निगरानी नियमित रूप से की जा रही है। साथ ही आकस्मिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक विद्युत सामग्री जैसे कंडक्टर, केबल, पोल, ट्रांसफार्मर की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार के विद्युत व्यवधान को तुरंत ठीक किया जा सके।इसके अतिरिक्त सभी अधीक्षण अभियंता और अधिषासी अभियंता को अपने क्षेत्र में 33/11 केवी उपसंस्थानों और 11 केवी फीडरों का निरीक्षण कर हाई अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### गडकरी व नायब सैनी के अमृतसर दौरे का विरोध करेंगे किसान, पुलिस मुस्तैद

चंडीगढ़। शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे किसान नेताओं ने रविवार को अमृतसर आ रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के विरोध का ऐलान किया है। किसान आज दोपहर दिल्ली कूच करेंगे। इस बीच किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) का विरोध प्रदर्शन 300वें दिन में प्रवेश कर गया है। केंद्र सरकार अभी भी अड़ी हुई है। केंद्र की तरफ से बातचीत का कोई न्यौता किसानों को नहीं दिया गया है। पंधेर ने कहा कि हमने एक और बड़ी घोषणा की कि हम पंजाब में भाजपा नेताओं के प्रवेश का विरोध करेंगे। पंधेर ने कहा कि पता चला है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी आज सहकार भारती के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अमृतसर जा रहे हैं। हम पंजाब के किसानों से राज्य में उनके प्रवेश का विरोध करने का आह्वान करते हैं। पंधेर ने कहा कि आज पंजाब के कई जिलों से किसान दिल्ली कूच के लिए शंभू बार्डर पर आ सकते हैं। पंजाब में आने वाले हरियाणा व केंद्र के नेताओं का विरोध किया जाएगा। किसान नेताओं के इस ऐलान के बाद अमृतसर में सहकार भारती समारोह स्थल की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है।

### प्रधानमंत्री सोमवार को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार 9 दिसंबर को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 9 दिसंबर को जयपुर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद हरियाणा जाएंगे और दोपहर करीब 2 बजे पानीपत में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करेंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की यह पहल 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है, जो दसवीं कक्षा पास हैं। वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वजीफा दिया जाएगा।

# सद्विचार से राष्ट्र का जागरण संभव :चंपत राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि हमें अपने समाज को अखंड बनाए रखने के लिए सदैव अपनी परंपराओं, जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारी पहचान हैं और इन्हीं के माध्यम से हम समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। तभी समाज और राष्ट्र का जागरण संभव है।

श्री राय यहां देवसंस्कृति विश्व विद्यालय के मृत्युंजय सभागार में आयोजित ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में उप्र के विभिन्न जिलों से एक हजार से अधिक गायत्री परिवार के कर्मठ व सक्रिय कार्यकर्त्तागण शामिल हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव श्री चंपतराय जी ने कहा कि जो समाज से कट गया, उसका पतन होते हुए चला जाता है।



इससे पूर्व देसंविवि के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति के साथ मिलकर कार्य करना सबसे बड़ा सौभाग्य है, क्योंकि हम भगवान की दिव्य प्रेरणा से उनके कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना श्रम, समय लगा रहे हैं। यह समय वास्तव में अकल्पनीय सौभाग्य लेकर आया है, क्योंकि आज हम सब मिलकर युगऋषि पूज्य आचार्यश्री द्वारा प्रज्वलित दिव्य अखण्ड ज्योति के प्रकाश से जन-जन को आलोकित करने जा रहे हैं। ज्योति अब ज्वाला बन सम्पूर्ण राष्ट्र को प्रकाशित करने जा रही हैं। उप्र के परिवहन राज्यमंत्री श्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार का नारा हम बदलेंगे, युग बदलेगा अब चरितार्थ होते दिखाई दे रहा है। वहीं सायंकालीन सभा में शांतिकुंज व्यवस्थापक श्री योगेन्द्र गिरी, प्रो विश्वप्रकाश त्रिपाठी आदि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। डॉ पण्ड्या ने श्री चंपत राय एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, ब्रिटेन के स्वामी राजेश्वर जी, गुजरात के पूर्व डीआईजी डी.जी. वंजारा, अपर निदेशक राजेश अहिरवार को गायत्री महामंत्र लिखित उपवस्त्र, स्मृति चिह्न, युग साहित्य आदि भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. पण्ड्या एवं अतिथियों ने युगऋषि पूज्य आचार्यश्री की आकृति में होलोग्राम आदि का विमोचन भी किया।

# हरिद्वार में अनूठे मंदिर का शिलान्यास, यहां होंगे 51 शक्तिपीठ और द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार जल्द ही विश्व की सबसे भव्य और अनूठी आध्यात्मिक धरोहर का केंद्र बनने जा रही है। यहां 51 शक्तिपीठ और द्वादश ज्योतिर्लिंग एक ही स्थान पर स्थापित की योजना है, जो दुनियाभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व संगम होगा। लगभग 35 करोड़ की लागत से बनने वाला यह मंदिर भारतीय संस्कृति और धार्मिक एकता का ऐसा प्रतीक होगा, जो संपूर्ण विश्व में अपनी मिसाल कायम करेगा।रविवार को हरिद्वार के श्यामपुर और कांगड़ी क्षेत्र में संत ललितानंद गिरि महाराज व समाजसेवी देवराज पवार ने भूमि पूजन कर इस अद्वितीय मंदिर की आधारशिला रखी। भूमि पूजन के अवसर पर शक्त अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पीठाधीश्वर श्यामा नंद महाराज भी उपस्थित रहे। इस परियोजना की कुल लागत 35 करोड़ आंकी गई है, जिसे जनसहयोग और श्रद्धालुओं के दान से पूरा किया जाएगा।इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि देवी सती के 51 अंगों से जुड़े शक्तिपीठ, जो भारत और अन्य देशों में स्थित हैं, यहां एक ही स्थान पर स्थापित होंगे। इस मंदिर में भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन भी इसी मंदिर में हो सकेंगी।पूरी दुनिया में ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहां देवी के सभी शक्तिपीठ और भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग एक साथ स्थापित हों। समर्पण और सहयोग की अपीलआचार्य ललितानंद ने इस मंदिर निर्माण को जनसहयोग पर आधारित बताया और देशवासियों से इसे साकार करने में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक होगा, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच बनेगा।

आध्यात्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावायह परियोजना हरिद्वार को धार्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

## निकाय चुनाव की तैयारी! नए वोटरों का जोड़ने का अभियान शुरू

ऋषिकेश। उत्तराखंड में संभावित नगर निगम चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में ऋषिकेश के सभी बूथों पर तीन दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत की गई है। इस शिविर का उद्देश्य वोटर लिस्ट से छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ना और 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करना है।पहले दिन सभी बूथों पर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे, लेकिन लिस्ट में नाम जुड़वाने वाले लोगों की संख्या कम नजर आई। शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन नामावली में सुधार और नए मतदाताओं को जोड़ना है, लेकिन स्थानीय लोगों में उत्साह की कमी देखी गई।

# पौराणिक कोठा भवन जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण

## मुख्यमंत्री धामी ने दोहराया विरासत से विकास का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद के ऊखीमठ स्थित श्री ओमकारेश्वर मंदिर में चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरुआत करने के साथ मंदिर परिसर के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण और पौराणिक महत्व के कोठा भवन के जीर्णोद्धार कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरासत से विकास के संकल्प को दोहराया और निर्माण कार्यों में पौराणिकता का समावेश करने की आवश्यकता पर बल दिया।



इस अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर परिसर के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण और कोठा भवन के जीर्णोद्धार के लिए तीन चरणों में कार्य योजना तैयार की जा रही है। पहले चरण में लगभग पांच करोड़ की लागत से कार्य चल रहा है, जो न्यू इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा कराया जा रहा है।

बीकेटीसी अध्यक्ष ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर के कोठा भवन के जीर्णोद्धार कार्यों की शुरुआत तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों के अनुरोध पर पिछले वर्ष की गई थी। साथ ही उषा-अनिरुद्ध विवाह मंडप के जीर्णोद्धार के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है, ताकि मंदिर को एक प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सके, जैसा प्रधानमंत्री मोदी का विजन है। मुख्यमंत्री धामी ने इस परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि इस कार्य से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित किया जाएगा। अब तक इस कार्ययोजना के तहत पहले चरण में भोग मंडी, भंडार गृह और कीर्तन हाल का निर्माण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में उषा-अनिरुद्ध विवाह मंडप का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जबकि तीसरे चरण में पार्किंग और यात्री सुविधाओं के कार्य किए जाएंगे।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली, दो फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बहादराबाद क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जबकि दो बदमाश फरार होने में कामयाब रहे। बताया जा रहा है कि कार सवार तीन बदमाशों का पीछा करते हुए देहरादून पुलिस की एक टीम हरिद्वार तक आ पहुंची। देहरादून पुलिस की सूचना पर हरिद्वार जिले की पुलिस भी हरकत में आ गई। पुलिस की दोनों संयुक्त टीमों ने बहादराबाद क्षेत्र में बदमाशों को घेर लिया। बदमाशों ने घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर पर गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी के बाद बदमाश को पकड़ लिया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं दो बदमाश फरार होने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।



पुलिस के मुताबिक कार सवार तीन बदमाश चेकिंग के दौरान पुलिस से बचकर हरिद्वार की तरफ फरार हुए थे। एक पुलिस टीम बदमाशों का पीछा करते हुए हरिद्वार पहुंची। दूसरी तरफ, हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि देहरादून की तरफ से बदमाश फरार होकर हरिद्वार की सीमा में दाखिल होने की सूचना पर जिले भर की पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। बहादराबाद क्षेत्र में थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम ने बदमाशों की घेराबंदी की। एक बदमाश को गोली लगी है, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि बदमाश से पूछताछ की जा रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि बदमाश देहरादून में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए निकले थे। दोनों जिलों की पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उनका प्लान नाकाम कर दिया। एसएसपी ने बताया कि रात्रि समय करीब 1 बजे कार सवार 3 व्यक्तियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी पुलिस की फायरिंग में एक बदमाश फरमान निवासी नाकुड सहारनपुर के पैर में गोली लगी है और दो बदमाश जिनके नाम गुल्लू एवं गुलफाम मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल हरिद्वार भेजा गया है। मुठभेड़ में घायल बदमाश पूर्व में आधा दर्जन से अधिक चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं में उत्तर प्रदेश एवं देहरादून और हरिद्वार से जेल जा चुका है। मौके से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, खोखा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त कार एवं तीन फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई हैं।

## पिथौरागढ़ के लेलू में बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का निर्माण अंतिम चरण में, 25 दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद

पिथौरागढ़। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने रविवार को लेलू स्थित श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में 3444.68 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों में गुणवत्ता का उच्चतम स्तर कायम रखने के साथ ही 25 दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा करने की समयसीमा निर्धारित की है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी हॉल से जुड़े शेष लंबित कार्यों की जानकारी अधिकारियों और कार्यदायी संस्था से ली गई। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की ओर से बताया गया कि बहुउद्देशीय हॉल में लगभग 90 फीसद कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बहुउद्देशीय हॉल तक आने वाली सड़क मार्ग के डामरीकरण और पार्किंग निर्माण की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को पार्किंग निर्माण शीघ्र पूर्ण करने और रोड के डामरीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग से समन्वय बनाते हुए जल्द एस्टीमेट प्लान बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल प्रदेश के स्पोर्ट्स इंफ़्रास्ट्रक्चर में मील का पत्थर सिद्ध होगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063